kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-117 ❒ बुधवार, 27 मई 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



वर्तमान स्थिति को देखते हुए मुसलमानों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे स्वयं एहतियाती उपाय करें। (कुर्बानी के) प्रचार से बचें, खासकर सोशल मीडिया पर कुर्बान किए गए जानवरों की तस्वीरें साझा नहीं करें। अरशद मदनी

कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलने की चर्चा को कांग्रेस ने किया खारिज 11

'अपनापन-नरेंद्र मोदी संग मेरे अनुभव' के लोकार्पण में शामिल हुए धामी 12

## संक्षेप

### कम हाजिरी वाले कानून के छात्रों को परीक्षा देने की इजाजत देने वाले फैसले पर सुप्रीम रोक

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है, जिसके तहत कम हाजिरी वाले कानून के छात्रों को परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई थी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) की उस याचिका पर नोटिस जारी करते हुए दिया, जिसमें कानून के छात्रों के लिए जरुरी हाजिरी के दिल्ली उच्च न्यायालय के निर्देशों को चुनौती दी गई थी। अदालत ने अपने आदेश में कहा, ''नोटिस जारी करके 21 जुलाई तक जवाब दें। इस बीच विवादित फैसले के पैराग्राफ 249 का असर और ऑपरेशन रुका रहेगा। यह आगे भी हालांकि लागू रहेगा। पीठ ने स्पष्ट किया कि उसके निर्देश उच्च न्यायालय को उनके सामने लंबित मामलों में हाजिरी की जरूरतों से जुड़े ऐसे ही मामलों पर स्वतंत्र फैसला करने से नहीं रोकेंगे। अदालत ने कहा, ''जहां हाजिरी के मुद्दे पर ऐसे ही मामले लंबित हैं, वहां उच्च न्यायालय सही फैसले ले सकता है।'' अदालत ने यह भी सवाल किया कि बीसीआई ने उच्च न्यायालय के फैसले को पहले चुनौती क्यों नहीं दी।

### सरकारी कैलेंडर में बकरीद का अवकाश बदला, अब 28 को छुट्टी

**लखनऊ।** सरकारी छुट्टियों के कैलेंडर में बकरीद का अवकाश 27 से बदलकर 28 मई कर दिया गया है। इस साल की सरकारी छुट्टियों के लिए राज्य सरकार ने बीते साल 17 नवंबर को कैलेंडर जारी किया था। तब उसमें बकरीद के लिए सार्वजनिक अवकाश 27 मई को तय किया गया था। हालांकि, चंद्र दर्शन की गणना के मुताबिक बकरीद का पर्व 28 मई को मनाया जाना है। लिहाजा सरकारी कैलेंडर में भी अब अवकाश की तारीख बदल दी गई है। सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव एसवीएस रंगा राव ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं।

### अब्बास अंसारी का गनर बिना सूचना गायब, निलंबित

**मऊ।** उत्तर प्रदेश के मऊ सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक अब्बास अंसारी की सुरक्षा में तैनात गनर उपेंद्र कुमार को पुलिस विभाग ने निलंबित कर दिया है। गनर पर बिना विभागीय अनुमति और सूचना के गैर जनपद जाने तथा ड्यूटी में लापरवाही बरतने का आरोप है। अपर पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार ने मंगलवार को बताया कि विधायक अब्बास अंसारी की सुरक्षा के लिए गनर उपेंद्र कुमार की तैनाती की गई थी। विधायक के भ्रमण के दौरान यह पाया गया कि संबंधित गनर अपनी ड्यूटी पर मौजूद नहीं था और बिना किसी सूचना के जिले से बाहर चला गया था। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस नियमों के अनुसार बिना अनुमति ड्यूटी छोड़कर जाना गंभीर लापरवाही और नियमों का उल्लंघन माना जाता है।

# 'सिर्फ बॉर्डर नहीं, 50 किमी. तक की सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी...'

एजेंसी



## गृहमंत्री अमित शाह का बीएसएफ को संदेश

**बड़ा संदेश**

❒ शाह ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ की सांचू पोस्ट पर प्रहरी सम्मेलन में लिया भाग

बीकानेर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बीकानेर के सीमावर्ती इलाकों का दौरा किया। उन्होंने बीएसएफ के जवानों से बातचीत में कहा कि बीएसएफ को अपनी परंपरागत ड्यूटी से आगे बढ़कर नए सुरक्षा आयामों पर काम करना होगा।

गृहमंत्री अमित शाह ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ की सांचू पोस्ट पहुंचकर प्रहरी सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने यहां कहा कि पचास किलोमीटर तक असामान्य गतिविधियों पर नजर रखें। बीएसएफ की जिम्मेदारी है कि सीमा से लगे 50 किलोमीटर के गांवों में होने वाले किसी भी अवैध निर्माण की जानकारी सिविल प्रशासन और पुलिस को दें। शाह ने बीकानेर में महिला बैरकों के ई-उद्घाटन के दौरान कहा कि सीमा पर निगरानी पर्याप्त नहीं है बल्कि सीमा से पचास किलोमीटर तक की क्षेत्रीय सुरक्षा पर भी ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि अगर सीमावर्ती गांवों की आबादी में अस्वाभाविक बदलाव दिखे तो राज्य सरकार को तुरंत सतर्क किया जाए। गृहमंत्री ने ड्रोन के जरिए हो रही हथियार और नारकोटिक्स तस्करी को बड़ा खतरा बताया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार अगले छह महीने में ड्रोन रोधी सिस्टम लगाने की शुरुआत करेगी। शाह ने कहा कि ड्रोन भारत की जमीन पर उतरता है, उसे कौन रिसीव करता है और सामग्री का इस्तेमाल कौन करता है। इस पर हमारी पैनी नजर होनी चाहिए। अमित शाह ने कहा कि बीएसएफ, सेना, नागरिकों और राज्य सरकार मिलकर फोर लेयर सुरक्षा ग्रिड तैयार करेंगे। इसे सिर्फ फोर लेयर सिक्योरिटी नहीं, ● शेष पेज 11 पर

## जनसंख्या बदलाव पर उच्च स्तरीय समिति का गठन, न्यायमूर्ति नावलेकर होंगे अध्यक्ष

नयी दिल्ली। पड़ोसी देशों से घुसपैठ के कारण जनसंख्या में हो रहे बदलाव को बेहद गंभीरता से ले रही सरकार ने सेवानिवृत न्यायाधीश , न्यायमूर्ति प्रकाश प्रभाकर नावलेकर की अध्यक्षता में जनसंख्या में बदलाव पर उच्च स्तरीय समिति का मंगलवार को गठन कर दिया। समिति में जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण के साथ सेवानिवृत आईएएस अधिकारी दुर्गा शंकर मिश्रा, सेवानिवृत आईपीएस बालाजी श्रीवास्तव और अर्थशास्त्री डॉ. शमिका रवि को समिति का सदस्य बनाया गया है। गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव (विदेशी-1) अनिल सुब्रमण्यम को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से इस समिति के गठन की घोषणा की थी।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पर इस समिति के गठन की घोषणा की। उन्होंने एक पोस्ट में कहा ,'' घुसपैठ और अन्य कारणों से जनसंख्या में आ रहे अस्वाभाविक बदलाव किसी भी राष्ट्र के वर्तमान और भविष्य के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है। इसी चुनौती से निपटने के लिए पिछले वर्ष 15 अगस्त को प्रधानमंत्री ने 'जनसंख्या बदलाव पर उच्च स्तरीय समिति' का गठन करने की घोषणा की थी। मुझे बताते हुए हर्ष हो रहा है कि सरकार ने इस कमेटी का गठन कर लिया है। श्री शाह ने कहा कि यह समिति न्यायमूर्ति पी पी नावलेकर की अध्यक्षता में बनायी गयी है और गृह मंत्रालय में संयुक्त सचिव (विदेशी-1) को इसका सदस्य सचिव बनाया गया है। गृह मंत्री ने कहा कि जनसंख्या में बदलाव देश की संप्रभुता के साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा, कानून व्यवस्था, सामाजिक संरचना में गंभीर बदलाव और जनजातीय समाज के संरक्षण से जुड़ी एक गंभीर समस्या है। उन्होंने कहा कि यह समिति अवैध प्रवास और अन्य असामान्य कारणों से पूरे भारत में हो रहे जनसंख्या बदलाव का व्यापक मूल्यांकन करेगी और धार्मिक एवं सामाजिक समुदायों के स्तर पर असामान्य जनसंख्या परिवर्तनों के तरीकों का विश्लेषण करने के बाद इसका सुनियोजित और समयबद्ध समाधान बतायेगी। उल्लेखनीय है कि श्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने भाषण के दौरान घुसपैठ के कारण जनसंख्या में होने वाले बदलाव को देश की एकता, संप्रभुता और सामाजिक ताने-बाने के लिए गंभीर चुनौती बताया था।

# बंगाल में अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई तेज, बॉर्डर चेकपोस्टों पर बढ़ी भीड़

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में कथित अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई तेज होने के बीच राज्य की विभिन्न सीमा चौकियों पर बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की खबरें सामने आई हैं। उत्तर 24 परगना और मालदा से सामने आई तस्वीरों और रिपोर्टों से संकेत मिलते हैं कि घुसपैठ के मुद्दे पर प्रशासनिक गतिविधियां बढ़ गई हैं।

उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट सब-डिवीजन स्थित हकीमपुर चेकपोस्ट पर मंगलवार सुबह बड़ी संख्या में बांग्लादेशी पुरुष और महिलाएं एकत्रित हुए। बताया जा रहा है कि ये लोग सीमा पार कर बांग्लादेश लौटना चाहते थे।रिपोर्ट्स के मुताबिक, इनमें से कई लोग पश्चिम बंगाल के विभिन्न इलाकों में रह रहे थे। हाल के दिनों में अवैध प्रवासियों की पहचान, हिरासत और निर्वासन को लेकर प्रशासनिक सख्ती बढ़ने के बाद वे सीमा चौकियों पर पहुंचने लगे हैं। यह घटनाक्रम पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता के उस बयान के बाद चर्चा में आया, जिसमें उन्होंने डिटेक्ट, डिलीट एंड डिपोर्ट नीति की बात कही थी। बीएसएफ अधिकारियों के साथ हुई एक बैठक में सुवेंदु अधिकारी ने कहा था कि जो लोग नागरिकता संशोधन अधिनियम के दायरे में नहीं आते और जिनके दस्तावेज वैध नहीं पाए जाते, उन्हें अवैध प्रवासी माना जा सकता है। हालांकि, इस संबंध में अंतिम कार्रवाई कानून और प्रशासनिक जांच के आधार पर ही की जाएगी। इसी बीच राज्य सरकार ने विभिन्न जिलों में होल्डिंग सेंटर स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू की है। इन केंद्रों का उद्देश्य संदिग्ध विदेशी नागरिकों को अस्थायी रूप से रखना और ● शेष पेज 11 पर



### अवैध बांग्लादेशियों को शुभेंदु ने चेताया, 'जल्दी-जल्दी भागो

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल की शुभेंदु सरकार अवैध बांग्लादेशियों को लेकर एक्शन मोड में आ गई हैं। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने अवैध बांग्लादेशियों को कड़ी चेतावनी दी है। शुभेंदु अधिकारी ने अवैध बांग्लादेशियों को चेताते हुए कहा कि जल्दी-जल्दी भागो। हम इन्हें जेल में रखकर इन्हें खिलाना नहीं चाहते हैं। हमें अपना पैसा इन्हें जेल में रखकर खिलाने में क्यों बर्बाद करना चाहिए? हमने पुलिस से इन्हें सीधे बांग्लादेश भेजने को कह दिया है। शुभेंदु सरकार की ओर से इस संबंध में पश्चिम बंगाल के सभी जिलाधिकारियों को लिखित निर्देश और गाइडलाइंस जारी की गई थी। सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में इन होल्डिंग सेंटरों को बनाने के लिए सही जगह की पहचान करने और आगे की कार्रवाई जल्द से जल्द शुरू करने को कहा है।

# सुप्रीम कोर्ट ने कचरा प्रबंधन को लेकर निगरानी कमेटी बनाई

एजेंसी

❒ कचरे की अवैध डंपिंग-ट्रांसपोर्ट पर कार्रवाई होगी, हर जिले की वेबसाइट पर कलेक्टर देंगे रिपोर्ट



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने ठोस कचरा प्रबंधन नियम के पालन पर राज्यों की रिपोर्ट आने के बाद सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि कचरे की अवैध ट्रांसपोर्ट और अवैध डंपिंग करने वालों की पहचान की जाए। जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए कि ऐसे वाहनों और उनके मालिकों या ऑपरेटरों पर सख्त कार्रवाई करें।

कोर्ट ने कहा कि हर जिले की वेबसाइट पर ठोस कचरा प्रबंधन के लिए अलग पेज बनाया जाए। कलेक्टर इस पेज पर कचरा प्रबंधन की मौजूदा स्थिति, किए जा रहे सुधार और पुराने कचरे की तस्वीरें अपलोड कराएंगे और रिपोर्ट देंगे। सालों से जमा पुराने कचरे के निपटारे की समयसीमा नहीं बढ़ेगी। जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस एसवीएन की बेंच ने कचरा प्रबंधन नियमों की निगरानी के लिए सुप्रीम कोर्ट की कमेटी बनाई है। इसमें केंद्र के पांच मंत्रालयों के सचिव शामिल होंगे, जबकि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव संयोजक होंगे। यह देशभर में नियमों के पालन की निगरानी करेगी, निर्देश देगी और अनुपालन समीक्षा करेगी। यह आदेश भोपाल के डॉ. सुभाष चंद्र पांडेय की याचिका पर सुनवाई के दौरान दिया गया। सुप्रीम कोर्ट ने कचरा प्रबंधन की अहमियत ● शेष पेज 11 पर

## मई में चार बार में छह रुपये महंगी हुई सीएनजी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के शहरों में मंगलवार को सीएनजी दो रुपये प्रति किलोग्राम महंगी हो गयी। दिल्ली और आसपास के शहरों में सीएनजी की आपूर्ति करने वाली सिटी गैस वितरण कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के अनुसार, दिल्ली में अब एक किलोग्राम सीएनजी की कीमत 83.09 रुपये हो गयी है। पहले इसकी कीमत 81.09 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

दूसरे शहरों में भी सीएनजी के दाम में दो रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि की गयी है। सीएनजी की कीमतों में इस महीने यह चौथी बढ़ोतरी है। इससे पहले 15 मई को इसके दाम दो रुपये और 17 मई तथा 23 मई को एक-एक रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ाये गये थे। इस प्रकार चार बार में इसके दाम छह रुपये बढ़ गये हैं। दिल्ली से सटे नोएडा और गाजियाबाद में एक किलोग्राम सीएनजी आज से 91.70 रुपये का हो गया है। गुरुग्राम में इसकी कीमत अब 88.12 रुपये हो गयी है। अब मुजफ्फरनगर, मेरठ और शामली में सीएनजी 91.58 रुपये प्रति किग्रा, रेवाड़ी में 87.70 रुपये, करनाल में 87.43, कैथल में 88.43 रुपये तथा कानपुर, हमीरपुर ● शेष पेज 11 पर

# अमेरिका का होर्मुज के पास ईरानी नौकाओं पर हमला

एजेंसी

वॉशिंगटन। अमेरिका और ईरान के बीच जारी युद्धविराम वार्ता के बीच अमेरिकी सेना ने मंगलवार को दक्षिणी ईरान में मिसाइल लॉन्च साइट्स और होर्मुज के पास ईरानी नौकाओं पर हमले किए। ये हमले आत्मरक्षा के तहत किए गए। मीडिया रिपोर्ट में इस हमले में चार ईरानी सैनिकों के मारे जाने का भी दावा किया गया है।

यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ बातचीत अच्छे तरीके से आगे बढ़ रही है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के प्रवक्ता टिमोथी हॉकिन्स ने बताया कि अमेरिकी बलों ने ईरानी बलों से उत्पन्न खतरे से अपने सैनिकों की सुरक्षा के लिए कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि हमलों में उन नौकाओं को भी निशाना बनाया गया, जो समुद्र में बारूदी सुरंगें बिछाने की कोशिश कर रही थीं। उन्होंने



❒ युद्धविराम वार्ता के बीच ईरान में मिसाइल साइट को भी निशाना बनाया

कहा कि जारी युद्धविराम के दौरान अमेरिकी सेना संयम बरत रही है। इससे पहले मई की शुरुआत में भी अमेरिका ने ईरानी सैन्य ठिकानों पर हमला किया था। अमेरिका का आरोप था कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे अमेरिकी युद्धपोतों पर मिसाइल, ड्रोन और छोटी नौकाओं से बिना उकसावे के हमले किए थे। ईरान की विभिन्न समाचार एजेंसियों के अनुसार दक्षिणी ईरान के बंदर अब्बास में अमेरिकी हमलों में ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड के चार जवानों के मारे जाने का दावा किया गया है। हमले के बाद ईरान की सेना ने कहा कि अगर उस पर फिर हमला हुआ, तो वह पहले ● शेष पेज 11 पर

### अमेरिका का एमक्यू-9 रीपर ड्रोन मार गिराया : आईआरजीसी

**तेहरान।** ईरान की ओर से दावा किया गया है कि उसकी सेना ने अमेरिकी एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराया है। इसमें कथित तौर पर ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) के चार सैनिक मारे गए। मेहर न्यूज एजेंसी ने आईआरजीसी के हवाले से बताया कि उसने अमेरिकी एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराया। उनके मुताबिक यह ड्रोन ईरानी हवाई क्षेत्र में घुस आया था। साथ ही यह भी दावा किया गया है कि एक एफ-35 लड़ाकू विमान पर भी गोलीबारी की। ईरान ने कहा कि अगर अमेरिका सीजफायर का उल्लंघन करता है, तो उसे जवाब देने का पूरा अधिकार है।

# यूपी में 28 से बदलेगा मौसम, आंधी पानी के आसार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रचंड गर्मी और लू के थपेड़ों का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश के लोगों को 28 मई से राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने 26 और 27 मई के लिए कई जिलों में रेड वार्निंग जारी की है। हालांकि 28 मई से मौसम करवट लेगा और तेज आंधी, बारिश तथा गरज-चमक के चलते तापमान में छह से आठ डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना जताई गई है। इसके बाद 29 मई से प्रदेशवासियों को भीषण गर्मी और लू से राहत मिलने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के अनुसार वर्तमान में प्रदेश में कोई सक्रिय मौसम तंत्र नहीं है। पश्चिमी और दक्षिणी उत्तर प्रदेश में गर्म एवं शुष्क पछुआ हवाओं के कारण तापमान लगातार बढ़ रहा है। अगले 48 घंटों तक दिन में भीषण लू और रात में भी गर्मी बनी रहेगी। 26 और 27 मई को बांदा, आगरा, जालौन, हमीरपुर, महोबा और झांसी में भीषण लू चलने की संभावना जताई गई है। वहीं मथुरा, हाथरस और फिरोजाबाद भी गंभीर गर्मी की चपेट में रहेंगे। कानपुर नगर, कानपुर देहात, प्रयागराज, मेरठ, अलीगढ़, इटावा, औरैया समेत कई जिलों में भी लू का प्रभाव बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार 28 मई से पश्चिमी विक्षोभ और पुरवा हवाओं के असर से प्रदेश में मौसम बदलना शुरू होगा। कई जिलों में तेज आंधी, गरज-चमक और बारिश की संभावना है। कुछ इलाकों में ओलावृष्टि भी हो सकती है। 28 और 29 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में 60 से 70 ● शेष पेज 11 पर



## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर निगम लखनऊ की 413 करोड़ की 342 परियोजनाओं का किया शिलान्यास

# पिछली सरकारों के गड्ढे भरने में लगा समय : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों का आभार जताते हुए कहा कि जनता ने पहली बार सभी 17 नगर निगमों में मेयर की सीट भाजपा की झोली में डालीं। सभी नगर निगमों में भाजपा का बोर्ड बना। इसका परिणाम रहा कि नगर निगम ने 3 वर्ष में कुछ प्रतिमान भी स्थापित किए, विकास व स्वच्छता का मॉडल दिया। हमें पिछली सरकारों के पापों के गड्ढों को भरने, भ्रष्टाचार के कूड़े को साफ करने में समय भी लगा। विकास पर खर्च होने वाला पैसा जनता का है। इसे मुख्यमंत्री या मंत्री नहीं दे रहे, बल्कि केवल उसका उचित नियोजन कर रहे हैं। जनता का पैसा जनहित में ही खर्च होगा। यही पीएम मोदी जी का विजन है, प्रेरणा है।

मुख्यमंत्री ने नगर निगम में महापौर के कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने पर मंगलवार को लखनऊवासियों को विकास की सौगात दी। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने 413 करोड़ की 342 परियोजनाओं का शिलान्यास/लोकार्पण किया और स्वच्छ-सुंदर-समर्थ लखनऊ से संबंधित पुस्तिका का विमोचन किया। इस दौरान लघु फिल्म भी दिखाई गई। सीएम ने सभी 17 नगर निगमों के महापौर, 200 नगर पालिका परिषद, 545 नगर पंचायतों के चेयरमैन तथा लगभग 14000 पार्षदों को तीन वर्ष का कार्यकाल संपन्न होने पर शुभकामनाएं दीं।




सीएम योगी ने कहा कि स्वच्छता रैंकिंग में लखनऊ नगर निगम को देश में तीसरा स्थान मिला, इसे पहले स्थान पर लाना है। यह केवल महापौर, पार्षद या सफाई कर्मचारी की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह हर नागरिक की जिम्मेदारी है। घर का कूड़ा कूड़ेदान में ही फेंकें, गीला-सूखा कूड़ा अलग करें। सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। नालियों में कूड़ा न फेंकें और सरकारी संपत्तियों का नुकसान भी न करें। लोग कहते हैं कि लखनऊ बहुत साफ-सुथरा है, जब सरकार की कार्यपद्धति साफ-सुथरी होती है तो ऐसा ही होता है। मंत्री, महापौर, पार्षद, पूरी कार्यकारिणी, अधिकारी, सुपरवाइजर तथा सफाई कर्मचारी, सब जुटते हैं तो स्वच्छता दिखाई देती है। सीएम ने ढाई करोड़ की कार से आकर गमला चोरी करने वालों पर कटाक्ष किया और कहा कि सभी जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। 45 रुपये का गमला खरीद लेते तो सम्मान भी बना रहता और शहर भी सुंदर दिखता। सीएम योगी ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उदाहरण दिया और कहा कि जहां 30 वर्षों से कूड़ा डंप होता था, वह अब बेहतरीन स्थल है। वहां डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमाएं स्थापित की गईं। सीएम ने तीनों महापुरुषों के व्यक्तित्व व राष्ट्र के लिए योगदान का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आज लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल ही नहीं, ग्रीन कॉरिडोर व मेट्रो समेत हर प्रकार की जन-सुविधाएं हैं। सीएम ने कहा कि 2017 से पहले सपा सरकार में गरीब के लिए मकान स्वीकृत नहीं हुए। उनकी योजनाएं गरीबों, नौजवानों के लिए नहीं थीं। हमने चेहरा, जाति, क्षेत्र, मत-मजहब देखे बिना देश की चार जातियों (गरीब, युवा, महिला व किसान) को केंद्र में रखकर काम किया। शहरी-ग्रामीण क्षेत्र में 65 लाख से अधिक गरीबों को आवास उपलब्ध कराए। पहले की सरकारें परिवार के लिए सोचती थीं, इसलिए फ़ेल थीं। सपा के गुंडे महिला सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा थे। सपा सरकार में शासन की योजनाओं का लाभ चुनिंदा परिवारों को मिलता था, जबकि मोदी जी ने देशवासियों, डबल इंजन सरकार ने 25 करोड़ प्रदेशवासियों और नगर निगम ने पूरे क्षेत्र को अपना परिवार माना। सीएम ने लखनऊ को प्रदेश का सबसे बड़ा महानगर व नगर निगम बताते हुए ● शेष पेज 11 पर

**योगी बोले**

❒ जनता का पैसा जनहित में ही खर्च होगा, बोले- सभी 17 नगर निगमों में मेयर की सीटें भाजपा की झोली में डालीं

# स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को गुणवत्ता और आधुनिक तकनीक से जोड़ें : मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



- स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का असर सीधे आम आदमी को दिखना चाहिएः मुख्यमंत्री
- आयुष्मान योजना गरीबों का सबसे बड़ा सहारा, क्लेम भुगतान समय से होः मुख्यमंत्री
- मुख्यमंत्री का निर्णय, दीनदयाल राज्य कर्मचारी कैशलेस योजना में अब आयुष पद्धतियों से इलाज भी होगा शामिल
- एनएचएम के अंतर्गत कोविड कालखंड में सेवाएं देने वाले स्वास्थ्य कर्मियों का प्राथमिकता के आधार पर यथोचित समायोजन किया जाएः मुख्यमंत्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभागों की समीक्षा करते हुए साफ तौर पर कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का लाभ सीधे आम आदमी को मिलना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सरकारी अस्पतालों में इलाज, जांच, दवाओं और आपात सेवाओं की गुणवत्ता लगातार बेहतर होनी चाहिए। साथ ही, मेडिकल कॉलेजों, नर्सिंग संस्थानों और सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं को आधुनिक तकनीक, बेहतर मानव संसाधन और प्रभावी प्रबंधन से सशक्त बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा का उद्देश्य केवल संस्थान बढ़ाना नहीं, बल्कि प्रदेश को प्रशिक्षित चिकित्सक, विशेषज्ञ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्यकर्मी उपलब्ध कराना है। उन्होंने मेडिकल संस्थानों में आधुनिक उपकरणों, विशेषज्ञ फैकल्टी और रिसर्च गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 108 जनपदीय चिकित्सालय, 106 विशिष्ट चिकित्सालय, 976 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 3757 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा 27,668 स्वास्थ्य उपकेंद्र संचालित हैं। वर्ष 2025-26 में सरकारी अस्पतालों में 26.41 करोड़ ओपीडी सेवाएं और 1.23 करोड़ आईपीडी सेवाएं दी गईं, जबकि 24.33 करोड़ पैथोलॉजी जांचें की गईं। वर्ष 2016-17 की तुलना में सत्र 2025-26 तक प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 44 से बढ़कर 83 हो गई है, जो 88.6 प्रतिशत की वृद्धि है। विगत 10 वर्षों में पीजी सीटों की संख्या 1344 से बढ़कर 5067 हो गई है, जबकि एमबीबीएस सीटें 5390 से बढ़कर 12800 तक पहुंच गई हैं। सुपर स्पेशियलिटी सीटों में भी लगभग 165 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है।

नर्सिंग शिक्षा के विस्तार की जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रदेश में वर्तमान में 652 नर्सिंग संस्थान संचालित हैं। एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग और अन्य पाठ्यक्रमों की सीटों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा राज्य में लगभग 3.95 लाख पंजीकृत नर्सिंग स्टाफ उपलब्ध हैं। 'मिशन निरामया 1.0' के तहत नर्सिंग शिक्षा में हुए सुधारों की जानकारी भी दी गई। बताया गया कि 17 हजार स्कूलों में परामर्श सत्र आयोजित किए गए तथा 3.5 लाख से अधिक विद्यार्थियों तक पहुंच बनाई गई। 10,570 नर्सिंग संकाय सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों का सबसे बड़ा सहारा बन रही है। उन्होंने क्लेम दावों का तय समय सीमा में निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि अस्पतालों को समय पर भुगतान होता रहेगा तो मरीजों को बेहतर सुविधा मिलती रहेगी। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 6480 अस्पताल योजना से जुड़े हैं और अब तक 96.75 लाख से अधिक निःशुल्क उपचार किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना में आयुष पद्धतियों को भी शामिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी जैसी पद्धतियों की आईपीडी सेवाओं को भी योजना का हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि नेशनल हेल्थ मिशन के अंतर्गत कोविड कालखंड में सेवाएं देने वाले स्वास्थ्य कर्मियों का प्राथमिकता के आधार पर यथोचित समायोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि आशा वर्करों का भुगतान किसी भी स्थिति में लंबित न रहे। साथ ही, हेल्थ एटीएम सेवाओं का विस्तार करते हुए उन्हें अधिक से अधिक क्षेत्रों तक पहुंचाया जाए। मुख्यमंत्री ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान को और प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि जनजागरूकता, स्वच्छता और समयबद्ध उपचार व्यवस्था के माध्यम से बेहतर परिणाम सुनिश्चित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में और कमी लाने के लिए संस्थागत एवं सुरक्षित प्रसव व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हर गर्भवती महिला तक समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा पहुंचनी चाहिए। बैठक में बताया गया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत 15.28 करोड़ से अधिक आभा आईडी बनाई जा चुकी हैं। प्रदेश में 15.14 करोड़ से अधिक इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड लिंक किए गए हैं। हॉस्पिटल इंफॉर्मेशन सिस्टम और लैब इंफॉर्मेशन सिस्टम का दायरा भी तेजी से बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेजों और स्वास्थ्य संस्थानों के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी परियोजनाएं तय समयसीमा में पूर्ण हों, ताकि आमजन को जल्द बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। बैठक में आगामी महीनों में प्रस्तावित महत्वपूर्ण लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यों की भी समीक्षा की गई। इनमें गोरखपुर मेडिकल कॉलेज का बहुमंजिला गर्ल्स हॉस्टल, अयोध्या मेडिकल कॉलेज का 110 बेड ट्रॉमा सेंटर, सहारनपुर मेडिकल कॉलेज का बीएससी नर्सिंग कॉलेज तथा कानपुर मेडिकल कॉलेज में मानसिक रोग विभाग विस्तार एवं डी-एडिक्शन वार्ड ब्लॉक शामिल हैं। बैठक में बताया गया कि सार्वजनिक-निजी सहभागिता मॉडल पर मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की प्रक्रिया भी तेजी से आगे बढ़ रही है। महाराजगंज, शामली और संभल में मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं, जबकि कई अन्य जनपदों में प्रक्रिया जारी है।

बैठक में बताया गया कि 108 एम्बुलेंस सेवा और एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की प्रतिक्रिया अवधि में लगातार सुधार हुआ है। वर्तमान में 375 एएलएस एम्बुलेंस संचालित हैं और अब तक 9.38 लाख मरीजों को रेफर किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने एम्बुलेंस रिस्पॉन्स टाइम को और कम करने के निर्देश देते हुए कहा कि आपात स्थिति में हर मिनट महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने एम्बुलेंस संचालकों का भुगतान समय से सुनिश्चित करने को भी कहा। मुख्यमंत्री ने अस्पतालों में दवाओं की गुणवत्ता को लेकर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तीन माह से कम एक्सपायरी अवधि वाली दवाएं अस्पतालों में नहीं होनी चाहिए और उनकी जगह नई दवाएं उपलब्ध कराई जाएं। बैठक में बताया गया कि प्रदेश के 75 जनपदों में डायलिसिस सेवा और 74 जनपदों में सीटी स्कैन सेवा उपलब्ध है। मार्च 2026 तक 35.69 लाख से अधिक डायलिसिस सत्र और 45.35 लाख से अधिक सीटी स्कैन किए जा चुके हैं। 227 सीएचसी पर टेली-रेडियोलॉजी सेवा संचालित है। बैठक में डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ की उपलब्धियों की जानकारी दी गई। बताया गया कि संस्थान में 376 से अधिक रोबोटिक सर्जरी तथा 250 से अधिक किडनी प्रत्यारोपण किए जा चुके हैं। यहां प्रदेश का पहला गामा नाइफ सेंटर भी स्थापित किया जा रहा है। यह भी बताया गया कि लोहिया संस्थान के नए परिसर में 1010 बेड क्षमता वाले अत्याधुनिक चिकित्सालय के निर्माण को स्वीकृति दी गई है।

# उप्र में विभिन्न सड़क हादसों 23 की मौत, कई घायल

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ, 26 मई (हि.स.)। उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों में चौबीस घंटे में कई मार्ग दुर्घटनाओं में 23 लोगों की मौत हो गई। चली गई हैं। सबसे भीषण दुर्घटना उन्नाव जिले में हुई, जहां एक सब इंस्पेक्टर व कैदी समेत छह लोगों की मौत हो गई है। इस दुर्घटना में 21 अन्य यात्री भी घायल हुए है। जिनमें तीन सिपाही भी शामिल है। इसके अलावा बाराबंकी जिले में चार, नोएडा में विभिन्न स्थानों आठ, अलीगढ़ में तीन, हमीरपुर और मीरजापुर में एक एक व्यक्ति की मौत हुई। उन्नाव पुलिस की मुताबिक, औरास थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार सुबह भोर में एक डबल डेकर बस पलटने से छह लोगों की मौत हो गई है। दुर्घटना में मरने वालों में बिहार के जिला सीवान पुलिस लाइन में तैनात एक सब इंस्पेक्टर रामचंद्र राम और गुरुग्राम निवासी कैदी छत्तरपाल सिंह तोमर भी शामिल है। अन्य मृतकों में विजय गुप्ता, रवि वरन, सूरज जमालाल और पल्लव कुमार शामिल हैं। ये सभी पुलिसकर्मी कैदी छत्तरपाल सिंह तोमर को गुरुग्राम की एक कोर्ट में गवाही दिलाने के वापस सीवान आ रहे थे। डबल डेकर बस में 30 से ऊपर यात्री सवार थे और अधिकांश यात्री बिहार प्रदेश के रहने वाले हैं। एक अन्य घटना बाराबंकी जिले में सोमवार देर रात जिले के हैदरगढ़ थाना क्षेत्र में हुई। इस सड़क हादसे में चार लोगों की जान चली गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया। मृतकों की पहचान चंदौली जिले के रहने वाले राहुल कुमार, गाजीपुर निवासी राहुल सिंह, बलिया निवासी सत्यम सिंह और सुरज सिंह के रूप में हुई है। वहीं पंकज, प्रशांत और चन्दन गंभीर रूप से घायल हो गए। नोएडा के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पिछले 24 घंटे में हुई दुर्घटनाओं में आठ लोगों की मौत हुई है। थाना सेक्टर 126 के प्रभारी निरीक्षक सोमेश कुमार ने बताया कि बीतीरात सड़क हादसे में घायल आशीष चंद्र पांडे की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। इसी तरह सूरजपुर थाना में एक बुजुर्ग हरेन्द्र की जान चली गई। थाना सेक्टर 24 में बीती रात को हुए एक सड़क हादसे में 50 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई है। इसके अलावा थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में लोकेश की भी सड़क हादसे में मौत हो गई है। बादलपुर थाना क्षेत्र में सूरज की मौत हो गई। थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में बुजुर्ग हीरा यादव की मौत हो गई है। इनके अलावा दादरी थाना क्षेत्र में बीती रात सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान गौरव कुमार (28) के रूप में हुई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसी तरह नोएडा में थाना सेक्टर 113 क्षेत्र स्थित एक रोड़ी-बदरपुर के गोदाम पर काम करने वाले नाबालिग ट्रैक्टर चालक बदायूं निवासी अनूप (16) का ट्रैक्टर पलट गया। इस घटना में ट्रैक्टर के नीचे दबने से उसकी मौत हो गई। इस मामले में उसके परिजनों ने थाना में मुकदमा दर्ज करवाया है। अलीगढ़ जिले के पनेठी क्षेत्र में में मंगलवार तड़के दो ट्रकों की टक्कर में एक बच्ची समेत तीन लोगों की जान चली गई है। मृतकों की पहचान वीरेंद्र, नितेश और तीन साल की बच्ची सूर्याशी के रूप में हुई है। ये सभी कन्नौज के रहने वाले हैं। ट्रक में पेपर रोल लदा था, जो हरियाणा जा रहा था। इसी तरह हमीरपुर जिले में सोमवार की आधी रात को मौदहा कस्बा स्थित रहमानिया इंटर कॉलेज के पास सड़क किनारे पटरी पर लेटे एक बुजुर्ग दिव्यांग अरसद उर्फ बाबू (60) को तेज रफ्तार कार ने रौंद दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इसके अलावा मीरजापुर के ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के लालापुर-सेमरा कलां संपर्क मार्ग स्थित लालापुर गांव में सोमवार रात ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराकर बाइक सवार दो युवक नहर में जा गिरे। हादसे में मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान नागेश के रूप में हुई है, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। इस संबंध में थानाध्यक्ष भारत सुमन ने मंगलवार को बताया कि अज्ञात ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराने के कारण बाइक सवार नागेश की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घायल श्याम सुंदर का उपचार कराया जा रहा है।

# स्वास्थ्य परीक्षण में चिन्हित बीमार बच्चों का केजीएमयू में कराया जाए इलाजः राज्यपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंगलवार को जनभवन स्थित आदर्श माध्यमिक विद्यालय में आयोजित स्वास्थ्य शिविर की रिपोर्ट की समीक्षा की। उन्होंने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण से संबंधित रिपोर्ट पर आवश्यक निर्देश दिये कि स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान जिन बच्चों में विभिन्न बीमारियां चिन्हित हुई हैं, उनका समुचित उपचार किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) लखनऊ में कराया जाए। इस कार्य में जन भवन परिसर में स्थापित जन भवन चिकित्सालय तथा जन भवन के अधिकारी आवश्यक सहयोग एवं समन्वय सुनिश्चित करें। उन्होंने विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि बच्चे स्कूल आवर्स में समय पर दवाइयों का सेवन करें। साथ ही अभिभावकों से संवाद स्थापित कर उन्हें भी बच्चों के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा के प्रति जागरूक किया। राज्यपाल ने इस अभियान की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से उनके समक्ष प्रस्तुत किए जाने के निर्देश भी दिए। राज्यपाल ने लखनऊ के मोहान रोड स्थित राजकीय बाल गृह (बालक) एवं सिंधी खेड़ा स्थित राजकीय बाल गृह (बालिका) में पूर्व में लगाए गए स्वास्थ्य शिविरों की स्थिति की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि वहां आने वाले नए बच्चों के लिए पुनः स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि जन भवन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर के अंतर्गत जिन बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन की प्रथम डोज दी गई है, उन्हें समयबद्ध रूप से दूसरी डोज उपलब्ध कराने की तैयारी भी सुनिश्चित की जाए।

राज्यपाल ने किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय समाज के वंचित एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण सामाजिक दायित्व का निर्वहन कर रहा है।

# रज्जू भैया विवि परीक्षा संपन्न

- 9 छात्र नकल करते पकड़ेः प्रयागराज समेत चार जिलों के 166 केंद्रों पर 1.16 लाख छात्र हुए शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। प्रोफ़ेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने सत्र 2025-26 की समस्त पाठ्यक्रमों की सम एवं वार्षिक सेमेस्टर परीक्षाएं 26 मई 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न कराईं। यह परीक्षाएं प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर और प्रतापगढ़ जिलों के 166 परीक्षा केंद्रों पर तीन पालियों में आयोजित की गईं। कुल 1,16,613 परीक्षार्थियों ने इन परीक्षाओं में भाग लिया। परीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति ने विभिन्न महाविद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सभी केंद्रों पर शुचितापूर्ण और नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कुलपति ने स्वयं इस पूरी प्रक्रिया का निरीक्षण और मार्गदर्शन किया। विश्वविद्यालय द्वारा गठित उड़नदस्तों ने भी परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित हाई-टेक नियंत्रण कक्ष से चारों जनपदों के परीक्षा केंद्रों पर लगातार निगरानी रखी गई। तीनों पालियों में कुल 1,16,613 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 4,377 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उड़नदस्तों द्वारा अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए 9 छात्रों को पकड़ा गया।

## भुवनेश्वर में 29 से 31 मई तक होगी अभाविप की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक

लखनऊ। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक 29 से 31 मई तक भगवान जगन्नाथ की पावन भूमि भुवनेश्वर स्थित शिक्षा 'ओ' अनुसंधान विश्वविद्यालय में आयोजित होगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में देशभर के विभिन्न राज्यों से 484 कार्यकर्ता प्रतिनिधि सहभागिता करेंगे। इनमें अभाविप के राष्ट्रीय पदाधिकारी, विद्यार्थी नेतृत्वकर्ता, शिक्षाविद तथा विभिन्न आयामों से जुड़े प्रतिनिधि कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। बैठक से पूर्व 27 मई को केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें देशभर से 106 कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना है। वहीं 28 मई को अभाविप के विभिन्न आयामों, कार्यों एवं गतिविधियों की समीक्षा बैठक होगी। इसमें वर्षभर संचालित कार्यक्रमों, विस्तार योजनाओं एवं आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। खेल, कला, सेवा, पर्यावरण, शोध, चिकित्सा, कृषि, तकनीक, जनजातीय एवं अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी संपर्क जैसे विविध क्षेत्रों में चल रहे कार्यों की समीक्षा और विस्तार की दिशा तय की जाएगी। बैठक की पूर्व संध्या पर आयोजित होने वाले ''नागरिक अभिनंदन समारोह'' में समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रबुद्धजन, शिक्षाविद, अभाविप के पूर्व एवं वर्तमान कार्यकर्ता तथा सामाजिक नेतृत्वकर्ता शामिल होंगे। इस समारोह में ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# संरक्षा और सुरक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 रेलकर्मी सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी आशीष जैन ने मंगलवार को भारतेन्दु सभागार में आयोजित समारोह के दौरान संरक्षा एवं सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अप्रैल-2026 माह के चयनित 10 रेल कर्मचारियों को एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक ने कहा कि भारतीय रेल की सर्वोच्च प्राथमिकता यात्रियों की संरक्षा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि मंडल के परिचालन, इंजीनियरिंग, सिग्नल एवं दूरसंचार, विद्युत तथा सुरक्षा विभागों ने समन्वित प्रयासों से संरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। समारोह के दौरान उन कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया, जिन्होंने सतर्कता, त्वरित निर्णय क्षमता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए संभावित दुर्घटनाओं को टालने तथा रेल संपत्ति एवं यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंडल रेल प्रबंधक ने सम्मानित कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी प्रतिबद्धता और कार्यशैली अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि सभी रेलकर्मियों ने संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर जागरूकता और सतर्कता बनाए रखने का संकल्प दोहराया है। उन्होंने विश्वास जताया कि मंडल के सभी कर्मचारी भविष्य में भी टीम भावना और जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए संरक्षा एवं सुरक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखेंगे। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) अशोक कुमार वर्मा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) अजय सिंह, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी एम. रमेश कुमार, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक बलेंद्र पाल, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शेख रहमान, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर रजत प्रिय, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) सौरभ राठौर, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (ऑपरेशन) धर्मेंद्र यादव, वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक नितेश अग्रवाल सहित मंडल के विभिन्न वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### इन रेलकर्मियों को मिला एक्सीलेंस अवार्ड

संरक्षा एवं सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए संतोष कुमार (वाणिज्य विभाग, श्यामकौड़िया), अवधेश गौड़ (कोचिंग, वाराणसी), शिव कुमार (इंजीनियरिंग विभाग, बेल्थरा रोड), पशुपति कुमार गुप्ता (इंजीनियरिंग विभाग, कप्तानगंज), शशि कुमार (परिचालन विभाग, छपरा ग्रामीण), राहुल कुमार (सिग्नल विभाग, नूनखार), सत्यदेव (सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग, गोरखपुर), रविन्द्र सिंह यादव (रेलवे सुरक्षा बल, थावे), प्रेम चन्द्र भगत (भंडार विभाग, वाराणसी) तथा विमल कुमार (टीआरडी, गाजीपुर सिटी) को मंडल रेल प्रबंधक द्वारा एक्सीलेंस अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।


## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या : विद्युत/डब्ल्यू./आलमबाग/220/2026-27 |
| क | कार्य का विवरण : कैरेज वर्कशाप आलमबाग, लखनऊ में वातानुकूलित कोचों के आर.एम.पी.यू. से सम्बन्धित विभिन्न उपकरणों के आवश्यकता अनुसार मरम्मत / प्रतिस्थापन का कार्य। |
| ख | अनुमानित लागत : रु. 1,22,74,378.92 |
| ग | धरोहर राशि : रु. 2,45,500/- |
| घ | निविदा प्रपत्र मूल्य : शून्य |
| ङ. | कार्य समापन अवधि : 12 माह |
| 2 | निविदा सूचना संख्या : विद्युत/डब्ल्यू./आलमबाग/223/2026-27 |
| | कार्य का विवरण : कैरेज वर्कशाप आलमबाग, लखनऊ में कोचों के पी.ओ.एच. के दौरान मोबाइल चार्जिंग प्वांइट एवं उससे सम्बन्धित अन्य विद्युत कार्यों के प्रावधान का कार्य। |
| क | अनुमानित लागत : रु. 1,61,80,914.72 |
| ख | धरोहर राशि : रु. 3,23,600/- |
| ग | निविदा प्रपत्र मूल्य : शून्य |
| घ | कार्य समापन अवधि : 12 माह |
| अन्य सूचना | |
| 3 | निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवम समय : 17.06.2026 को अपरान्ह 15:00 बजे तक। |
| 4 | निविदा खुलने की तिथि व समय : 17.06.2026 को अपरान्ह 15:00 बजे के बाद। |

• निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। • मैनुअल आफर पर विचार नहीं किया जायेगा। • निविदाकर्ता निविदा फार्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। • डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ.डी.आर. या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। • प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज़ की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा।

सं.: विद्युत/डब्ल्यू./आलमबाग/220/223/2026-27 दिनांक: 26.05.2026 1773/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# दो माह में गार्बेज फ्री बनेगा बनारस

## तीन साल में स्वच्छता, विकास और राजस्व वृद्धि के नए कीर्तिमान, महापौर ने पेश किया विज़न 2028

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। काशी को देश का पहला कूड़ाघर मुक्त और गार्बेज फ्री शहर बनाने की दिशा में नगर निगम तेजी से कार्य कर रहा है। शहर के 27 में से 23 कूड़ाघरों को बंद किया जा चुका है, जबकि शेष चार को भी समाप्त करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। महापौर अशोक कुमार तिवारी ने दावा किया कि आगामी दो माह के भीतर बनारस पूरी तरह गार्बेज फ्री सिटी के रूप में नई पहचान हासिल करेगा।

सिगरा स्थित स्मार्ट सिटी सभागार में मंगलवार को अपने कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित पत्रकारवार्ता में महापौर ने नगर निगम की उपलब्धियों, विकास कार्यों और आगामी योजनाओं का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, आधारभूत सुविधाओं और वित्तीय अनुशासन के क्षेत्र में नगर निगम ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं।

महापौर ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में 41वें स्थान पर रहा वाराणसी अब 2025 में 17वें स्थान पर पहुंच चुका है। शहर में सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सफाईकर्मियों की संख्या 4075 से बढ़ाकर 7428 कर दी गई है। प्रमुख मंदिरों और मार्गों पर तीन शिफ्टों में सफाई कराई जा रही है। नगर निगम द्वारा करसड़ा डंपिंग ग्राउंड का वैज्ञानिक तरीके से बायोमाइनिंग कर निस्तारण किया जा रहा है। साथ ही वहां मियावाकी तकनीक से घना जंगल विकसित करने की योजना भी तैयार की गई है। नव विस्तारित 25 वार्डों में भी डोर-टू-डोर कूड़ा उठान शुरू कर दिया गया है। सभी 100 वार्डों में क्यूआर कोड और कमांड सेंटर के माध्यम से निगरानी की जा रही है। सफाई कर्मचारियों की डिजिटल उपस्थिति दिन में तीन बार दर्ज की जा रही है। नगर निगम ने आर्थिक अनुशासन और राजस्व वृद्धि का नया मॉडल प्रस्तुत किया है। महापौर ने बताया कि बिना गृहकर बढ़ाए निगम की राजस्व वसूली 94.36 करोड़ रुपये से बढ़कर 415 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। वहीं निगम का कुल बजट 843 करोड़ रुपये से बढ़कर 2775.44 करोड़ रुपये हो गया है। अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत 1250 बीघा बेशकीमती भूमि को कब्जामुक्त कराकर नगर निगम के लैंड बैंक में शामिल किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब सात अरब रुपये बताई गई। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने कहा कि वाराणसी की सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखते हुए उसे आधुनिक सुविधाओं से लैस वैश्विक शहर बनाना नगर निगम का लक्ष्य है। शहर में पेयजल और सीवर व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए 72 करोड़ रुपये की लागत से 138 किलोमीटर नई पाइपलाइन बिछाई गई है। 22 वार्डों में 2161.75 करोड़ रुपये की लागत से सीवर, सड़क और पेयजल से जुड़े कार्य कराए जा रहे हैं। पिछले तीन वर्षों में 78 बड़े और मिनी नलकूपों की स्थापना तथा रिबोरिंग कार्य पर 42.90 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। जलकल विभाग में ठेकेदारी प्रथा समाप्त कर प्रत्येक वार्ड में सीवर सफाई कर्मचारियों की तैनाती की गई है। आउटसोर्सिंग के माध्यम से 300 कर्मचारियों की नियुक्ति भी हुई है। नगर निगम ने पिछले तीन वर्षों में 143 नए वाहन खरीदे हैं, जिनकी लागत 26.62 करोड़ रुपये है। इनमें छह अत्याधुनिक जेटिंग कम सक्शन मशीनें भी शामिल हैं। सीएसआर फंड के माध्यम से शंकुलधारा और दुर्गाकुंड सहित 16 तालाबों का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कराया गया है। 19 तालाब मत्स्य पालन के लिए मांझी समाज को पट्टे पर दिए गए हैं। नगर निगम ने अब तक 583 पुराने और विलुप्तप्राय कुओं का पुनर्जीवन कराया है। सुजाबाद-डोमरी क्षेत्र के 350 बीघा क्षेत्र में मियावाकी वन विकसित किया जा रहा है, जबकि कंचनपुर और सारंगतालाब में भी इसी तरह की परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ‘एक पेड़ मां के नाम’ अभियान के तहत वर्ष 2024-25 में 8000 और वर्ष 2025-26 में 20 हजार ट्री गार्ड के साथ वृक्षारोपण का लक्ष्य रखा गया है।

# निष्क्रांत घोषित जमीन के फर्जी बैनामे का आरोप, तीन पर मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- 2005 में सरकारी घोषित हुई भूमि, 17 वर्षों तक चलते रहे बैनामे
- विरोध पर दलित परिवार को धमकी, एससी-एसटी एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज

बख्शी का तालाब, लखनऊ। बख्शी का तालाब तहसील अंतर्गत इंदिरानगर क्षेत्र में निष्क्रांत घोषित भूमि के फर्जी बैनामे और अवैध कब्जे के प्रयास का मामला सामने आया है। डीसीपी पूर्वी के आदेश पर पुलिस ने पीड़ित दलित परिवार की तहरीर पर रतन लालवानी व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ कूटरचना, धोखाधड़ी, धमकी और एससी-एसटी एक्ट समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रसूलपुर सादात निवासी अवशीस कुमार उर्फ बऊवा ने तहरीर में बताया कि उनके परिवार के नाम गाटा संख्या 239 रकबा 2.7770 हेक्टेयर तथा गाटा संख्या 712 रकबा 1.8650 हेक्टेयर भूमि दर्ज है। आरोप है कि गाटा संख्या 712 को उप जिलाधिकारी बीकेटी ने 31 जनवरी 2005 को निष्क्रांत संपत्ति घोषित कर दिया था। बाद में मामला हाईकोर्ट पहुंचा, जहां लखनऊ खंडपीठ ने पांच दिसंबर 2013 को यथास्थिति बनाए रखने और भूमि के क्रय-विक्रय पर रोक लगाने के आदेश दिए थे। पीड़ित के अनुसार इसके बावजूद वर्ष 2007 में 12040 वर्गफीट भूमि का बैनामा कराया गया। आरोप है कि वर्ष 2012 में दस्तावेजों में फ़ेरबदल कर खसरा संख्या 712 की जगह 239 अंकित कर दी गई और इसी आधार पर वर्ष 2022 में दो और विक्रय विलेख तैयार कराए गए। पीड़ित पक्ष का कहना है कि फर्जी व कूटरचित अभिलेखों के सहारे जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है।एसडीएम बख्शी का तालाब साहिल कुमार ने बताया कि संबंधित गाटा संख्या के राजस्व अभिलेखों, बैनामों और मौके की स्थिति की जांच कराई जाएगी। यदि निष्क्रांत संपत्ति में कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर बिक्री अथवा अवैध कब्जे का प्रयास पाया जाता है तो अवैध नामांतरण निरस्त कराने, कब्जा हटाने और सरकारी भूमि सुरक्षित कराने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच होगी।

### हाईकोर्ट की रोक के बाद भी होते रहे बैनामे

विवादित गाटा संख्या 712 को वर्ष 2005 में प्रशासन ने निष्क्रांत संपत्ति घोषित किया था। इसके बाद मामला हाईकोर्ट पहुंचा और वर्ष 2013 में भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने व क्रय-विक्रय पर रोक लगाने का आदेश दिया गया। आरोप है कि इसके बावजूद वर्ष 2007 से 2022 तक लगातार फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन के बैनामे किए जाते रहे। अब जांच एजेंसियां पूरे प्रकरण में शामिल लोगों की भूमिका खंगाल रही हैं।

### खसरा संख्या बदलकर तैयार किए नए दस्तावेज

तहरीर में आरोप लगाया गया है कि पहले निष्क्रांत घोषित गाटा संख्या 712 का बैनामा कराया गया, लेकिन कब्जा न मिलने पर वर्ष 2012 में कथित रूप से दस्तावेजों में फ़ेरबदल कर खसरा संख्या 239 दर्ज कर दी गई। इसी बदले हुए विवरण के आधार पर वर्ष 2022 में दो नए विक्रय विलेख तैयार किए गए। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि सुनियोजित तरीके से कूटरचना कर मूल अभिलेखों में हेराफ़ेरी की गई ताकि जमीन पर कब्जा किया जा सके।

# लखनऊ के छोहरिया माता मंदिर का होगा जीर्णोद्धार : जयवीर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। प्रदेश सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ अब उन आस्था स्थलों के विकास पर भी विशेष ध्यान दे रही है, जो अब तक स्थानीय स्तर तक ही सीमित रहे हैं। इसी क्रम में लखनऊ के चिनहट स्थित छोहरिया माता मंदिर को पर्यटन विकास परियोजना में शामिल किया गया है। लंबे समय से यह मंदिर आसपास के लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है और यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, लेकिन सुविधाओं और प्रचार-प्रसार के अभाव में यह स्थल व्यापक पहचान नहीं बना सका। अब पर्यटन विभाग इसे धार्मिक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में काम कर रहा है।

परियोजना के तहत मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में कई विकास कार्य प्रस्तावित किए गए हैं। इसके लिए 1.15 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है, जबकि 86 लाख रुपये की धनराशि जारी भी की जा चुकी है। फिलहाल परियोजना प्रक्रियागत चरण में है और जल्द ही जमीनी स्तर पर कार्य शुरू होने की उम्मीद है। योजना में मंदिर परिसर का सुंदरीकरण, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, श्रद्धालुओं के बैठने की सुविधा, पेयजल, मार्ग सुधार और अन्य मूलभूत सुविधाओं को विकसित करने पर जोर रहेगा। इन कार्यों से श्रद्धालुओं को बेहतर अनुभव मिलेगा और मंदिर की पहचान भी बढ़ेगी।

मंदिर के पुजारी लल्ला बाबा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के प्रयासों से छोहरिया माता मंदिर के विकास का कार्य शुरू होने जा रहा है। इससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और मंदिर की पहचान भी बढ़ेगी। अल्पज्ञात धार्मिक स्थलों को भी नई पहचान दे रही सरकारः जयवीर सिंहप्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि छोहरिया माता मंदिर के विकास से न सिर्फ धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी फायदा पहुंचेगा। पर्यटन गतिविधियां बढ़ने से आसपास छोटे कारोबार, दुकानों और स्थानीय रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। मंत्री ने कहा कि सरकार प्रदेश की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को संरक्षित करने के साथ उसे नई पहचान देने के लिए लगातार काम कर रही है।

## बिजली का खंभा जर्जर, हादसे की आशंका



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कुर्मी टोला रिसालदार पार्क स्थित मकान संख्या 86/85बी के पास लगा बिजली का खंभा नीचे से पूरी तरह जर्जर और गल चुका है, जिससे क्षेत्र में कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय निवासी पुरषोत्तम ने बताया कि इस संबंध में कई बार बिजली विभाग से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मोहल्लेवासियों का कहना है कि खंभा बुरी तरह टेढ़ा हो चुका है और उस पर भारी मात्रा में बिजली के तार लटके हुए हैं। संकरी गली होने के कारण यहां दिनभर लोगों का आना-जाना लगा रहता है, जिससे दुर्घटना का खतरा और बढ़ गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार संबंधित जेई द्वारा एक महीने बाद खंभा बदलने की बात कही गई है, जबकि खंभे की हालत देखकर कभी भी बड़ा हादसा होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। लोगों ने आरोप लगाया कि बिजली विभाग शायद किसी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और बिजली विभाग से तत्काल खंभा बदलवाने की मांग की है, ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके।

## लखनऊ की काव्या को गोल्ड, प्रज्ज्वल ने जीता सिल्वर

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मध्यप्रदेश के इंदौर में आयोजित द्वितीय मध्यप्रदेश रोलबॉल प्रीमियर लीग में लखनऊ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर शहर का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में लखनऊ की काव्या बाजपेयी ने अपनी टीम को गोल्ड मेडल दिलाया, जबकि प्रज्ज्वल भारती ने सिल्वर मेडल जीतकर शानदार प्रदर्शन किया।21 मई से 25 मई तक आयोजित इस प्रतियोगिता में गर्ल्स की 6 और बॉयज की 12 टीमों ने हिस्सा लिया। देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट में अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता से पहले खिलाड़ियों की नीलामी भी हुई थी, जिसमें लखनऊ के गौरव साहनी, काव्या बाजपेयी और प्रज्ज्वल भारती का चयन हुआ था।रोलबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ लखनऊ के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने बताया कि गर्ल्स वर्ग के फाइनल मुकाबले में राजवंश रॉयल टीम ने डीसी टाइटंस को 5-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम की ओर से खेलते हुए काव्या बाजपेयी ने बेहतरीन प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल हासिल किया।वहीं बॉयज वर्ग के फाइनल में एसआरवी एलीट ने ओंकार रियलिटी को हराकर खिताब जीता। उपविजेता टीम ओंकार रियलिटी की ओर से खेल रहे लखनऊ के खिलाड़ी प्रज्ज्वल भारती ने शानदार खेल दिखाते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया।

## सदुरौना में बड़े मंगल पर विशाल भंडारे का आयोजन



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ज्येष्ठ माह के पावन बड़े मंगल के अवसर पर सदुरौना क्षेत्र में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और भगवान हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। भंडारे के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं के लिए पूड़ी, सब्जी, एवं अन्य प्रसाद की विशेष व्यवस्था की गई थी। आयोजन स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। इस अवसर पर आयोजकों ने गरीबों एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा को विशेष प्राथमिकता देते हुए उन्हें भोजन एवं प्रसाद वितरित किया। सेवा भाव और मानवता का यह कार्य लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना रहा। आयोजन समिति के सदस्य जगदीप कटियार, मनीष सचान एवं सूर्यकांत त्रिपाठी ने बताया कि बड़े मंगल के अवसर पर हर वर्ष सेवा भावना के साथ भंडारे का आयोजन किया जाता है। उनका उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ गरीबों की सेवा एवं समाज में भाईचारे की भावना को मजबूत करना है। स्थानीय लोगों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता, मानव सेवा और धार्मिक समर्पण का प्रेरणादायक उदाहरण बताया। कार्यक्रम का समापन हनुमान जी की आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

## युवक ने पत्नी की गला दबाकर की हत्या, हिरासत में आरोपित

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के आशियाना थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक युवक ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त मध्य विक्रांत वीर ने बताया कि बंगला बाजार के बगिया में रहने वाला सतीश शर्मा ने अपनी पत्नी निशा शर्मा उर्फ ऊषा (40) की गला दबाकर हत्या कर दी। इस घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आरोपित को भी हिरासत में ले लिया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला परिवारिक कलह के चलते युवक ने यह कदम उठाया है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं। परिजनों की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## केजीएमयू के डाट्स सेन्टर में मिलेगी टीबी की ट्रूनॉट जांच की सुविधा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत केजीएमयू के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग में टीबी जांच सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 सूर्यकान्त ने बताया कि ओएनजीसी के सीएसआर के सहयोग से लखनऊ जनपद को 04 नवीन मॉड्यूल ट्रूनॉट मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। जिसमें से एक ट्रूनॉट मशीन की स्थापना एवं संचालन अब रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग के डाट्स सेन्टर में होगा। जिससे टीबी रोग से पीड़ित मरीजो को अब विभाग में ही बड़ी राहत मिलेगी। यह ट्रूनॉट मशीन केजीएमयू को लखनऊ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा उपलब्ध करायी गई है। इसके लिए डॉ0 सूर्यकान्त ने जिला एवं राज्य क्षय रोग अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व उ0प्र0 के स्वास्थ विभाग को धन्यवाद ज्ञापित कर व आभार व्यक्त किया। डॉ0 सूर्यकान्त ने बताया कि अभी तक टीबी रोगियों के बलगम एकत्र कराकर माइक्रोबायोलॉजी विभाग भेजे जाते थे। ज्ञात रहे कि केजीएमयू के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में लखनऊ के अतिरिक्त अन्य जिलों से भी टीबी की जांच के लिए सेम्पल आते है, इस कारण विभाग पर इस जांच का काफी दबाव बना रहता है। डॉ0 सूर्यकान्त ने बताया कि आज इस ट्रूनॉट मशीन का डेमोंस्ट्रेशन विभाग में किया गया। इस मशीन का संचालन इतना सरल है कि कोई भी स्वास्थ कार्यकर्ता इस मशीन को 05 दिनों के अन्दर संचालन करना सीख सकता है। डा0 सोनिया नित्यानन्द, कुलपति केजीएमयू ने टीबी की शीघ्र एवं सटीक जांच हेतु अत्याधुनिक ट्रूनॉट मशीन के संचालन हेतु रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभाग को बधाई दी। उन्होने कहा टीबी, एमडीआर टीबी व गम्भीर टीबी के रोगियों के लिए यह अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। ट्रूनॉट मशीन के डेमोंस्ट्रेशन कार्यक्रम में विभाग के चिकित्सक डॉ0 अंकित कुमार, सीनियर एवं जूनियर डॉक्टर, डॉट्स सेंटर के समस्त स्वास्थ्य कार्यकर्ता तथा मेला परियोजना की टीम उपस्थित रही।

# चौथे बड़े मंगल पर नगराम हुआ भक्तिमय, जगह-जगह लगे भंडारे

### बजरंगबली के जयकारों से गूंजा क्षेत्र, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल पर नगराम क्षेत्र पूरी तरह भक्तिमय रंग में रंगा नजर आया। कस्बों से लेकर गांवों तक जगह-जगह विशाल भंडारों का आयोजन किया गया, जहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पूरे दिन हनुमान जी के जयकारों, भक्ति गीतों और सेवा भाव से वातावरण गुंजायमान रहा। समेसी में लव कुश व राकेश कुमार द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। श्रद्धालुओं के लिए भोजन, शीतल जल और अन्य व्यवस्थाएं भी की गई थीं।

इसी क्रम में सलेमपुर अचाका, नगराम कस्बा, नवीनगर चौराहा, अनैया खरगपुर, पुलिस चौकी हरदोइया, बहरौली समेत क्षेत्र के कई स्थानों पर भंडारे आयोजित किए गए। युवाओं, समाजसेवियों और स्थानीय लोगों ने सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। बड़े मंगल के अवसर पर श्रद्धालुओं ने हनुमान मंदिरों में पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। धार्मिक आयोजनों को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा।

## केजीएमयू में आयोजित हुआ विशाल भंडारा



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** केजीएमयू लखनऊ में कर्मचारी परिषद के महामंत्री अनिल कुमार के नेतृत्व में जेष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 सोनिया नित्यानंद, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 सुरेश कुमार, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश के महामंत्री अतुल मिश्रा सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। भंडारे में बड़ी संख्या में मरीजों, उनके तीमारदारों, कर्मचारियों, छात्रों एवं आमजन में प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें पूड़ी-सब्जी, कढ़ी-चावल, बूंदी, कोल्ड ड्रिंक एवं आइसक्रीम का वितरण किया गया।

## बड़े मंगल पर आयोजित विभिन्न भंडारों में पहुंचे भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, किया सेवा कार्य



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चौथे बड़े मंगल के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित भंडारों एवं धार्मिक आयोजनों में पहुंचकर भगवान हनुमान जी की पूजा-अर्चना की तथा श्रद्धालुओं एवं भक्तों के बीच प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर आनंद द्विवेदी ने कहा कि बड़े मंगल का पर्व लखनऊ की सांस्कृतिक एवं धार्मिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह पर्व सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को बड़े मंगल की शुभकामनाएं देते हुए समाज में भाईचारा, सद्भाव और मानव सेवा के संदेश को आगे बढ़ाने का अपील किया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, पार्षदगण एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बड़े मंगल के अवसर पर सेवा कार्यों में सहयोग किया।

## कोमल स्वीट पर हुआ भव्य भंडारे का आयोजन

चिनहट लखनऊ। ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को मटियारी चौराहे पर कोमल स्वीट पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बक्शी का तालाब के विधायक योगेश शुक्ला , पूर्व जिला उपाध्यक्ष सदाशिव मिश्रा , भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रितेश गुप्ता , प्रदेश अध्यक्ष अजय त्रिपाठी मुन्ना भैया ,संरक्षक हाफिज जलील अहमद जी ,बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ संयोजक भाजपा नेत्री मनु सिंह मनीषा ,चिनहट के पार्षद अरुण राय ,पूर्व जिला उपाध्यक्ष मनोज प्रजापति , चिनहट मंडल अध्यक्ष श्रवण मिश्रा , गोमती नगर पार्षद शैलेंद्र वर्मा ,शहीद भगत सिंह वार्ड के पार्षद अरविंद यादव , ग्रामीण के मंडल अध्यक्ष अक्षय मौर्य , पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह सूरज , खरगापुर प्रधान किरण विश्वकर्मा जी ताराचंद्र रावत , विनोद चौबे , सुरेन्द्र तिवारी ,अन्य भाजपा के वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे और सभी भक्तों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। वही दूसरी और देवा रोड़ स्थित वी मार्ट पर भी आकाश गुप्ता द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे को सफल बनाने के पूड़ी सब्जी, बूँदी का वितरण हुआ।

# सेंट मैरी पब्लिक इंटर कॉलेज में वार्षिक समारोह संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। अम्बरगंज स्थित सेंट मैरी पब्लिक इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं के लिए दो दिवसीय वार्षिक पुरस्कार समारोह का भव्य आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में किया गया। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में जूही सिंह और समरीन मोहिज़ सिद्दीकी मौजूद रहीं, जिन्होंने प्री-नर्सरी से कक्षा 5 तक के बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए। वहीं दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ पश्चिम विधानसभा के समाजवादी पार्टी के विधायक अरमान खान शामिल हुए। साथ ही पुलिस लाइन मस्जिद के इमाम हाफ़िज़ मोहम्मद अहमद बकई ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। समारोह का विशेष आकर्षण कक्षा 7 के 13 वर्षीय छात्र मोहम्मद हस्सान रहे, जिन्होंने कम उम्र में स्कूल शिक्षा के साथ-साथ कुरान शरीफ हिफ्ज कर हाफ़िज़ होने का सम्मान हासिल किया। इस उपलब्धि पर हाफ़िज़ मोहम्मद अहमद बकई ने उनके सिर पर पगड़ी बांधकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद आमिर सिद्दीकी ने मोहम्मद हस्सान और उनके उस्ताद क़ारी हारून रशीद को पुरस्कार एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को मेहनत, अनुशासन और लगन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बच्चों को सम्मानित होते देख अभिभावकों के चेहरे खुशी से खिल उठे, वहीं शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता जताई।

विद्यालय प्रबंधन की ओर से आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए करीब 35 लाख रुपये की छात्रवृत्ति देने की घोषणा भी की गई साथ ही बताया गया की इस समय कॉलेज में आरटीई के अंतर्गत 212 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। कॉलेज के प्रबंधक मोहम्मद आमिर सिद्दीकी ने कहा कि संस्था का उद्देश्य प्रतिभाशाली और जरूरतमंद बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना तथा उन्हें आगे बढ़ने के अवसर देना है उन्होंने कहा की हमारे कॉलेज के लिए यह ख़ुशी की बात है कि आज हमारे कॉलेज से पहला बच्चा हाफ़िज़े कुरान हुआ है। कार्यक्रम तालियों की गूंज के बीच विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ संपन्न हुआ।

### फूड प्रोसेसिंग राज्य स्तरीय इम्पार्ड कमेटी की वर्चुअल बैठक लखनऊ में सम्पन्न

# खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों में तेजी से आगे बढ़ रहा उप्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- पीएमएफएमई योजना में देश में शीर्ष पर उत्तर प्रदेश
- खाद्य प्रसंस्करण नीति-2023 से निवेश व रोजगार को नई गति, किसानों की आय वृद्धि और स्टार्ट-अप को मिलेगा सशक्त समर्थन

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल मार्गदर्शन मे उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग तेजी से एक प्रमुख औद्योगिक हब के रूप में विकसित हो रहा है। यूपी की खाद्य प्रसंस्करण नीति से निवेश, रोजगार और निर्यात को नई रफ्तार मिल रही है। प्रदेश सरकार द्वारा लागू उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीतिऽ2023 का उद्देश्य राज्य में निवेश, रोजगार और निर्यात को प्रोत्साहित करते हुए किसानों की आय में वृद्धि करना है। उप मुख्यमंत्री के नेतृत्व व निर्देशन मे खाद्य प्रसंस्करण विभाग, खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र मे सुदृढ़ नीति एवं पारदर्शी व्यवस्था के साथ आगे बढ़ रहा है।

कृषि उत्पादन आयुक्त, उप्र. शासन दीपक कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अन्तर्गत गठित राज्य स्तरीय इम्पावर्ड समिति (एस.एल.ई.सी.) की 19वीं बैठक वर्चुअल माध्यम से आईआईडीसी, इन्वेस्ट यूपी हॉल, गोमतीनगर, लखनऊ में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की प्रगति, नई परियोजनाओं के अनुमोदन तथा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग बी एल मीणा ने बताया कि 21 मई 2026 तक पोर्टल पर कुल 1745 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 521 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान करते हुए लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) जारी किए जा चुके हैं। वर्तमान में 20 नए प्रस्ताव समिति के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किए गए। वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि वर्ष 2023-24 से अब तक कुल 521 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है तथा 307.81 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की जा चुकी है। बैठक में वर्ष 2026-27 के दौरान 1 अप्रैल 2026 से 25 मई 2026 तक 28.45 करोड़ रुपये की सब्सिडी हस्तांतरित किए जाने की जानकारी भी दी गई। समिति के समक्ष प्रस्तुत 20 नए प्रस्तावों में कानपुर देहात स्थित गुड ड्रॉप वाइन सेलर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा केले से निर्मित कार्बोनेटेड वाइन, हाथरस में कुट्टू एवं सौंफ प्रसंस्करण, मुजफ्फरनगर के जैगरी आधारित उत्पाद तथा बिजनौर से जूस, बेवरेज एवं अन्य बेकरी एवं कन्फ़ेक्शनरी उत्पादों के लिए फ्रक्टोज शुगर निर्माण जैसी परियोजनाएं प्रमुख रूप से शामिल रहीं। इसके अतिरिक्त फ्रोजन फूड, आरटीई स्नैक्स, बेकरी उत्पाद, काजू प्रोसेसिंग एवं अन्य खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों से संबंधित प्रस्तावों पर भी विचार किया गया। प्रस्तुत नए प्रस्तावों में फ्रोजन फूड, आरटीई स्नैक्स, बेकरी उत्पाद, काजू प्रोसेसिंग, आइसक्रीम विस्तार, गुड़ आधारित उत्पाद, मसाला एवं अनाज प्रसंस्करण सहित विभिन्न खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की परियोजनाएं शामिल रहीं। कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार द्वारा बैठक में निर्देशित किया गया कि जिन जनपदों से खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों से संबंधित परियोजना प्रस्ताव प्राप्त नहीं हो रहे हैं, वहां के जिलाधिकारियों को पत्र प्रेषित कर योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं निवेशकों को प्रोत्साहित करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे प्रदेश के सभी जनपदों में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना को बढ़ावा मिल सके। बैठक में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उत्तर प्रदेश को वित्तीय वर्ष 2025-26 में ऋण वितरण के आधार पर देश का शीर्ष प्रदर्शन करने वाला राज्य बताया गया। इसके अतिरिक्त, विभिन्न थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेंसियों (टीपीआईए) की प्रगति की समीक्षा करते हुए निरीक्षण कार्यों को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र, एटा के गौरव सचान, कानपुर देहात के नवनीत कुमार एवं बाराबंकी के एफ. रहमान अंसारी को खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश प्रोत्साहन एवं उद्योग स्थापना में उल्लेखनीय योगदान हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की प्रो. दिव्या रानी सिंह को उत्कृष्ट थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेंसी (टीपीआईए) कार्य के लिए तथा डॉ. अरविंद कुमार सिंह, सेवानिवृत्त अपर निदेशक, पशुपालन विभाग को उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

# डीएम की स्वास्थ्य विभाग पर सख्ती, लापरवाह कर्मियों पर कार्रवाई के निर्देश

❒ बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की स्थिति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की स्थिति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि ड्यू लिस्ट के अनुसार शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाये।

उन्होंने कहा कि सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी टीकाकरण कार्यों की नियमित रूप से समीक्षा करें तथा सभी सत्र समय से आयोजित किये जाये। किसी भी एएनएम के एक सप्ताह से अधिक का अवकाश जाने की स्थिति में अन्य किसी एएनएम के माध्यम से आदेश जारी करते हुये टीकाकरण सत्र आयोजित किया जाये। सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी इस आशय का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करें कि सभी सत्रों के आयोजन हेतु समुचित प्रबंध कर लिये गये हैं। सत्र के आयोजन के पूर्व बुलावा पर्ची अवश्य वितरित करायी जाये। मीजिल्स रूबेला के मामले से संबंधित सभी एएनएम का जवाब तलब कर विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। नियमित सत्र आयोजन में लापरवाही पर एमओआईसी कसमण्डा के विरूद्ध नोटिस जारी करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। इसके साथ ही जांच में लापरवाही के कारण विलम्ब होने पर जिला चिकित्सालय के संबंधित लैब टेक्नीशियन एवं पैथॉलाजिस्ट को प्रतिकूल प्रविष्टि दिये जाने के निर्देश भी दिये। गत 06 माह में शून्य प्रसव कराने वाली आशाओं को नोटिस जारी करते हुये उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये।

जिलाधिकारी ने कहा कि झोलाछाप डाक्टरों के विरूद्ध अभियान चलाते हुये कड़ी कार्यवाही की जाये तथा सभी एमओआईसी इस आशय का प्रमाण-पत्र दें कि उनके क्षेत्र में कोई भी झोलाछाप डाक्टर का क्लीनिक संचालित नही है। जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को सुचारू रूप से संचालित किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी मातृ सुरक्षा केन्द्रों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि सभी फैसिलिटी और आयुष्मान आरोग्य प्रभावी रूप से संचालित कराये जाए और आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। पी0एम0एस0एम0ए0 एवं वी0एच0एस0एन0डी0 दिवसों का प्रभावी रूप से आयोजित कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम का प्रभावी रूप से संचालन कराया जाय और इसके लिए अधिक से अधिक जांचे की जाये। चिन्हित मरीजों को समुचित उपचार तथा शासन द्वारा दी जा रही सुविधाएं प्रदान की जायें।

जिलाधिकारी ने कहा कि खराब प्रगति वाले कार्यक्रमों एवं योजनाओं की प्रगति में सुधार किया जाये। सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी चिकित्सालयों की व्यवस्थाएं सुदृढ़ की जाये तथा साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाये। प्रसव के दौरान समस्त सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि मातृ मृत्यु के मामलों में डेथ ऑडिट समय से कराया जाये और डेथ ऑडिट के अनुसार दोषी पाये गये कार्मिकों के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत गोल्डेन कार्ड की प्रगति में सुधार के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी चिकित्सालयों में मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें तथा रेफरल के सभी मामलों की प्रभारी चिकित्साधिकारी द्वारा समीक्षा अवश्य की जाये।

# शाहजहांपुर में अखिलेश यादव के लगाए गए विवादित होर्डिंग, भड़के सपाई, फाड़े पोस्टर

❒ पोस्टर में अखिलेश यादव को बताया महिला विरोधी, सपा नेताओं ने जताया विरोध, पोस्टर लगाने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को महिला विरोधी बताते हुए किसी ने कई जगहों पर होर्डिंग लगा दिए। इसकी जानकारी मिलने पर आक्रोशित सपा नेताओं व पदाधिकारियों ने होर्डिंग फाड़ दिए। वहीं, सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां के नेतृत्व में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर पोस्टर लगाने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की गई।

सोमवार रात शहर के खिरनीबाग, कचहरी, कैंट क्षेत्र में इमली रोड, रोडवेज बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन रोड पर सपा को महिला विरोधी बताते हुए होर्डिंग लगा दिए गए। मंगलवार सुबह जानकारी होने पर सपा नेता भड़क गए। रेलवे स्टेशन मार्ग पर सपा जिलाध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज ने होर्डिंग पोस्टरों को हटाया। जबकि इमली रोड और कचहरी रोड पर लगे छात्र सभा के जिलाध्यक्ष प्रसून कनौजिया ने पोस्टरों को फाड़ दिया।इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां के नेतृत्व में पार्टी के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्रित हुए और नारेबाजी करते हुए कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां डीएम को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को दिया गया। जिसमें पोस्टर लगाने वालों पर रिपोर्ट दर्ज कराने, भूसे की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने की मांग की गई। सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व पार्टी को महिला आरक्षण विरोधी होने के आपत्तिजनक पोस्टर लगाकर सत्ता पक्ष के लोगों ने माहौल खराब करने की कोशिश की है। इसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा अखिलेश यादव ने वर्ष 2023 में सदन में महिला आरक्षण बिल का समर्थन किया था। इसलिए सपा महिला आरक्षण विरोधी नहीं है। भाजपा झूठ का सहारा लेकर छवि धूमिल करना चाहती है। सपा छात्र सभा के जिलाध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया ने चेतावनी दी कि दोबारा ऐसा कृत्य करने पर भाजपा सरकार के काले कारनामों को गली-गली पोस्टर लगाकर उजागर करेंगे। इस दौरान सपा के प्रदेश सचिव विजय सिंह, रामसूरत यादव, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्लाह सिद्दीकी, सपा जिला उपाध्यक्ष संजीव वर्मा, ओंकार सिंह, परवेज अंसारी, पार्थ यादव, अश्वनी बघेला, मोनू कुरेशी, रोहित यादव उर्फ अमर सिंह, सौमित्र यादव, रामनिवास यादव, गुफरान, फराज इदरीसी, देवेंद्र कुमार मिश्रा एडवोकेट, इमरान खान, इम्तियाज अली, अंकित वर्मा, राकेश यादव, अनिल भास्कर, अवधेश यादव, सुरेश, जितेंद्र, अमन खान, उजैर खान, सपा जिलाध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि मौजूद रहे।

# मछरेहटा में 'कागजी खड़ंजा' घोटाला! 8 महीने बाद भी अधूरा काम, पूरा भुगतान

❒ 'कागजों पर चमका खड़ंजा, धरातल पर सिर्फ कीचड़'

❒ विकास खंड मछरेहटा पर उठे भ्रष्टाचार के गंभीर सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मछरेहटा, सीतापुर। उत्तर प्रदेश सरकार की ल्लजीरो टॉलरेंसङ्क नीति को खुली चुनौती देते हुए विकास खंड मछरेहटा की ग्राम पंचायत सडिला में क्षेत्र पंचायत निधि से कराए जा रहे खड़ंजा निर्माण में बड़े घोटाले के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि करीब 8 महीने बीत जाने के बावजूद खड़ंजा निर्माण आज तक अधूरा पड़ा है, लेकिन सरकारी अभिलेखों और मौके पर लगे साइनबोर्ड में कार्य को ल्लशत-प्रतिशत पूर्णङ्क दर्शाकर पूरा भुगतान निकाल लिया गया। ग्रामीणों के मुताबिक धरातल पर विकास कार्य अधूरा है और कई स्थानों पर अब भी कीचड़ व बदहाल स्थिति बनी हुई है, जबकि कागजों में विकास ल्लचकाचकङ्क दिखाया जा रहा है। इससे पूरे मामले में वित्तीय अनियमितता और मिलीभगत की आशंका गहरा गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस पूरे मामले को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया। बिना किसी भौतिक सत्यापन (Physical Verification) के ही भुगतान फाइलों पर हस्ताक्षर कर दिए गए और सरकारी धन का भुगतान कर दिया गया।

## अधिकारियों की चुप्पी पर सवाल

यह मामला अब विकास खंड मछरेहटा की कार्यप्रणाली पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहा है। ग्रामीणों और स्थानीय लोगों के बीच चर्चा है कि जब निर्माण कार्य अधूरा है, तो आखिर किस आधार पर भुगतान स्वीकृत किया गया। लोग सवाल उठा रहे हैं कि: जब खड़ंजा आज भी अधूरा है तो पूरा भुगतान किस नियम के तहत किया गया। क्या बिना मौके की जांच के सरकारी धन जारी कर दिया गया, क्या ब्लॉक स्तर पर फर्जी भुगतान और कमीशनखोरी का खेल चल रहा है?, फाइलों को हरी झंडी देने वाले जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका क्या रही।

## डीएम की सख्ती पर भी उठे सवाल

एक ओर जनपद के जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पारदर्शिता की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर अधीनस्थ अधिकारियों की कार्यप्रणाली प्रशासनिक दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। सडिला का यह ल्लकागजी खड़ंजाङ्क सरकारी निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। गाँव की चौपालों पर अब लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि विकास के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई और जनता को गुमराह किया गया। अब लोगों की नजर जिला प्रशासन पर टिकी है कि इस मामले में निष्पक्ष जांच होगी या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

## क्या बोले जिम्मेदार

जब इस पूरे मामले में एडीओ पंचायत मछरेहटा से फोन पर जानकारी ली गई तो उन्होंने बीडीओ से बात करने की बात कही। जब उन्हें बताया गया कि बीडीओ अवकाश पर हैं, तो उन्होंने ब्लॉक प्रमुख से संपर्क करने की सलाह दी। वहीं, इस संबंध में जब जेई मो. शुएब से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें मामले की जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि वह अगले दिन ब्लॉक जाकर फाइल देखने के बाद ही कुछ बता पाएंगे। अब सवाल यह उठ रहा है कि जब विभागीय अधिकारियों को ही मामले की स्पष्ट जानकारी नहीं है, तो जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों को इसकी जानकारी कैसे होगी?

# धान उत्पादन में जल संरक्षण के लिये एडब्लूडी तकनीक पर कृषि विज्ञान केंद्र में प्रशिक्षण आयोजित

❒ धान खेती में बारी-बारी से गीला एवं सूखा तकनीक से घटेगी लागत और मीथेन उत्सर्जन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। कृषि विज्ञान केंद्र, कटिया, सीतापुर एवं टेनेजर इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में धान उत्पादन में जल संरक्षण एवं ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी लाने हेतु ल्लअल्टरनेट वेटिंग एंड ड्राइंग (इडक)ङ्क अर्थात ल्लबारी-बारी से गीला एवं सूखा रखने की तकनीकङ्क विषय पर एक दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र, कटिया, सीतापुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. दया शंकर श्रीवास्तव ने धान उत्पादन में जलवायु-स्मार्ट कृषि तकनीकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा जनपद में धान की सीधी बुवाई, जल संरक्षण आधारित सिंचाई प्रबंधन, मीथेन उत्सर्जन में कमी तथा उत्पादन लागत घटाने हेतु विभिन्न प्रक्षेत्रीय परीक्षण एवं अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इडक तकनीक धान उत्पादन प्रणाली को अधिक टिकाऊ, लाभकारी एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित टेनेजर इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड की एसोसिएट डायरेक्टर ऐलाई बोर्डमैन ने भारत में संस्था द्वारा संचालित जलवायु-स्मार्ट कृषि एवं टिकाऊ धान उत्पादन कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि संस्था किसानों के मध्य वैज्ञानिक कृषि तकनीकों के प्रसार, कार्बन उत्सर्जन में कमी तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण हेतु विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य कर रही है। उन्होंने इडकतकनीक को भविष्य की जल-संरक्षण आधारित धान खेती के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

विशिष्ट वक्ता एवं टेक्निकल डायरेक्टर डॉ. एस. पी. सिंह ने बदलती जलवायु परिस्थितियों में वैज्ञानिक जल प्रबंधन आधारित कृषि प्रणालियों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि कम जल उपयोग में अधिक उत्पादकता प्राप्त करने वाली तकनीकों का व्यापक स्तर पर प्रसार समय की आवश्यकता है। उन्होंने किसानों को संसाधन संरक्षण आधारित टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने हेतु प्रेरित किया। तकनीकी सत्र में डीसीएम श्रीराम के असिस्टेंट मैनेजर (एग्रीटेक) राकेश चंद्र यादव द्वारा इडकतकनीक पर विस्तृत पॉवर पॉइंट प्रस्तुतीकरण दिया गया। उन्होंने खेत में इडक पाइप की स्थापना, जल स्तर की निगरानी, सिंचाई प्रबंधन तथा तकनीक से होने वाले आर्थिक एवं पर्यावरणीय लाभों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

# नवनिर्मित आंगनबाड़ी केन्द्र का प्रधान ने किया उद्घाटन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मिश्रिख, सीतापुर। मिश्रिख ब्लाक की ग्राम पंचायत बढ़ैया में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन प्रधान अरुन मौर्य ने किया। प्रधान ने बताया कि केंद्र व प्रदेश सरकार आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से भी शिक्षा का उजाला कर रही है। गांव का कोई भी बच्चा ऐसा ना हो जो शिक्षा से वंचित रहे।

इसके लिए सरकार गांव में आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कराकर आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा पहुंचाने का कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि बच्चों का देखभाल भी पोषाहार के माध्यम से हो रहा है। योजनाएं बच्चों व गर्भवती महिलाओं को मिले इसके लिए प्रत्येक माह पौष्टिक आहार भी वितरण करती है। इस मौके पर सीडीपीओ अनीता सिंह, रागिनी सिंह सुपरवाइजर,सुहानी देवी आंगनवाड़ी कार्यकत्री,रामसहेली मौर्य सहायिका, सोमवती आंगनवाड़ी कार्यकत्री, जयश्री सहायिका,जितेंद्र सिंह प्रधानाध्यापक, नगिता देवी आशाबहु, आकाश मौर्य पंचायत सहायक, चंद्रशेखर, शिव सागर पंचायत मित्र, निर्मल मिश्रा,सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# फर्जी पेट्रोल पंप का भंडाफोड़, नकली डीजल-पेट्रोल बेचने वाले 05 गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना रोजा पुलिस ने डिंगुरपुर गांव के पास संचालित अवैध पेट्रोल पम्प का भंडाफोड़ कर नकली डीजल और पेट्रोल की बिक्री करने वाले पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से पुलिस ने दो पारदर्शी प्लास्टिक डिब्बा, एक फर्जी कूटरचित डीजल ऑयल विक्रय लाइसेंस, एक कंपनी से खरीदे गए केमिकल के चार बिल व करीब 10 हजार लीटर तरल पदार्थ बरामद किया है।

पकड़े गए अभियुक्त थाना निगोही क्षेत्र के गांव मुड़िया जमा खान निवासी शिवराज वर्मा, थाना रोजा क्षेत्र के पिपरिया प्रह्लाद गांव निवासी पवन उर्फ अमन व बबलू उर्फ रॉकी, थाना सिंधौली क्षेत्र के मूड़ा हारिस गांव निवासी रामबरन उर्फ वीरेश, जनपद लखीमपुर खीरी के थाना मोहम्मदी क्षेत्र के गांव ग्राम इब्राहिमपुर करियारा निवासी अशरफ अली खां हैं।प्रेसवार्ता के दौरान एसपी सिटी देवेंद्र कुमार ने बताया कि 22 मई को पूर्ति निरीक्षक संजय कुमार यादव ने डींगुरपुर गांव के पास बने पेट्रोल पम्प से अनाधिकृत रुप से डीजल और पेट्रोल की बिक्री करने पर पम्प की डिस्पेंसिंग यूनिट नोजल एवं दोनों भूमिगत टैंक को सील कर दिया था। साथ ही रोजा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले में टीमों का गठन किया गया और नामजद अभियुक्तों से पूछताछ की गई। इसी क्रम में बीती रात पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर गुर्री गांव के पास से शिवराज वर्मा, पवन उर्फ अमन व बबलू उर्फ रॉकी, रामबरन उर्फ वीरेश और अशरफ अली खां को गिरफ्तार किया।पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि शिवराज वर्मा और अशरफ अली खां के पिता नफीस अहमद ने मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर एक अवैध पेट्रोल पंप संचालित किया था। रामबरन तेल की व्यवस्था करता था। अधिक लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से पेट्रोल एवं डीजल में केमिकल मिश्रित कर उसकी बिक्री करते थे। बताया कि सभी करीब एक वर्ष से तेल की अवैध बिक्री का कार्य कर रहे थे। मिश्रित पेट्रोल व डीजल की बिक्री से उन्हें काफी अच्छा मुनाफा होता था। जिसे वो लोग आपस में बराबर से बांट लेते थे। बताया कि गेहूं की कटाई के दौरान तेल की अधिक बिक्री होती थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी शिवराज वर्मा पर आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा में रोजा के अलावा थाना निगोही व सेहरामऊ दक्षिणी में भी मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

## अखिल भारतीय प्रधान संघ की मिश्रित ब्लाक अध्यक्ष ने ग्राम प्रधानों को दी हार्दिक बधाई



**मिश्रित, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रदेश में ग्राम प्रधानों का कार्यकाल 25 मई को समाप्त हो चुका है । परन्तु प्रदेश शासन व्दारा चुनाव न कराकर उनको ही प्रशासक के रूप में नियुक्त करके विकास कार्य कराने के निर्देश जारी किए गए है । ग्राम प्रधानों का कहना है कि शासन द्वारा ऐसा प्रस्ताव पंचायतीराज विभाग में पहली बार हुआ है । प्रदेश शासन व्दारा यह साफ कर दिया गया है । कि ग्राम प्रधानों का चुनाव 2027 में कराया जाएगा । प्रदेश शासन के प्रस्ताव को लेकर प्रधानों में खुशी का माहौल व्याप्त है । विकासखंड मिश्रित की ग्राम पंचायत पतौंजा निवासिनी महिला ग्राम प्रधान व अखिल भारतीय प्रधान संघ की अध्यक्ष ब्लाक अध्यक्ष मुन्नी देवी ने प्रदेश शासन के प्रस्ताव का सम्मान करते हुए विकासखंड मिश्रित के सभी सम्मानित ग्राम प्रधानों को हार्दिक बधाई दी है ।

## नाबालिग से शारीरिक संबंध बनाने वाला गिरफ्तार



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना सदर बाजार पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।18 मई को थाना सदर बाजार पुलिस को तहरीर देकर एक व्यक्ति ने बताया कि क्षेत्र के मोहल्ला बेहटा शहबाजनगर का रहने वाला सोनू पुत्र रामस्वरूप उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अभियुक्त सोनू के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। इसके बाद किशोरी बरामद कर उसके बयानों और साक्ष्यों के आधार पर दर्ज रिपोर्ट में दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में बढ़ोत्तरी की। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त सोनू को पुवायां रोड शहबाजनगर तिराहा से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त सोनू को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार के उपनिरीक्षक लक्ष्मण चन्द्र के साथ कास्टेवल मनीष कुमार मौजूद रहे।

## दुकान का ताला तोड़कर शराब चोरी करने के 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना सदर बाजार पुलिस ने शराब की दुकान का ताला तोड़कर शराब चोरी करने वाले 02 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।12 मार्च को थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला केशवनगर निवासी प्रमोद गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वो लाइसेन्सी शराब की दुकान पर काम करता है। रात में अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर 30 पेटी (1300 क्वाटर) और काउन्टर में रखे करीब 2500 रूपए चोरी कर लिए। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और उनकी तलाश शुरू की। इसी क्रम में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सुभाषनगर फाटक के पास से दो लोगों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभियुक्त थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला कटिया टोला निवी सूरज पुत्र लालाराम और थाना रोजा के मोहल्ला लोधीपुर निवासी आकाश पुत्र मुन्नालाल कश्यप है। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से करीब 1700 रूपए भी बरामद किए। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार की महिला उपनिरीक्षक नम्रता सिंह के साथ उपनिरीक्षक सिद्धार्थ भाटी, हेड का. मनोज कुमार, का. रोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

## झरेखापुर चौकी में भक्ति और सेवा का संगम, चौथे मंगलवार पर हुआ विशाल भंडारा

**हरगांव, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हरगांव थाना क्षेत्र में झरेखापुर चौकी पुलिस ने ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया।चौकी परिसर के सामने स्थित शिव मंदिर पर हनुमान जी का चित्र स्थापित कर पूजन अर्चन के बाद सब्जी पूड़ी का भोग लगाकर प्रसाद वितरण शुरू किया।श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया,जिसकी पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है।भक्तिमय माहौल में जयकारों और भजनों के बीच पूरा वातावरण धार्मिक आस्था से सराबोर रहा, जिससे उपस्थित लोगों में उत्साह का संचार हुआ।इस आयोजन की व्यवस्था चौकी पर तैनात सिपाहियों ने स्वयं संभाली।श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करते हुए क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।पुलिसकर्मियों ने पूरी निष्ठा और विनम्रता के साथ सेवा भाव का प्रदर्शन किया,जिससे श्रद्धालुओं के चेहरे पर संतोष और प्रसन्नता दिखाई दी।भंडारे में महिलाएं, बुजुर्ग,युवा और बच्चों सहित भारी संख्या में लोग देर शाम तक जुटे रहे।स्थानीय नागरिकों ने भी इस आयोजन को सफल बनाने में बढ़-चढ़कर सहयोग किया।

# अभिनेता राजपाल यादव का छात्र-छात्राओं ने किया स्वागत

❒ छात्र-छात्राओं को सदैव सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने तथा शिक्षा के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। फिल्म जगत के प्रख्यात अभिनेता राजपाल यादव ने आज मोहल्ला बिजलीपुरा स्थित गुरुकुल सेवा ट्रस्ट में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से मुलाकात की। इस दौरान गुरुकुल सेवा ट्रस्ट के संचालक कुमार सागर एवं ट्रस्ट के छात्र-छात्राओं ने पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। इस दौरान राजपाल यादव ने कहा कि शिक्षा एवं सेवाभाव जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत जरूरी है।

छात्र-छात्राओं को सदैव सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने तथा शिक्षा के माध्यम से समाज एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। बता दें कि लेनदेन के मामले में चल रहे एक मुकदमें में अभिनेता राजपाल यादव को जेल भेज दिया गया था। उस समय इसी संस्था के छात्र-छात्राओं ने राजपाल यादव का अपनी पॉकेट मनी गुल्लक से आर्थिक सहयोग किया था और जेल से छूटने के बाद उन्हें आमंत्रित किया था। फिलहाल, इसके बाद राजपाल यादव ने जिला प्रोबेशन अधिकारी के साथ सखी वन स्टॉप सेंटर पहुंचकर संवासिनियों से मुलाकात की और कहा कि जो बीत गया वह कल था और प्रत्येक व्यक्ति को अपने नए जीवन की शुरुआत सकारात्मक सोच एवं आत्मविश्वास के साथ करनी चाहिए। इसके बाद राजपाल यादव ने राजकीय बाल गृह (बालक) एवं शिशु गृह के बच्चों से मुलाकात कर उन्हें सदैव प्रसन्न रहने, शिक्षा ग्रहण करने तथा जीवन में सकारात्मक प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया और अपनी फिल्मों के चर्चित संवाद सुनाकर बच्चों का भरपूर मनोरंजन किया। इस दौरान राजकीय बाल गृह (बालक) एवं शिशु गृह का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# नाली निर्माण किये बिना करीब 3 लाख का भ्रष्टाचार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

परसेंडी, सीतापुर । विकासखण्ड परसेंडी में भ्रस्टाचार की सुर्खियां अक्सर बनी रहती हैं इन्ही सुर्खियों के बीच नाली निर्माण किये बिना ही लाखों रुपए ग्राम प्रधान और सचिव ने मिलकर ग्राम पंचायत निधि का दुरुपयोग करते हुए भ्रष्टाचार किया है। विकासखंड परसेंडी की ग्राम पंचायत सरावा के मजरा कोरैय्या में रामचंद्र के मकान से तालाब तक राज्य एवं पंद्रहवें वित्त से नाली निर्माण के नाम पर 24 मार्च 2025 को 227958(दो लाख सत्ताइस हजार नौ सौ अट्ठावन रुपये)निकाले गए।दो बार में करीब तीन लाख रुपये ग्राम प्रधान व सचिव ने मिलकर निकाल लिए।एक वर्ष बीत जाने के बाद भी नाली निर्माण नहीं कराया गया है।ग्रामीण पुतान सिंह भानू सिंह आदि ने पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान पर भ्रस्टाचार का आरोप लगाते हुए शाशकीय धनराशि का दुरुपयोग किये जाने की शिकायत की है।ग्रामीणों ने बताया नाली के नाम पर कागजों में पैसा खर्च होने के एक वर्ष बाद जब निर्माण के लिए सचिव अनिलेश यादव से बात की गयी तब जल्द ही निर्माण पूरा कराये जाने को कहकर टालमटोल कर रहे हैं।ग्रामीणों ने कहा ग्राम पंचायत में ऐसे ही लाखों का ग़बन और भ्रस्टाचार किया गया है।इस सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारी रजनीश शुक्ल ने बताया मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# किसान के घर डकैती डालने वाले पांच बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार, तीन के पैर में लगी गोली

❒ इस्लामनगर थाना क्षेत्र में किसान निजाकत के घर हुई 19 लाख रुपये की डकैती का पुलिस ने किया खुलासा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बदायूं। इस्लामनगर में किसान के घर डकैती डालने वाले पांच बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में किया है। इनमें तीन बदमाशों के पैर में गोली लगी है। एक सिपाही भी घायल हुआ है। पुलिस ने बदमाशों से तमंचे और कारतूस समेत लूटे गए जेवर बरामद किए हैं।

आपको बता दें कि इस्लामनगर थाना क्षेत्र में किसान निजाकत के घर हुई 19 लाख रुपये की डकैती का पुलिस ने खुलासा कर दिया।

सोमवार देर रात चंदौसी रोड पर पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।मुठभेड़ के दौरान तीन बदमाशों के पैर में गोली लगी, जबकि एक सिपाही भी घायल हो गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए तीन आरोपी संभल और दो हापुड़ के रहने वाले हैं। मुठभेड़ के दौरान संभल के गांव जनेठा निवासी किशनपाल, प्रतापपुर निवासी मनोज और हापुड़ निवासी भूरा के पैर में गोली लगी है। इनके दो साथी दीपक और ओमवीर कॉम्बिंग के दौरान पकड़े गए हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से डकैती में लूटे गए जेवरात बरामद किए हैं। बता दें कि बीते मंगलवार को इस्लामनगर थाना क्षेत्र में किसान निजाकत के घर सशस्त्र बदमाशों ने धावा बोलकर करीब 19 लाख रुपये की नकदी और जेवरात लूट लिए थे। विरोध करने पर परिवार को बुरी तरह पीटा था। घटना के बाद से पुलिस लगातार बदमाशों की तलाश में जुटी हुई थी। वहीं

एसएसपी अंकिता शर्मा ने बताया कि सोमवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि संदिग्ध बदमाश चंदौसी रोड की ओर जा रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी की तो बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में तीन बदमाशों के पैर में गोली लगी और उन्हें दबोच लिया गया। अन्य दो आरोपियों को भी पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। वहीं घायल बदमाशों और घायल सिपाही अनुज चौधरी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। एसएसपी का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश भी जारी है।

# डीएम के निर्देश पर तहसील गुन्नौर के ग्राम सैंजना एवं ग्राम झुकैरा में 39 बीघा तालाब की भूमि से हटाया गया अवैध कब्जा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ जिलाधिकारी द्वारा बैठक के माध्यम से समस्त उप जिलाधिकारियों, तहसीलदार एवं खण्ड विकास अधिकारी को 2 हेक्टेयर एवं उससे अधिक के तालाबों को चिन्हिकरण करते हुए सूची बनाने एवं कब्जा मुक्त कराने के दिए थे निर्देश

बहजोई , सम्भल। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल द्वारा दिनांक 20 मई बुधवार को जनपद में चक मार्गों एवं तालाबों पर से अवैध कब्जे हटाने के संबंध में समस्त उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं खण्ड विकास अधिकारियों के साथ एक गहन समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को , चक मार्गों एवं सरकारी तालाबों को अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए गए थे। जिलाधिकारी ने जनपद में 2 हेक्टेयर एवं उससे अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों का चिन्हीकरण कर उनकी सूची तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए ।इसी क्रम में आज उप जिलाधिकारी गुन्नौर विकासचन्द्र के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा गुन्नौर तहसील के अन्तर्गत तालाबों का चिन्हिकरण करते हुए ग्राम सैंजना एवं ग्राम झुकैरा में लगभग 39 बीघा भूमि पर से अवैध कब्जा को कराया कब्जा मुक्त।उपजिलाधिकारी गुन्नौर एवं राजस्व निरीक्षक जाहरी सिंह तथा नदीम अहमद एवं लेखपाल राजवीर सिंह तथा सचिन मित्तल, एवं सुधीर सिंह द्वारा पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से ग्राम सैंजना में तालाब भूमि गाटा संख्या 602 रकबा 0.240 हेक्टेयर जिसपर अस्थायी रूप से कब्जा हुआ पाया गया के अवैध कब्जा को कब्जा मुक्त कराया। इसी प्रकार उप जिलाधिकारी गुन्नौर के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक बृजपाल सिंह एवं रनवीर सिंह तथा लेखपाल दुर्गेश त्रिपाठी,अनुज दुबे, तथा अखिलेश एवं विनीत कुमार द्वारा पुलिस बल के साथ ग्राम झुकैरा की तालाब भूमि गाटा संख्या 1 कमि. रकबा 2.290 हेक्टेयर को चिन्हांकित करते हुए अवैध कब्जा को कब्जा मुक्त कराया। उप जिलाधिकारी विकासचन्द्र ने बताया कि आज तालाबों से कब्जा मुक्त करने की कार्यवाही करते हुए लगभग 39 बीघा भूमि को मुक्त कराया गया।जिलाधिकारी के निर्देशानुसार यह अभियान लगातार जारी रहेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में तालाबों एवं चक मार्गों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। तालाबों का संरक्षण जल संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है, इसलिए इनके चिन्हीकरण एवं संरक्षण की कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर की जा रही है।

# बीमारी से परेशान अधेड़ ने लाइसेंसी बंदूक से खुद को मारी गोली, गांव में सनसनी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

महमूदाबाद, सीतापुर। कोतवाली महमूदाबाद क्षेत्र के ग्राम मरहमत नगर भेथरा में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। गांव निवासी राकेश मिश्रा पुत्र अवध नारायण मिश्रा ने अपनी ही लाइसेंसी एकनाल बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। गोली चलने की तेज आवाज सुनते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। घटना के बाद गांव में शोक और चर्चा का माहौल बना हुआ है।जानकारी के अनुसार राकेश मिश्रा पिछले करीब दो वर्षों से फालिस की बीमारी से पीड़ित थे। परिजनों के मुताबिक उनका इलाज लखनऊ में चल रहा था और स्वास्थ्य में कुछ सुधार भी हो रहा था, लेकिन बीमारी के चलते वे मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगे थे। बताया जाता है कि करीब दो माह पूर्व उनकी पत्नी रजनी देवी की बीमारी से मौत हो गई थी, जिसके बाद से वे और अधिक टूट गए थे तथा अक्सर जीवन समाप्त करने जैसी बातें किया करते थे।सोमवार सुबह करीब 10 बजे राकेश मिश्रा घर के आंगन में चारपाई पर लेटे हुए थे। इसी दौरान उन्होंने कमरे में टंगी अपनी लाइसेंसी बंदूक उतार ली और अपने पास रख ली। मृतक के छोटे बेटे मनीष मिश्रा ने बताया कि उनकी पत्नी ने बंदूक हटाने का प्रयास किया, लेकिन राकेश मिश्रा नहीं माने। जैसे ही परिवार के लोग बाहर गए, उन्होंने बंदूक में कारतूस भरकर पैर से ट्रिगर दबा दिया। गोली गर्दन को चीरते हुए निकल गई, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही फॉरेंसिक टीम और महमूदाबाद पुलिस मौके पर पहुंच गई।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, घर में मिला शव, हत्या की आशंका

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ मायके पक्ष के लोगों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पति समेत आठ लोगों के खिलाफ तहरीर दी है

बदायूं। वजीरगंज क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक विवाहिता का शव उसके घर में पड़ा मिला। मायके वालों ने ससुरालवालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बता दें कि वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव जुल्हेपुरा में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष के लोगों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पति समेत आठ लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। यह भी आरोप लगाया कि उनकी बेटी को ससुरालीजन काले रंग का भी ताना देकर बदसूरत बोलते थे। पुलिस ने विवाहिता के शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की है। बरेली जिला के भमोरा थाना क्षेत्र के गांव सेंदी गांव निवासी प्रदीप ने बताया कि उन्होंने अपनी बहन कमला (26 वर्ष) की शादी 2020 में वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव जुल्हेपुरा निवासी लेखराज उर्फ भूरे के साथ की थी। शादी में काफी दान-दहेज भी दिए लेकिन ससुराल वाले इससे संतुष्ट नहीं थे। वे उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करते रहते थे। सोमवार की रात करीब 10 बजे उनके पास उसकी बहन ने कॉल किया। बताया कि दहेज के लिए उसके ससुराल वालों ने उसे बहुत पीटा है। सुबह उसकी मौत की सूचना मिली। सुबह वे लोग पहुंचे तो बहन का शव घर में पड़ा हुआ था, ससुराल वाले भाग गए थे। सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। मायके पक्ष से मृतका के चाचा की ओर से पुलिस को दहेज हत्या के आरोप में तहरीर दे दी गई है। तहरीर में पति लेखराज उर्फ भूरे, देवर विनोद, देवेंद्र, दुर्गेश, ननद सरोज, प्रियंका, ससुर सूरजपाल और सास कांता पर दहेज हत्या का आरोप है। मायके पक्ष के लोगों ने बताया कि मृतका कमला अपने पीछे तीन छोटे बच्चों को छोड़ गई है। थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मायके पक्ष की तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## सामुदायिक नेत्र स्वास्थ्य एवं मोतियाबिंद जनित अंधत्व उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित

**संभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कलक्ट्रेट सभागार, बहजोई में प्रोजेक्ट नेत्र वसंत के अंतर्गत सामुदायिक नेत्र स्वास्थ्य एवं मोतियाबिंद जनित अंधत्व उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने की। इस अवसर पर ADM सत्य प्रिय सिंह, CMO डॉ. तरुण पाठक, ACMO डॉ. पंकज बिश्नोई जुनावई ब्लॉक के ग्राम प्रधान, आशा कार्यकर्ता एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। Sightsavers India एवं CL Gupta Eye Institute द्वारा संचालित इस परियोजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र जांच, मोतियाबिंद पहचान एवं निःशुल्क सर्जरी सेवाएं प्रदान की गईं। परियोजना के माध्यम से जुनावई ब्लॉक की 72 ग्राम पंचायतों को Bilateral Blinding Cataract Free घोषित किया गया।

नाबालिक से कार्य करने वालों पर होगी कार्रवाई, 10 दिन बाद चलेगा चेकिंग अभियानबदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में जिला श्रम बन्धु समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जनपद वासियों उद्यमी या व्यापारियों से आवाहन किया कि वह नाबालिकों से कोई भी कार्य न कराए, 10 दिन बाद चेकिंग अभियान चलाया जाएगा पकड़े जाने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि जनपद बदायूँ में लगभग 247000 निर्माण श्रमिक पंजीकृत है। प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना में 254 प्रतिष्ठान ई0पी0एफ0 में पंजीकृत है। इस अवसर पर सहायक श्रमायुक्त श्वेता गर्ग सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान (जिला प्रशिक्षण वर्ग) का समापन

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान (जिला प्रशिक्षण वर्ग)2026 का समापन प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद डॉक्टर दिनेश शर्मा के प्रेरक उद्बोधन के साथ हुआ दो दिनों में 11 सत्रो का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रशिक्षकों ने पार्टी के प्रशिक्षुओं को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया। दूसरे दिवस के समापन सत्र में बोलते हुए प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री व राज्यसभा सदस्य डॉक्टर दिनेश शर्मा ने पार्टी के इतिहास और विकास पर विस्तार से अपने विचार रखें उन्होंने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय व अटल बिहारी वाजपेई के क्रमिक संघर्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला वहीं प्रदेश स्तरीय नेताओं के प्रारंभिक संघर्षों के विषय में विस्तार से बताया। डॉ दिनेश शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसा दल है जिसका उद्देश्य केवल राजनीति करना नहीं है अपितु राष्ट्र का निर्माण इस दल का मुख्य ध्येय है। उन्होंने बताया कि अटल बिहारी वाजपेई के प्रधानमंत्रित्व काल में भारत को दुनिया के समक्ष अभूतपूर्व गौरव प्राप्त हुआ और आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस गौरव के आगे की गाथा लिख रहे हैं और संपूर्ण विश्व के सामने भारत का ध्वज सम्मान से लहरा रहा है। उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस ट्रेनिंग के बाद आप सबको 2027 के चुनाव में जाना है और दो तिहाई बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी का परचम पूरे प्रदेश में लहराना है इसके लिए हमें एक दूसरे की शक्ति बनकर संगठन को मजबूत करते हुए कार्य करना है। उन्होंने बताया की बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक प्रत्येक कार्यकर्ता को पार्टी के अनुशासन के अनुसार कार्य करना है और 2027 में उत्तर प्रदेश में कमल का फूल खिलाना है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व उत्तराखंड राज्य की प्रभारी पूर्व सांसद रेखा वर्मा ने अपने उद्बोधन में कार्यकर्ताओं को संगठित होकर पार्टी के दिए हुए लक्ष्यो को पूरा करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने तमाम विषयों पर अपने विचार रखें और साथ ही साथ बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक पार्टी की कार्यप्रणाली से उपस्थित प्रशिक्षुओं को अवगत कराया। अंत में जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार जताया एवं प्रशिक्षण ग्रहण करने वाले प्रशिक्षुओं से आज से ही मिशन 27 में लग जाने का आवाहन भी किया। प्रशिक्षण वर्ग की संयोजक प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा ने आए हुए सभी प्रशिक्षुओं और प्रशिक्षकों का आभार जताया।इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक शशांक त्रिवेदी विधायक मनीष रावत विधायक रामकृष्ण भार्गव निवर्तमान विधायक सुनील वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा जिला प्रभारी नीरज सिंह पूर्व एमएलसी राकेश सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता पूर्व जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय परिषद के सदस्य राकेश त्रिपाठी निवर्तमान जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, विश्राम सागरराठौर विपुल प्रताप सिंह सुधाकर शुक्ला पटेल रेखा वर्मा विश्राम सागर राठौर महेश शर्मा नैमिष रत्न तिवारी, प्रखर जायसवाल सुधीर वर्मा, विवेक श्रीवास्तव आकाश अग्रवाल, कामेश शुक्ला नीरज अवस्थी रितेश सिंह गौर ,महेंद्र वर्मा, अजय विश्वकर्मा, उदित बाजपेई अनूप विश्वकर्मा राहुल जायसवाल अमन विक्रम सिंह रामप्रताप सिंह सुधीर कुमार वर्मा सहित पार्टी के अपेक्षितगढ़ उपस्थित रहे।

## डिजिटल इंडिया' में बांस-बल्लियों के भरोसे बिजली, आंधी में टूटे तार तो धरने पर बैठे तंबौरवासी

**तंबौर, सीतापुर,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एक तरफ देश में 'डिजिटल इंडिया' का डंका बजाया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ आदर्श नगर पंचायत तंबौर का वार्ड 'अहमदाबाद पश्चिमी' आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए आदिम युग में जीने को मजबूर है। इस आधुनिक दौर में भी यहाँ के घरों तक बिजली लोहे के पोल से नहीं, बल्कि बांस-बल्लियों के जुगाड़ के सहारे पहुँचती है।बीती रात क्षेत्र में आई तेज आंधी और पानी ने विद्युत विभाग के इस 'बांस वाले जुगाड़' को उखाड़ फेंका, जिससे पूरा मोहल्ला घोर अंधेरे में डूब गया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वे नगर पंचायत से लेकर विद्युत विभाग के चक्कर काटकर थक चुके हैं और कई बार पक्के पोल लगाने की गुहार लगा चुके हैं, लेकिन प्रशासनिक अफसरों के कान पर जूं तक नहीं रेंगी।प्रशासन की इस बेरुखी से तंग आकर आखिरकार मोहल्लेवासियों ने खुद कमान संभाली। लोगों ने जमीन पर गिरे बांसों को दोबारा खड़ा किया, लेकिन विद्युत विभाग को लगातार सूचना देने के बाद भी कोई लाइनमैन या कर्मचारी जमीन पर फैले खतरनाक तारों को ठीक करने नहीं पहुंचा। विद्युत विभाग की इस घोर लापरवाही से परेशान होकर मोहल्ले के लोग ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन (इद्धध्द्रथ) के मीडिया प्रभारी खालिद मंसूरी के नेतृत्व में विद्युत उपकेंद्र पहुंच गए और धरने पर बैठ गए। उपभोक्ताओं के आक्रोश और धरने को देखकर विद्युत विभाग में हड़कंप मच गया, जिसके बाद आनन-फानन में कर्मियों को भेजकर जमीन पर पड़े तारों को जुड़वाया गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिशाषी अभियंता आकाश वर्मा ने आक्रोशित जनता को आश्वासन दिया है कि अगले 15 दिनों के भीतर मोहल्ले में पक्के विद्युत पोल लगा दिए जाएंगे और इस समस्या का स्थायी समाधान कर दिया जाएगा।इस प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी और ऑल इंडियन प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# राजकीय मेडिकल कॉलेज में महिला का दो बार गलत ऑपरेशन हालत बिगड़ी, 40 हजार रुपये वसूलने का आरोप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। राजकीय मेडिकल कॉलेज में ऑपरेशन के बाद महिला मरीज की हालत बिगड़ गई। उसके परिजनों ने डॉक्टरों पर गलत ऑपरेशन करने और 40 हजार रुपये वसूलने का आरोप लगाया है। बता दें कि राजकीय मेडिकल कॉलेज में एक महिला के पित्त की थैली का दो बार गलत ऑपरेशन करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि ऑपरेशन के नाम पर 40 हजार रुपये वसूले गए, लेकिन मरीज की हालत सुधरने के बजाय बिगड़ गई।

मरीज के पेट में संक्रमण फैल गया है और फ़ेफड़े भी सिकुड़ गए हैं। अब मरीज को सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। महिला के आक्रोशित परिजनों ने मंगलवार को कॉलेज में हंगामा किया। हजरतपुर निवासी भोले की पत्नी शोभा चौहान को 14 दिन पहले पित्त की थैली में समस्या के चलते मेडिकल कॉलेज लाया गया था। डॉक्टरों ने ऑपरेशन की सलाह दी और बरेली से एमआरआई व अल्ट्रासाउंड भी कराया गया। परिजनों का आरोप है कि एक महिला डॉक्टर ने ऑपरेशन के दौरान पेट में डाली गई नली को ज्यादा ऊपर कर दिया। इससे नली आंत में फंस गई और मरीज को एक दिन बाद ही पस आने लगा। इसके बाद डॉक्टरों ने दोबारा ऑपरेशन किया, लेकिन मरीज की स्थिति में सुधार नहीं हुआ। शाम को जांच के बाद पता चला कि मरीज का फ़ेफड़ा सिकुड़ गया है और उसे सांस लेने में दिक्कत हो रही है। मरीज के पेट में सड़न फैलने की भी जानकारी मिली है। परिजनों की शिकायत के बाद अधिकारियों ने संबंधित डॉक्टर को निलंबित करने की बात कही है। अब मरीज को बेहतर इलाज के लिए सैफई मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। वहींमरीज के तीमारदार मोहित ने बताया कि पित्त की थैली के ऑपरेशन के लिए उनसे 40 हजार रुपये वसूले गए। उन्हें आश्वासन दिया गया था कि इस रकम के बदले निजी अस्पताल जैसा बेहतर उपचार मिलेगा। यह रकम दो किस्तों में ली गई, पहले 12 हजार रुपये और फिर 28 हजार रुपये। मोहित का कहना है कि इतनी बड़ी रकम लेने के बावजूद इलाज ठीक से नहीं किया गया। इसके अलावा, कई दवाएं भी बाहर से खरीदने के लिए लिखी गईं। मरीज की बिगड़ती हालत और इलाज में लापरवाही से आक्रोशित परिजनों ने मेडिकल कॉलेज में जमकर हंगामा किया। उन्होंने कॉलेज परिसर में धरना प्रदर्शन भी शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों की लापरवाही के कारण मरीज की जान खतरे में पड़ गई है। वे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। फिलहाल, कॉलेज के अधिकारी मामले की जांच-पड़ताल में जुटे हुए हैं। राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरूण कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, सीएमएस को मौके पर भेजा। सीएमएस मामले का निस्तारण करा रहे हैं। मरीज को न्याय और उचित उपचार मिलेगा। किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला उद्योग बंधु की बैठक

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने मंगलवार को जिला उद्योग बंधु की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को उद्यमियों व व्यापारियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए कहा। उन्होंने सभी बैंकर्स से कहा कि वह शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेशों का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें, ऐसा न करने पर संबंधित बैंकर्स के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कराई जाएगी। कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने उपस्थित बैंकर्स से कहा कि वह विभिन्न शासकीय योजनाओं के आवेदकों के प्रति आदर का भाव रखें तथा उन्हें प्रोत्साहित करें। आवेदन को बिना ठोस आधार के निरस्त न किया जाए।बैठक में प्लेज पार्क योजना अंतर्गत उद्यमियों व्यापारियों को प्राइवेट औद्योगिक पार्क विकसित करने के लिए आमंत्रित किया गया, उन्हें बताया कि इस पर सरकार एक प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से लोन की भी सुविधा है, यह एक बेहतर योजना है। मिनी औद्योगिक स्थान बिसौली में चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए गए। बैठक में विद्युत अवस्थापना व अन्य निर्माण कार्यों से संबंधित समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए उपायुक्त उद्योग की अध्यक्षता में चार सदस्य कमेटी का गठन जिलाधिकारी के स्तर से किया गया जिसमें अन्य सदस्यों में विद्युत विभाग के अभियंता, लोक निर्माण विभाग के अभियंता व अन्य कार्यदायी संस्था के अभियंता को शामिल किया गया है। बैठक में मुख्यमंत्री युवा स्व रोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना आदि योजनाओं के आवेदनों, निरस्त आवेदनों, स्वीकृत आवेदनों की एक-एक कर समीक्षा की गई व आवश्यक दिशा निर्देश सभी बैंक अधिकारियों व अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल में समय अंतर्गत लंबित सभी प्रार्थना पत्रों का समय से निस्तारण करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान लाल पुल पर ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करने के उद्यमियों के अनुरोध पर अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग को उसका सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए।

# तहसील सभागार में आयोजित किया गया अधिवक्ता एवं प्रबुद्ध जन सम्मान समारोह

❒ वरिष्ठ अधिवक्ता स्व वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव की जयंती पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बिसवां, सीतापुर। तहसील बिसवा के वरिष्ठ अधिवक्ता स्व.वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव जयंती के उपलक्ष्य में तहसील परिसर स्थित तहसील सभागार में अधिवक्ता एवं प्रबुद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा एवं बिसवां लायर्स एसोसिएशन बिसवा के वरिष्ठ अधिवक्ताओ अधिवक्ताओं एवं चिकित्सकों, शिक्षक को सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश आशीष जैन, सीजेएम गौरव प्रकाश ने तहसील बिसवा के वरिष्ठ अधिवक्ता लालजी वर्मा,आर एन सिंह,कमलेश मौर्य मृदु, शमीम कौसर सिद्दीकी,बिलाए अध्यक्ष आनन्द मेहरोत्रा,सचिव बिलाए नागेन्द्र प्रताप मौर्य सहित अनेकअधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। प्रबुद्ध नागरिकों में पंच कैलाशी साधना बाजपेई,वरिष्ठ अवकाश प्राप्त शिक्षक सुरेश चन्द्र मिश्र,चिकित्सक डा अमित सक्सेना,नेत्र चिकित्सक डा मो शावेज़ सहित अन्य प्रबुद्धजन को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश आशीष जैन,विशिष्ट अतिथि मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गौरव प्रकाश,सिविल जज जूनियर डिवीजन बिसवां कुँवर दिव्यदर्शी,पूर्व ईडी अधिकारी एवं प्रमुख समाजसेवी शरद चौधरी,उपजिलाधिकारी बिसवां आकांक्षा गौतम, तहसीलदार बिसवा अनिल कुमार राम,सीतापुर बार एसोसिएशन अध्यक्ष अक्षय सहाय व महामंत्री सुधीर शर्मा, बिसवा बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजकिशोर यादव ने स्वर्गीय वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया एवं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।जनपद न्यायाधीश आशीष जैन, सीजेएम गौरव प्रकाश, सिविल जज कुँवर दिव्यदर्शी,उपजिलाधिकारी बिसवा आकांक्षा गौतम, तहसीलदार अनिल कुमार राम, सीतापुर बार एसोसिएशन अध्यक्ष अक्षय सहाय, पूर्व ईडी अधिकारी शरद चौधरी ने स्व वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के व्यक्तित्व पर विचार रखते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।वरिष्ठ अधिवक्ता स्व वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के सुपुत्र मनोज कुमार श्रीवास्तव ने अतिथिगणों को स्मृति चिन्ह,शाल भेंट किया।अतिथियों को बिसवा बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश कुमार श्रीवास्तव,राज किशोर यादव, अशोक वर्मा,कैलाश नाथ श्रीवास्तव,जयपाल सिंह, अनमोल कन्हैया, जितेन्द्र मिश्रा,के के वैश्य,शिशुपाल यादव, शिव सागर यादव, मोहित सैनी,गुंजन कौशल रेनू राजपूत,प्रीति श्रीवास्तव आदि ने माल्यार्पण,बैज अलंकरण एवं बुके भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया।कार्यक्रम का संचालन कवि आनंद खत्री ने किया। कार्यक्रम संयोजक अधिवक्ता एवं सचिव बिसवा बार एसोसिएशन नीरज कुमार श्रीवास्तव ने सभी उपस्थित जनो का स्वागत करते हुए सभी के प्रति हृदय से आभार प्रकट किया। सीतापुर बार एसोसिएशन अध्यक्ष अक्षय सहाय, महासचिव सुधीर शर्मा,वरिष्ठ अधिवक्ता आर एन सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वरिष्ठ अधिवक्ता व साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु ने अपने संबोधन में स्वर्गीय वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आना व जाना तो है जग की गति रोज ही लाख करोड़ गये हैं। स्व वीरेंद्र श्रीवास्तव जी तौ जनमानस पै व्यक्तित्व की छाप ही छोड़ गये हैं।अपने घर के स्पंदनों को सबके उरों से ''मृदु'' जोड़ गये है।स्नेह के बंधनों में हमें बांध स्वयं भवबंधन तोड़ गये हैं।

# शहर की घनी आबादी तंग गलियों में सड़क किनारे बिक रहे घरेलू गैस सिलेंडर

❒ साहू भारत गैस एजेंसी पर 1160 रूपये में घरेलू गैस सिलेंडर बिकने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। जिले में गैस एजेंसी के संचालकों के द्वा रा बिना मानक और सुरक्षा के मनमानी के चल ते शहर के अलग-अलग हिस्सों में करीब दर्जनों से अधिक जगहों पर घनी आबादी के बीच तंग गलियों में या रोड पर रखकर रिहासी इलाकों के बीच घरेलू गैस सिलेंडर टंकियों का वितरण किया जा रहा है जो बिना मानक और सुरक्षा के रखे जा रहे हैं जहाँ पर जिम्मेदार अपनी आंखें मूंदे हुए हैं, सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि पूछे जाने पर जवाब मिलता है कि हम का र्रवाई करते हैं।शहर के घनी आबादी व बिना सुरक्षा के हो रहे घरेलू गैस वितरण से इससे कभी भी कोई अनहोनी हो सकती है जिसका खामियाजा बड़ी घटना के रूप में भुगतना पड़ सक ता है लेकिन न तो भारत पेट्रोलियम के अधिकारी इससे मतलब रखते हैं और ना ही जिले के जिम्मेदार अधिकारी ध्यान देते हैं,यही नहीं भारत पेट्रोलियम के अधिकारी को तो अपने बिक्री से ही मतलब है।उन्हें तो ज्यादा से ज्यादा गैस बिकनी चाहिए,शहरी क्षेत्र में ही लाखो रसोई गैस उपभोक्ता हैं, वहीं भारत गैस की कंपनि यां हैं जिनके इतने ही बड़े गोदाम हैं, इनके सैकड़ा भर से ज्यादा आउटलेट हैं। बीते कुछ दिनों से गैस वितरण का नया फंडा कंपनियों ने निकाला है कि चुनिंदा जगहों पर ये ट्रकों से गैस सिलेंडर भेज देते हैं जहां रोड किनारे इन्हें अनलोड किया जाता है, जहां से ग्राहकों को उनकी डिमांड स्लिप के द्वारा वितरण कर दिया जाता है।

### नोजल की नहीं हों रही जांच

गैस सिलेंडर वितरण करने के दौरान ही इनके नोजल की जांच भी होती है इसमें कर्मचारियों द्वारा गैस लीक होने की आशंका पर सिलेंडर की गैस निकालकर उसे चैक करते हैं,जिससे वाता वरण में गैस की गंध भर जाती है।उधर सिलेंडर के लीक होने से ग्राहक को दूसरा सिलेंडर दे दिया जा ता है,लेकिन लीक होने वाला सिलेंडर वहीं रखा र हता है जिससे देर शाम डेरा रहने तक ये सिलेंडर लीक होते रहते हैं।

### इन इलाकों में सुबह से शाम तक गैस भंडारण

चौक बाजार फैजाबाद रोड जिगर स्कूल,कृषि भव न के बगल,चिलड्रेन पार्क के पास सिलेंडर रोड किनारे रखकर रोज देखे जा स कते हैं। स्थानीय जन बताते हैं कई बार गैस यहां लीक होते रहते हैं।वही चौक बजार ईदगाह रोड पटेल नगर के पास सड़क के किनारे दर्जनों से अ धिक भरे सिलेंडर रहते हैं लोग सवाल करते हैं की घनी आबादी के बीच में इस तरह गैस सिलेंडर रखना खतरे से खाली नहीं है।झंझरी ब्लॉक के पास चुंगी नाका के आगे सड़क किनारे सिलेंडर का वितरण होता है।यही नहीं गोंडा - बहराइच रोड गल्ला मंडी के पहले सड़क किनारे सैकड़ो गैस सिलेंडर गाड़ी पर रखा रहता है जहां सुरक्षा के मानकों को ताक पर रखकर बिक्री की जाती है सालों से यहां अवैध रूप से सड़क को ही गोदाम में तब्दील किया हुआ है।ऐसे ही आईटीआई मैदान में खुले आम सैकड़ो से अधिक गैस सिलेंडरों का वि तरण जारी है। ऐसे ही सड़क के किनारे गोंडा स्टेशन रोड दुर्गा माता मंदिर के आगे वाहन से उतारकर दर्जनों से अधिक सिलेंडर रख लिए जाते हैं जिन्हें बाकायदा सिलेंडर पर बैठकर पर्चियों के आधार पर वितरित किया जाता है,जबकि यहां घनी आबादी है बगल में स्कू ल और कई दुकानें भी हैं।

# सीएम योगी से मिले विधायक प्रेमनारायण पाण्डेय

❒ आयुष मेडिकल कॉलेज की शिलान्यास की मांग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। जिले के तरबगंज से भाजपा विधायक प्रेम नारायण पाण्डेय ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकारी आवास पर उनसे मुला कात की।इस दौरान विधायक ने अपने विधान सभा क्षेत्र में कराए जाने वाले विभिन्न विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री को मांग पत्र सौंपा।

उन्होंने पिछली मुलाकातों में दिए गए मांग पत्रों को भी जल्द स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। विधायक प्रेमनारायण पाण्डेय ने मुख्यमंत्री से मह र्षि पतंजलि की जन्मस्थली कोंडर में आयुष मेडि कल कॉलेज के शीघ्र शिलान्यास की मांग की है उनका कहना था कि इससे समय पर कॉलेज का निर्माण पूरा हो सकेगा और छात्र अच्छी शिक्षा प्रा प्त कर सकेंगे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मांग पर आयुष विभाग के अधिकारियों को जल्द निर्माण प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं।इसके अतिरिक्त, विधायक ने अपने विधानसभा क्षेत्र में कई सड़कों के चौड़ीकरण के लंबित प्रस्तावों को भी स्वीकृति देने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भी इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए है। मुख्यमंत्री ने विधायक को आश्वासन दिया कि सभी मांग पत्रों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं और विकास कार्य जल्द शुरू किए जाएंगे।मुलाकात के बाद तरबगंज विधायक प्रेम नारायण पांडेय ने बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री से विकास कार्यों पर चर्चा की और कई मांग पत्र सौंपे हैं।उन्होंने आयुष मेडिकल कॉलेज के भूमि पूजन की भी मांग की,जिस पर मुख्यमंत्री ने जल्द निर्मा ण शुरू करने का आश्वासन दिया है।

# मुजेहना ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत ख्वाजा जोत और पूरे नेवल पहाड़वा में मची है लूट

❒ फर्जी मस्टर रोल के जरिए न सिर्फ सरकारी धन को चूना लगाया जा रहा है, बल्कि सरकार की मंशा पर पानी फ़ेरने का भी काम किया जा रहा है

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोंडा। जिले के मुजेहना ब्लॉक में जिम्मेदारों की मिलीभगत से मनरेगा योजना में फर्जी मस्टर रोल का खेल जारी है।सरकारी धन की बंदरबांट का आलम यह है कि मनरेगा श्रमिकों की हाजिरी घर घर जा कर फ़ेस रेटीना की जा रही है और अलग-अलग दिन और भिन्न-भिन्न कार्यों पर अपलोड की जा रही है।

इतना बड़ा खेला होने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी आंखें बंद किए हुए हैं और प्रधान व रोजगार सेवक एवं कर्मचारी मनरेगा योजना का भट्ठा बैठाने में लगे हुए हैं।केंद्र व प्रदेश सरकार मनरेगा योजना में पारदर्शिता के लिए तमाम कायदे-कानून बना रखी है,जिससे श्रमिकों को गांव में ही काम मिल सके,परन्तु जिले के मुजेहना विकास खंड की ग्राम पंचायत ख्वाजा जोत और पूरे नेवल के जिम्मेदार इस योजना में तमाम तरह के हथकंडे अपनाकर शासनादेश की धज्जियां उड़ाने से नहीं चूक रहे हैं।

इन ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्यों में चल रहे मस्टर रोल में अधिक मजदूरों की जगह बहुत ही कम मजदूर कार्य करते दिखाई दिए। इतना ही नहीं,हद तो यह है धरातल से ही फ़ेस रेटिं ना होना चाहिए और दोनों समय का फोटो अप लोड करनी होती है लेकिन यहां तो उसकी धज्जि यां उड़ाई जा रही है,फर्जी मस्टर रोल के जरिए न सिर्फ सरकारी धन को चूना लगाया जा रहा है, बल्कि सरकार की मंशा पर पानी फ़ेरने का भी काम किया जा रहा है। वहीं ग्रामीणों की मानें तो गांव में कराए जा रहे कार्यों पर कुछ मनरेगा मजदूर ही कार्य करते हैं,बाकी मजदूर कागजों में दिखा ई देते हैं।ग्रामीणों के अनुसार, प्रधान द्वारा अपने स्वार्थ के लिए सैकड़ों की संख्या में मनरेगा योजना की लिस्ट में अपने चहेतों का नाम पहले से ही डल वा दिया गया है और उनके नाम पर भुगतान भी होता रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि अगर जिले के सम्बन्धित उच्चाधिकारी मनरेगा योजना के का र्यों का औचक निरीक्षण करें तो जमीनी सच्चाई खुद-ब-खुद सामने आ जाएगी।

### टीम गठित कर कराई जाएगी जांच: सीडीओ

मुजेहना ब्लॉक की ग्राम पंचायतो में बड़े पैमाने पर की जा रही लूट के बारे में जिले के जिम्मेदार अधि कारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं,इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी दयानन्द प्रसाद से बात की गयी तो उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में भ्र ष्टाचार किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाए गा।उन्होंने कहा कि टीम गठित कर मनरेगा योज ना में भ्रष्टाचार की जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी।

# मंडलायुक्त ने माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का किया निरीक्षण, दिया आवश्यक निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा। मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंगलवार को जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन के साथ बल रामपुर में निर्माणाधीन माँ पाटेश्वरी राज्य विश्ववि द्या लय एवं निर्माणाधीन रिंग रोड परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति गुण वत्ता एवं तकनीकी मानकों की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को गुणवत्ता के साथ सम यबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए है।

मंडलायुक्त ने सबसे पहले माँ पाटेश्वरी राज्य विश्व विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शैक्षणिक एवं एकेडमिक ब्लॉक प्रशासनि क भवन,छात्रावास,स्टाफ आवास,फैकल्टी आवास लाइब्रेरी भवन,लिफ्ट इंस्टॉलेशन,इलेक्ट्रिकल वर्क, पेंटिंग कार्य,पेयजल व्यवस्था,सीवर सिस्टम,सड़क एवं परिसर विकास कार्य,अग्निशमन एवं आपदा सुरक्षा व्यवस्थाओं सहित विभिन्न निर्माणाधीन सु विधाओं का जायजा लिया।उन्होंने निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता,भवनों की संरचनात्मक मजबूती तथा तकनीकी मानकों के अनुपालन की भी समीक्षा की।निरीक्षण के उपरांत आयोजित स मीक्षा बैठक में विश्वविद्यालय व रिंगरोड के निर्माण कार्य की वर्तमान प्रगति, निर्धारित समयसीमा एवं लक्ष्य के अनुरूप कार्यों की स्थिति, कार्यदायी सं स्था की कार्यप्रणाली तथा स्वीकृत मानचित्र एवं डीपीआर के अनुसार कराए जा रहे निर्माण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।मंडलायुक्त ने अधि कारियों से निर्माण कार्यों में आ रही बाधाओं, लंबि त कार्यों एवं अन्य प्रशासनिक एवं तकनीकी सम स्याओं की जानकारी प्राप्त की।मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि विश्वविद्या लय निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।उन्होंने कहा कि यह परि योजना क्षेत्र के शैक्षणिक विकास से जुड़ी अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है।यह मण्डल का प्रथम विश्ववि द्यालय है।इसलिए सभी कार्य उच्च गुणवत्ता एवं तय समयसीमा के भीतर पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने भवनों की छतों की प्रभावी वाटर प्रूफिंग कराने, जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त रखने तथा सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।साथ ही अग्निशमन एवं आपदा सुरक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत करने, छात्रावास एवं आवासीय परिसरों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा विद्युत एवं सीवर कार्यों को मानक गुणवत्ता के अनुरूप पूर्ण कराने को कहा।इसके बाद मंडलायुक्त ने निर्माणाधीन रिंग रोड परियो जना का भी मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़क निर्माण की गुणवत्ता,मिट्टी भराई, बेस निर्माण, जल निकासी व्यवस्था तथा अन्य तकनीकी कार्यों का जायजा लिया।संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था से परियोजना की वर्तमान प्रगति, निर्धारित समय सीमा एवं लक्ष्य के अनुरूप कार्यों की जानकारी प्राप्त की।मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि रिंग रोड निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराया जाए। उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, तकनीकी मानकों का पालन करने एवं कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए।उन्होंने कहा कि रिंग रोड परियोजना क्षेत्र की यातायात व्यव स्था को बेहतर बनाने तथा आवागमन को सुगम बनाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा निर्माण कार्य में आने वाली किसी भी बाधा का तत्काल समाधान सुनिश्चित करें।निरीक्षण के दौरा न मुख्य विकास अधिकारी बलरामपुर,संबंधित वि भागों के अधिकारी,अभियंता, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी उप स्थित रहे।

# जनपद में रंग ला रहा 100 दिवसीय टीबी खोज अभियान, दो महीने में मिले 1,686 नए मरीज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ संकोच छोड़ें, जांच कराएं, समय पर पहचान से फ़ेफड़े रहेंगे सुरक्षित: सीएमओ

❒ बिना लक्षण वाले 66 लोगों में टीबी की पुष्टि, समय रहते शुरू हुआ इलाज, खामोशी से पनपती बीमारी की समय पर हो रही पहचान

बहराइच । टीबी शुरुआती चरण में अक्सर बिना किसी स्पष्ट लक्षण के चुपचाप फ़ेफड़ों को नुकसान पहुंचाती रहती है। ऐसी ही छिपी हुई बीमारी की समय रहते पहचान के लिए जिले में 24 मार्च से 100 दिवसीय विशेष टीबी खोज अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत अब तक 12,754 बिना लक्षण वाले लोगों का डिजिटल एक्स-रे कराया गया। एक्स-रे में हल्के संकेत मिलने पर जब सीबी-नाट जांच कराई गई, तो 66 लोगों में टीबी की पुष्टि हुई। खास बात यह रही कि इन लोगों को स्वयं भी अपने संक्रमित होने की जानकारी नहीं थी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि अभियान के तहत स्वास्थ्य टीमों ने विशेष रूप से उन संवेदनशील क्षेत्रों और लोगों पर ध्यान केंद्रित किया है, जहां संक्रमण की आशंका अधिक होती है। इनमें कुपोषित व्यक्ति, मलिन बस्तियों में रहने वाले लोग, ईंट-भट्ठों और निर्माण स्थलों पर कार्यरत मजदूर, मधुमेह के रोगी, बुजुर्ग, पूर्व में इलाज करा चुके लोग तथा वर्तमान मरीजों के साथ रहने वाले लोग शामिल हैं।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एमएल वर्मा ने बताया कि जिले में प्रस्तावित 350 विशेष शिविरों में से अब तक 152 का आयोजन किया जा चुका है। इन शिविरों के माध्यम से बिना लक्षण वाले 66 मरीजों के अलावा, लक्षणयुक्त 1,620 अन्य लोगों में भी टीबी की पुष्टि हुई है। बीते दो महीनों में कुल 1,686 नए मरीजों की पहचान कर उनका इलाज शुरू कर दिया गया है। वर्तमान में जनपद में लगभग 6,000 टीबी मरीज उपचाराधीन हैं, जिनकी नियमित दवा और पोषण सहायता सुनिश्चित की जा रही है।

सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि अक्सर लोग यह सोचकर जांच नहीं कराते कि जब खांसी या बुखार जैसे लक्षण नहीं हैं तो बीमारी कैसे हो सकती है, जबकि शुरुआती चरण में टीबी बिना लक्षण के भी हो सकती है। उच्च जोखिम समूह में इसके होने की आशंका अधिक रहती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि गांव, बस्ती या अस्पतालों में लगने वाले स्वास्थ्य विभाग के शिविरों में अपनी और परिवार की निःशुल्क जांच अवश्य कराएं। समय पर पहचान और नियमित दवा से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है। जागरूक और सतर्क रहना ही इस अभियान का सबसे बड़ा संदेश है।

# तेज आंधी और बारिश से सड़क पर गिरे पेड़, कई स्थानों पर टूटे बिजली के खंभे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। जिले में आई तेज आंधी और पानी के कारण जनजीवन पूरी तरह से बेहाल हो गया है। आंधी-तूफान की वजह से जिले में कई जगहों पर विशा लकाय पेड़ टूटकर सड़कों और रेलवे ट्रैक पर गिर गए,जिससे सड़क और रेलमार्ग यातायात बुरी तर ह बाधित हो गया।इस दौरान मनकापुर से अयो ध्या की ओर जा रही एक मालगाड़ी भी रास्ते में फंस गई और टिकरी के पार्वती गांव के पास घंटों खड़ी रही।

रेलवे ट्रैक पर रात में गिरे इन पेड़ों को सुबह क्रेन और कर्मियों की मदद से हटाकर रेल मार्ग को सुचारू कराया गया। इसके अलावा,आंधी की रफ्तार इतनी तेज थी कि मैनपुर गांव के निवा सी संजय दुबे के घर की टीन शेड उड़ गई।वहीं, कर्नलगंज के हीरापुर कमियार में एक भारी-भरकम पेड़ सीधे एक घर पर जा गिरा, जिससे भारी नुकसान की आशंका है।इसके साथ ही कोल्हम पुर-



अकबरपुर मार्ग पर भी पेड़ टूटने से लंबा जाम लग गया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### 27 मई को गेंदघर मैदान में आयोजित होगा सामूहिक विवाह कार्यक्रम

बहराइच । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि 27 मई 2026 को गेंदघर मैदान में ''मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना'' अन्तर्गत आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मा. जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में 700 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न होगा। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उप जिलाधिकारी सदर व परियोजना निदेशक डीआरडीए को ओवरआल प्रभारी नामित किया गया है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, मंच, कार्यक्रम स्थल पर वर-वधू को लाने, विवाह सम्पन्न कराने, वैवाहिक सामग्री के वितरण, कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रसाधन, चिकित्सा, रंगोली, अतिथियों के स्वागत, भोजन व मीडिया इत्यादि की व्यवस्था हेतु अलग-अलग अधिकारियों को नोडल व सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ युवक को पकड़ा

अमेठी। थाना जगदीशपुर पुलिस ने एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव मय हमराह द्वारा द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान निजामुददीन पुत्र इकरार निवासी घोसियाना पालपुर थाना जगदीशपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। इस सम्बंध में थाना जगदीशपुर के प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# मौसम विज्ञान केन्द्र ने 27 से 30 मई तक खराब मौसम की दी चेतावनी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ जिला प्रशासन ने आमजन से की सावधानी बरतने की अपील

बहराइच । अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि मौसम विज्ञान केन्द्र लखनऊ द्वारा जारी मौसम सम्बन्धी चेतावनी के अनुसार जनपद बहराइच में 28 से 30 मई 2026 के मध्य 50 से 70 कि.मी. प्रति घंटा के मध्य तेज झोंकेदार हवा की अधिक संभावना के साथ-साथ मेघगर्जन एवं वज्रपात तथा ओलावृष्टि की संभावना भी अधिक है। इसके अलावा 27 से 29 मई 2026 तक अनेक स्थानों पर वर्षा/गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की सम्भावना भी व्यक्त की गई है।

श्री कुमार ने बताया कि सम्भावित खराब मौसम के कारण कच्चे घरों/दीवारों और झोपड़ियों को नुकसान हो सकता है। खिड़कियां टूट सकती हैं और छतें क्षतिग्रस्त हो सकती हैं। हल्की वस्तुएं उड़ सकती हैं। खड़ी फसलों व बागवानी को भी नुकसान हो सकता है। खुले स्थानों पर लोगों, मवेशियों और वन्यजीवों को गम्भीर चोट लग सकती है, घायल भी हो सकते हैं या उनकी मृत्यु भी हो सकती है।

मौसम विज्ञान केन्द्र द्वारा जारी मौसम सम्बन्धी चेतावनी के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी श्री कुमार ने जनपदवासियों व अभिभावकों से अपील है कि अपने बच्चों का विशेष पर ध्यान दें, मौसम खराब होने पर घर के अन्दर रहें, खिडकियां और दरवाजे बंद रखें और घर के बाहर निकल कर मोबाइल से सेल्फी न लें व रील बनाने से बचें। यदि सम्भव हो तो यात्रा करने से बचे। सुरक्षित आश्रय लें, पेड़ों के नीचे आश्रय न लें। कंक्रीट के फर्श पर न लेटें और जलस्त्रोतों में स्नान व जलक्रीड़ा न करें। सम्भावित खराब मौसम का अलर्ट पाने के लिये अपने मोबाइल में अपने मोबाइल में सचेत व दामिनी ऐप को अवश्य डाउनलोड कर लें जिससे आकाशीय विद्युत व खराब मौसम के बारे में जानकारी प्राप्त कर समय से पूर्व सचेत हो सकते हैं। उन्होंने आमजन से लापरवाही न बरतने का सुझाव देते हुए कहा है कि प्रत्येक नागरिक का जीवन बहुमूल्य है इसलिए स्वयं व अपने परिजनों को सुरक्षित रखें।

### तेज आंधी में छप्पर के नीचे दबी महिला की मौत



गोंडा । जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के खिरीडीह स्थित गौराडीह गांव में सोमवार रात आई तेज आंधी के दौरान छप्पर पर आम का पेड़ गिर जाने से 70 वर्षीय वृद्धा कौता देवी की दबकर मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा है।जानकारी के अनुसार मृतका कौता देवी अपने घर के पास बने छप्पर में सो रही थी, तभी अचानक आई तेज आंधी में एक बड़ा आम का पेड़ उसके छप्पर पर आ गिरा। हादसा इतना अचानक हुआ कि वृद्धा को संभलने तक का मौका नहीं मिला और वह उसमें दब गई।पेड़ गिरने की तेज आवाज सुनकर परिजन और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। लोगों ने काफी मशक्कत के बाद पेड़ को काटकर वृद्धा को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मृतका के पति द्वारिका प्रसाद ने बताया कि आंधी शुरू होते ही वे बाहर निकल गए थे।इसी दौरान अचानक आम का पेड़ छप्पर पर गिर पड़ा,जिससे यह हादसा हो गया।थानाध्यक्ष विपुल पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बड़े मंगलवार पर भक्तिमय हुआ नानपारा, विभिन्न स्थानों पर हुआ भण्डारा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराइच । ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर नगर नानपारा भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। विभिन्न मंदिरों एवं प्रमुख स्थानों पर भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इमामगंज बाईपास, नवाबगंज मोड़, तहसील नानपारा गेट तथा सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मंदिर में पूनम मिश्र-दिनेश मिश्रा, मंजू सोनी-मनोज सोनी एवं डॉ. वीरांगना कान्त के द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया।

श्रद्धालुओं को प्रसाद के साथ शर्बत भी वितरित किया गया। शर्बत व्यवस्था गीता श्रीवास्तव एवं श्रीमती वंशिका के सौजन्य से की गई। भंडारे के आयोजन में अंकित मिश्रा ने 501 रुपये, श्रीमती रामा देवी ने 501 रुपये तथा नैनी सहाय ने 1100 रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया।



आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

### दुनिया चले न श्रीराम के बिना,रामजी चलें न हनुमान के बिना

अमेठी। ज्येष्ठ माह के चतुर्थ बड़े मंगल पर जनपद के विभिन्न कस्बों में श्रीराम चरित मानस एवं सुंदर काण्ड पाठ के साथ ही प्रसाद वितरण व विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही हजारों की संख्या में राहगीरों एवं आम जनमानस ने प्रसाद ग्रहण किया।ज्येष्ठ माह का चतुर्थ बड़ा मंगल होने के कारण क्षेत्र में माहौल भक्तिमय नजर आ रहा था और दुनिया चले न श्रीराम के बिना रामजी चलें न हनुमान के बिना जैसे भक्तिमय गीतों पर भक्तों ने खूब धमाल मचाया।तिलोई तहसील क्षेत्र के सेमरौता बाजार में सर्राफा व्यवसायी आनंद शुक्ला द्वारा सुंदर काण्ड पाठ समापन और आरती पूजन के बाद विशाल भण्डारा आयोजित किया गया।

# पीलीभीत में व्यापार मंडल की नई पारी शुरू, तेवर हुए और तीखे संगठन को नई रफ्तार देने का दावा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के भव्य स्वागत एवं पदाधिकारी घोषणा समारोह हुआ आयोजन
- नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शैली अग्रवाल ने कहा कि संगठन व्यापारियों की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेगा

पीलीभीत। पीलीभीत के एक होटल में आयोजित उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के भव्य स्वागत एवं पदाधिकारी घोषणा समारोह में उस समय माहौल गर्म हो गया, जब संगठन के प्रदेश संयुक्त मंत्री और बरेली महानगर अध्यक्ष शोभित सक्सेना ने मंच से अधिकारियों के खिलाफ तीखे तेवर दिखाते हुए व्यापारियों को खुला संदेश दिया कि वे किसी भी अधिकारी की चाटुकारिता करने के बजाय मजबूती से अपनी बात रखना सीखें।

उन्होंने दो टूक कहा कि अधिकारी जनता के सेवक हैं, मालिक नहीं यदि कोई अधिकारी व्यापारियों से अभद्र भाषा में बात करता है तो व्यापारी भी उसी भाषा में जवाब देने का साहस रखें उनके इस बयान पर पूरे हाल में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी और मौजूद व्यापारियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला दरअसल, जिला कमेटी भंग होने के बाद प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल की संस्तुति पर आयोजित इस कार्यक्रम में नई जिला टीम की घोषणा की गई मंच से शोभित सक्सेना ने पीलीभीत जिला अध्यक्ष पद पर सर्राफा कारोबारी शैली अग्रवाल और महामंत्री पद पर बिलसंडा के खाद व्यापारी अवनीश जायसवाल के नामों की औपचारिक घोषणा की इसके अलावा कोषाध्यक्ष पद के लिए संजय गुप्ता, पीलीभीत शहर अध्यक्ष पद पर अलाउद्दीन अंसारी तथा बिलसंडा नगर अध्यक्ष पद पर मोहम्मद रेहान को जिम्मेदारी सौंपी गई जैसे ही नामों की घोषणा हुई, पूरा हाल तालियों की गूंज से भर उठा व्यापारियों ने नवमनोनीत पदाधिकारियों को माल्यार्पण, पटका पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर जोरदार स्वागत किया अपने संबोधन में शोभित सक्सेना ने कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल प्रदेश का सबसे पुराना और सबसे मजबूत व्यापारी संगठन है, जिसने वर्षों से व्यापारियों की आवाज बुलंद की है उन्होंने कहा कि आज भी तमाम व्यापारी संगठनों का प्रतिनिधित्व यही संगठन करता है और व्यापारियों के अधिकारों की लड़ाई सड़क से लेकर शासन तक लड़ता आया है नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शैली अग्रवाल ने कहा कि संगठन व्यापारियों की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेगा उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी संगठनों को साथ लेकर नगर, कस्बों और गांवों तक संगठन का विस्तार किया जाएगा उन्होंने कहा कि हर व्यापारी उनके परिवार का हिस्सा है और किसी भी परिस्थिति में संगठन उसके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा महामंत्री अवनीश जायसवाल ने सभी व्यापारियों और अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन को नई गति और नई ऊर्जा देने के लिए पूरी टीम लगातार कार्य करेगी कार्यक्रम के दौरान जिला प्रभारी अशोक खंडेलवाल, पूरनपुर नगर अध्यक्ष हाजी मोहम्मद जाहिद खां, नवीन अग्रवाल, विजयपाल विकी, आशीष अग्रवाल, कमल निमनानी, कमल अग्रवाल, राकेश अग्रवाल आदर्श, श्याम बाबू सर्राफ, रवि अग्रवाल, कपीश अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, प्रदीप सिंघल, शंकर अग्रवाल, अतुल महातिया, नरेंद्र मोहन सक्सेना, संजय अग्रवाल, राजू अग्रवाल, दीपक गुप्ता, जगपाल मौर्य, सुबोध अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, पंकज अग्रवाल और प्रदीप अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## अरविन्द गुप्ता ने अपने प्रतिष्ठान पर राहगीरों और व्यापारियों को पिलाया ठंडा नींबू पानी

पूरनपुर। भीषण गर्मी और तेज धूप से बेहाल लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से नगरपालिका भाजपा सभासद अरविन्द गुप्ता ने अपने प्रतिष्ठान पर निःशुल्क नींबू पानी वितरण की व्यवस्था कराई इस दौरान राहगीरों, व्यापारियों और आम नागरिकों को ठंडा नींबू पानी पिलाकर गर्मी से राहत दिलाने का प्रयास किया गया दोपहर की तपती गर्मी में लोगों ने इस पहल की जमकर सराहना की सभासद अरविन्द गुप्ता ने कहा कि भीषण गर्मी में लोगों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के लिए यह छोटा सा प्रयास किया गया है प्रतिष्ठान पर पहुंचे लोगों को व्यवस्थित ढंग से नींबू पानी वितरित किया गया। कई राहगीरों ने इस सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी पहलें समाज में मानवता और सहयोग की भावना को मजबूत करती हैं इस दौरान स्थानीय व्यापारियों और क्षेत्रवासियों ने भी सहयोग किया तथा भाजपा सभासद की इस जनसेवा भावना की सराहना की गर्मी के मौसम में लोगों को राहत देने के लिए किए गए इस कार्य की क्षेत्र में खूब चर्चा रही।

## डॉ. नितिन मलिक के सराहनीय कार्य पर राष्ट्रीय हनुमान दल ने किया सम्मानित

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हाल ही में हुए एक भीषण सड़क हादसे में ट्रक चालक के पैरों में लोहे की सरिया आर-पार हो गई थी। गंभीर हालत में घायल चालक को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां वरिष्ठ सर्जन डॉ. नितिन मलिक ने अपनी सूझबूझ, कुशलता और तत्परता का परिचय देते हुए सफल ऑपरेशन कर सरिया को बाहर निकाला और मरीज की जान बचाई डॉ. नितिन मलिक के इस साहसिक और मानवता से परिपूर्ण कार्य की सराहना करते हुए राष्ट्रीय हनुमान दल, जनपद पीलीभीत के पदाधिकारियों ने उन्हें पटका पहनाकर सम्मानित किया संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि डॉक्टर का यह कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक है और उन्होंने कठिन परिस्थिति में मरीज को नया जीवन देने का कार्य किया है सम्मान कार्यक्रम में राष्ट्रीय हनुमान दल के जिलाध्यक्ष अमित गुप्ता, जिला संरक्षक रवि शर्मा, उपाध्यक्ष राहुल गजवानी, जिला प्रवक्ता रामानुज अवस्थी तथा संरक्षक जगदीश सक्सेना सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे राष्ट्रीय हनुमान दल ने डॉ. नितिन मलिक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे समर्पित चिकित्सक समाज के लिए गौरव हैं, जो अपने कर्तव्य को सेवा भाव के साथ निभाकर मानवता की मिसाल पेश करते हैं

## भीषण गर्मी में भी स्कूल में लगे पौधों को पानी देकर हरा-भरा बना रहे हैं गुरु जी

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एक कहावत है कि अगर काम करने का जज्बा हो तो कोई काम कठिन नहीं होता। यह कहावत तब सिद्ध हुई जब गुरु जी खुद तपती धूप, भीषण गर्मी और गर्म लू के मौसम में विद्यालय जाकर पौधों को पानी दे रहे हैं।यह वाक्या पूरनपुर विकासखंड के मैलानी जंगल के पास स्थित कंपोजिट विद्यालय गढ़ा कला का है। यहां के सहायक अध्यापक हुकुम सिंह इस समय ग्रीष्मावकाश में विद्यालय बंद होने के बावजूद नियमित रूप से स्कूल पहुंच रहे हैं। वह खुद नल चलाकर हजारे में पानी भरते हैं और स्कूल परिसर में लगे पौधों को सींचते हैं, ताकि गर्मी और धूप में भी पौधे जीवित रहें। सहायक अध्यापक हुकुम सिंह ने विद्यालय परिसर में लगभग 50 तरह के फलदार, छायादार और सब्जियों के पेड़ लगाए हैं। उनकी मेहनत से विद्यालय पूरी तरह हरा-भरा हो गया है और पर्यावरण भी साफ-सुथरा बना है। आम, अमरूद, नीम, पीपल, सहजन सहित कई प्रजातियों के पौधे अब लहलहा रहे हैं।ग्रामीणों का कहना है कि गुरु जी की यह पहल सभी के लिए प्रेरणादायक है। अक्सर लोग पौधे तो लगा देते हैं, लेकिन देखभाल नहीं करते। वहीं हुकुम सिंह छुट्टियों में भी स्कूल आकर पौधों को जीवन दे रहे हैं। उनका कहना है कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। इन्हें बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। गुरु जी के इस कार्य की क्षेत्र में खूब सराहना हो रही है।

## क्रिकेट टूर्नामेंट हुआ संपन्न

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गांव पंडरिया में स्वर्गीय शिवसागर मिश्र उर्फ ललुआ की स्मृति में आयोजित ललुआ पंडरिया क्रिकेट टूर्नामेंट बुधवार को संपन्न हुआ। टूर्नामेंट का फाइनल मैच टीम गहलुइया 11 और स्काई बैरियर टीम के मध्य खेला गया।मुख्य आयोजक रमन पाण्डेय, भरत मिश्र एवं प्रशांत शुक्ल ने बताया कि टूर्नामेंट में क्षेत्र की कई टीमों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने खेल भावना का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन किया। ग्रामीण दर्शकों ने भी मैचों का भरपूर आनंद लिया। मैदान पर चौकों-छक्कों की बरसात से दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।फाइनल मुकाबला काफी रोमांचक रहा। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने जीत के लिए पूरा जोर लगाया। विजेता टीम को आयोजकों द्वारा ट्रॉफी और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उपविजेता टीम को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अलावा टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, गेंदबाज और ऑलराउंडर को भी सम्मानित किया गया।आयोजकों ने कहा कि स्वर्गीय शिवसागर मिश्र खेल प्रेमी थे। उनकी स्मृति में हर वर्ष यह टूर्नामेंट कराया जाता है ताकि युवाओं को मंच मिले और ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं आगे आएं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों, दर्शकों और सहयोगियों का आभार जताया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# पूरनपुर की अनदेखी पर उठे सवाल रेल सुविधा वेंटिलेटर पर, रोडवेज बस सेवा बदहाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- आखिर क्षेत्रवासियों से क्यों नाराज हैं जिम्मेदार

पूरनपुर। पूरनपुर क्षेत्र में लगातार बिगड़ती रेल और रोडवेज बस सेवाओं को लेकर लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है क्षेत्रवासियों का आरोप है कि उनकी वर्षों पुरानी मांगों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है, जबकि जिले और दूसरे क्षेत्रों में सुविधाओं का विस्तार तेजी से किया जा रहा है ऐसे हालातों में आम जनता के बीच यह चर्चा तेज हो गई है कि आखिर पूरनपुर क्षेत्र की उपेक्षा क्यों की जा रही है रेल सुविधाओं की बात करें तो कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव, समय-सारणी सुधार और यात्री सुविधाओं की मांग लंबे समय से उठाई जा रही है, लेकिन आज तक कोई ठोस पहल नजर नहीं आई। यात्रियों को पर्याप्त ट्रेनें नहीं मिलने से व्यापारियों, छात्रों, मरीजों और नौकरीपेशा लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे गए, आंदोलन हुए, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है वहीं दूसरी ओर रोडवेज बस सेवा की हालत भी बेहद खराब बताई जा रही है पूरनपुर डिपो से बसों की संख्या लगातार कम होती जा रही है कई प्रमुख रूटों पर बसें समय से नहीं मिलतीं, जिससे यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ता है ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कत उठानी पड़ रही है। कई बार यात्रियों को मजबूरी में महंगे निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ता है क्षेत्रवासियों का कहना है कि पूरनपुर जैसा बड़ा तहसील क्षेत्र आज भी बुनियादी परिवहन सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा है लोगों का आरोप है कि विकास योजनाओं में पूरनपुर को लगातार पीछे रखा जा रहा है व्यापारिक और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के बावजूद क्षेत्र को वह प्राथमिकता नहीं मिल पा रही जिसकी जनता हकदार है स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि पूरनपुर क्षेत्र की उपेक्षा बंद कर रेल और रोडवेज सेवाओं में तत्काल सुधार किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके और क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके।

## विशाल भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

बरौंसा, सुल्तानपुर। ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार एवं गंगा दशहरा के पावन अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सेवा और श्रद्धा से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जगह-जगह शरबत वितरण एवं भंडारों का आयोजन हुआ, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रह्ण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इसी क्रम में लोक अधिकार सेवा समिति के अध्यक्ष प्रभाकर शुक्ला के नेतृत्व में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं शीतल पेय की विशेष व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में एसडीएम प्रभात सिंह एवं तहसीलदार मयंक मिश्र ने मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त रूप से शिरकत की।

# मुख्यमंत्री की सख्ती के बावजूद नहीं थम रहा अवैध खनन, प्रशासन ने पकड़ी मिट्टी से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। क्षेत्र में अवैध खनन का कारोबार प्रशासनिक सख्ती के बावजूद लगातार जारी है मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों के बाद भी खनन माफिया बेखौफ होकर मिट्टी का अवैध खनन कर रहे हैं सोमवार शाम प्रशासन ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए मिट्टी से भरी एक छोटी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ लिया सोमवार शाम करीब सात बजे नायब तहसीलदार ऋषि दीक्षित ने पुलिस टीम के साथ सिरसा रोड स्थित पिपरिया मोड़ के पास घेराबंदी कर मिट्टी से भरी छोटी ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोक लिया ।

जांच के दौरान चालक आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका, जिस पर प्रशासन ने वाहन को सीज कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया क्षेत्र में लगातार हो रही कार्रवाइयों के बावजूद अवैध खनन का धंधा थमता नजर नहीं आ रहा है भोर होते ही संपर्क मार्गों और मुख्य सड़कों पर मिट्टी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां दौड़ती दिखाई देती हैं स्थानीय लोगों का कहना है कि खनन माफिया प्रशासनिक कार्रवाई के बाद भी सक्रिय बने हुए हैं इससे पहले भी खनन विभाग कई बार बड़ी कार्रवाई कर चुका है 11 मई को खनन अधिकारी सुभाष कुमार ने गांव जटपुरा के पास छापेमारी कर अवैध खनन में लगी एक जेसीबी और दो डंपरों को पकड़ा था वहीं 12 मई को गांव भगवंतापुर में कार्रवाई के दौरान खनन माफियाओं ने खनन अधिकारी के साथ अभद्रता तक कर दी थी उस दौरान एक मडलोडर कब्जे में लेकर पुलिस को सौंपा गया था और कोतवाली पुलिस ने खनन अधिकारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया था रविवार को भी दो छोटी ट्रैक्टर ट्रॉली पकड़ी सोमवार को हुई कार्रवाई के बाद प्रशासन ने साफ संकेत दिए हैं कि अवैध खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा नायब तहसीलदार ऋषि दीक्षित ने बताया कि मामले की रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी और नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गौरी शंकर धाम में गोमती नदी में डूबा युवक, मौत

**चांदा, सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चांदा कोतवाली क्षेत्र के शाहपुर जंगल स्थित गौरी शंकर धाम पर मंगलवार को गोमती नदी में नहाने गए एक युवक के डूबने से हड़कंप मच गया। स्थानीय गोताखोरों ने युवक को बाहर निकाला लेकिन हालत गंभीर बनी हुई थी जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इसी दौरान नदी में डूब रहे एक बच्चे को भी गोताखोरों ने बचा लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक घूमने के लिए गौरी शंकर धाम आया था। गर्मी से राहत पाने के लिए वह गोमती नदी में नहाने उतरा। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। शोर सुनकर घाट पर मौजूद स्थानीय गोताखोर तुरंत नदी में कूदे और युवक को बाहर निकाला। इसी दौरान एक बच्चा भी नदी में डूब रहा था। गोताखोरों ने तत्परता दिखाते हुए बच्चे को भी सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बच्चे की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची चांदा पुलिस ने दोनों को एंबुलेंस से सीएचसी चांदा भिजवाया। युवक एवं बच्चे की अभी पहचान नहीं हो पाई है। इलाज के दौरान एक की मौत हो गई।

# 60 टीबी मरीजों को वितरित की गई पोषण पोटली सुल्तानपुर को टीबी मुक्त बनाने का संकल्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जनपद को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में मंगलवार को विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) द्वारा गोद लिए गए 60 टीबी रोगियों को पोषण पोटली वितरित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ड. भारत भूषण के नेतृत्व में आईएमए के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ सर्जन ड. ए.के. सिंह, पूर्व आईएमए अध्यक्ष एवं वरिष्ठ फिजिशियन ड. जे.पी. सिंह, सचिव ड. अंकुर सेठ, वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ ड. वी.के. शुक्ला, वरिष्ठ ईएनटी विशेषज्ञ ड. शुभाष तथा आर्थोपेडिक सर्जन ड. अरोड़ा उपस्थित रहे। इसके अलावा जिला क्षय रोग अधिकारी आर.के. कनौजिया एवं उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी ड. लाल जी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि जनपद के सभी अधिकारी कम से कम एक टीबी मरीज को गोद लें। उन्होंने कहा कि कोई भी विभाग इस अभियान से अछूता नहीं रहेगा और सुल्तानपुर के सभी टीबी मरीजों को शत-प्रतिशत गोद दिलाकर जनपद को टीबी मुक्त बनाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ड. भारत भूषण ने बताया कि जनपद में 24 मार्च 2026 से 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत तीन हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीनों के माध्यम से उच्च जोखिम वाले गांवों में एमएमयू वाहन द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविरों में वल्नरेबल आबादी के लोगों का सीने का एक्स-रे कराया जा रहा है तथा लक्षणयुक्त व्यक्तियों के बलगम नमूनों की नाट जांच कराई जा रही है। कार्यक्रम में डीपीसी विवेक मिश्रा, डीपीटीसी पंकज तिवारी, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक सुरेश कुमार, टीबी स्वास्थ्य प्रदर्शन पर्यवेक्षक अरुण कुमार सिंह, नन्हे, जुबेर, शहजाद सहित टीबी मुख्यालय के अन्य कर्मचारियों ने उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया।

# होटलों में नाबालिग व युवतियों को कमरे देने का आरोप, विहिप-बजरंग दल ने खोला मोर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- नगर मे चल रहे संदिग्ध होटल बन रहे शोषण और देह व्यापार का अड्डा, कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी

पूरनपुर। नगर और क्षेत्र में नाबालिग व बालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर होटल में ठहराने तथा देह व्यापार जैसी गतिविधियों को संरक्षण देने के आरोपों को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला संगठन पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी पूरनपुर को सौंपते हुए पुलिस प्रशासन के नाक तले नगर मे स्थित कुछ होटलों में संदिग्ध गतिविधियां संचालित होने का आरोप लगाया विश्व हिंदू परिषद ब्रज प्रांत की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि नगर और आसपास के क्षेत्रों में बहन-बेटियों को बहला-फुसलाकर ले जाने, उनका शारीरिक, मानसिक, आर्थिक और धार्मिक शोषण करने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

इन घटनाओं में कुछ होटल संचालकों की भूमिका भी संदिग्ध बताई गई है आरोप लगाया गया कि होटल मालिक अधिक आमदनी के लालच में बिना उचित पहचान और सत्यापन के कमरों को उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे अपराधियों और असामाजिक तत्वों को संरक्षण मिल रहा है संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि कई बार संदिग्ध युवक-युवतियों के होटल में पकड़े जाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन कानूनी कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह जाती है इससे होटल संचालकों और अपराधियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं विहिप कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि मुख्य रोडों पर संचालित कुछ होटल पुलिस प्रशासन की आंखों के सामने ही देह व्यापार और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों का केंद्र बनते जा रहे हैं ज्ञापन में यह भी कहा गया कि जब भी किसी आतंकी, अपराधी या महिला उत्पीड़न से जुड़े मामले में जांच होती है, तब कई बार होटल संचालकों की लापरवाही सामने आती है इसके बावजूद प्रशासनिक स्तर पर ठोस और कठोर कार्रवाई नहीं की जाती विहिप और बजरंग दल ने इसे समाज और विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया संगठन ने प्रशासन से मांग की कि नगर और क्षेत्र के सभी होटलों की नियमित जांच कराई जाए बिना पहचान पत्र और सत्यापन के कमरा देने वाले होटल संचालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए यदि किसी होटल में नाबालिग लड़की, अपहरण, देह व्यापार या अन्य आपराधिक गतिविधि से जुड़े लोग पकड़े जाते हैं तो संबंधित होटल को तत्काल सील कर ब्लैक लिस्ट किया जाए कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में किसी भी बहन-बेटी को अपहृत करने या शोषण करने वालों को होटल संचालकों द्वारा संरक्षण दिया गया तो विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे ज्ञापन देने वालों में रूम सिंह यादव, सुशील पाण्डेय, अनुज कुमार, इन्द्रजीत शर्मा सहित विहिप और बजरंग दल के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे है।

## प्रशिक्षण से समर्पित अनुशासित एवं राष्ट्रनिष्ठ कार्यकर्ता का होता है निर्माण : राजेन्द्र भण्डारी



**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी अमेठी द्वारा कस्बा मुसाफिरखाना स्थित सरस्वती इन मैरिज लान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रेरणा से दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का भव्य एवं अनुशासित आयोजन सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन करते हुये भाजपा प्रशिक्षण विभाग के राष्ट्रीय संयोजक राजेन्द्र भण्डारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुये कहा कि प्रशिक्षण ही वह माध्यम है जिसके द्वारा समर्पित, अनुशासित एवं राष्ट्रवादी कार्यकर्ता का निर्माण होता है।भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना से प्रेरित होकर समाज एवं संगठन के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करता है।प्रथम सत्र में विचार परिवार विषय पर मार्गदर्शन प्रदान करते हुये राजेन्द्र भण्डारी ने संगठन की वैचारिक पृष्ठभूमि एवं राष्ट्रसेवा के मूल मंत्र को विस्तार से प्रस्तुत किया।भाजपा के इतिहास एवं विकास विषय पर पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश त्रिवेदी ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की गौरवशाली यात्रा, सिद्धांतों एवं संगठनात्मक विस्तार की जानकारी प्रदान की।कार्य विस्तार विषय पर मनीष कपूर ने संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के सूत्र बताये। वहीं व्यावहारिक क्षेत्र विषय पर उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री सुरेश पासी ने कार्यकर्ताओं को जनसंपर्क, सामाजिक समरसता एवं सेवा कार्यों के माध्यम से संगठन को सुदृढ़ करने का मार्गदर्शन दिया। मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रबंधन विषय पर प्रदेश प्रवक्ता ओम प्रकाश सिंह एवं सोशल मीडिया संयोजक शशि शेखर ने आधुनिक संचार माध्यमों की उपयोगिता, सकारात्मक संवाद एवं संगठन की नीतियों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। देश के सम्मुख चुनौतियां एवं निदान के हमारे प्रयास विषय पर प्रदेश मंत्री मीना चौबे ने सारगर्भित एवं विस्तार से संबोधित कियादो दिवसीय इस प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति, विचार धारा, सेवा, समर्पण एवं राष्ट्रहित के विविध आयामों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण वर्ग में सभी कार्यकर्ता रात्रि प्रवास भी परिसर में ही करेंगे। प्रातःकाल योग एवं ध्यान से दिनचर्या प्रारम्भ होकर विभिन्न सत्रों के माध्यम से प्रशिक्षण सम्पन्न होगा।भारतीय जनता पार्टी का यह प्रशिक्षण वर्ग संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण, वैचारिक स्पष्टता एवं राष्ट्रसेवा के संकल्प को और अधिक दृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।इस अवसर पर वर्ग के प्रभारी पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष पूर्व जिला अध्यक्ष सुल्तानपुर डॉ एम.पी.सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला,पूर्व जिला अध्यक्ष दयाशंकर यादव, उमाशंकर पाण्डेय, रामप्रसाद मिश्रा, दुर्गेश त्रिपाठी, चन्द्रमौलि सिंह, कृष्ण कुमार यादव आशा बाजपेई सहित अन्य तमाम भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बैंकर्स लम्बित आवेदन पत्रों का शीघ्र करें निस्तारण : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति (बैंकर्स) की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान डीएम ने वित्तीय समावेशन योजना, पीएम सूर्य घर योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, वार्षिक ऋण योजना, पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड, मत्स्य पालन किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री ग्राम उद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना सहित अन्य योजनाओं हेतु लंबित आवेदनों की बिंदुवार समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। डीएम संजय चौहान ने समस्त बैंकों को निर्देशित करते हुये कहा कि लंबित आवेदन पत्रों को शीघ्र निस्तारित किया जाय और अस्वीकृत की गई पत्रावली पर कारण स्पष्ट रूप से लिखा जाय।इसके साथ ही उन्होंने विभागों को लक्ष्य के सापेक्ष निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत आवेदन पत्रों को बैंकों को प्रेषित करने के निर्देश दिये। बैठक में डीएम संजय चौहान ने सभी बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र निस्तारण करें किसी भी स्तर पर आवेदनकर्ता को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिये। बैठक में कई शासकीय योजनाओं में बैंकों द्वारा ठीक प्रगति न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने कहा कि जिन बैंकों द्वारा शासन की योजनाओं में अपेक्षित सहयोग नही किया जा रहा है वे इस माह विशेष प्रयास कर अपनी प्रगति में सुधार लाएं।

# गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं व राहगीरों को वितरित किया गया प्रसाद, शरबत व पानी

- श्री हनुमान बालाजी सेवा फाउंडेशन द्वारा धोपाप धाम में सेवा एवं स्वच्छता अभियान सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लंभुआ, सुल्तानपुर। श्री हनुमान बालाजी सेवा फाउंडेशन, सुल्तानपुर अयोध्या (उत्तर प्रदेश) भारत द्वारा आज दिनांक 26 मई 2026, दिन मंगलवार को गंगा दशहरा के पावन अवसर पर पौराणिक स्थल धोपाप धाम मंदिर के निकट, लंभुआ सुल्तानपुर में श्रद्धालुओं एवं राहगीरों के लिए भीषण गर्मी से राहत हेतु प्रसाद, शरबत एवं शीतल जल वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सुबह 08.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक लगातार बड़ी कुशलता एवं सेवा भावना के साथ संचालित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान संस्था द्वारा स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जिसके अंतर्गत मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। क्षेत्रवासियों ने भी इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग प्रदान किया। संस्था प्रबंधन समिति बोर्ड के अध्यक्ष विनोद कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में भंडारा, पानी, प्रसाद एवं शरबत वितरण विभाग के निदेशक राम प्यारे मिश्रा तथा स्वच्छता एवं ग्रामीण विकास विभाग प्रमुख निदेशक परमात्मा दीन गुप्ता द्वारा अपने-अपने विभागों के निदेशकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ पूरी व्यवस्था को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में संस्था के अन्य निदेशकगण, कार्यकर्तागण एवं सेवादातागण भी उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से शशिकला यादव, श्रीराम त्रिपाठी, राकेश कुमार (ग्राम पंचायत मित्र), अमित कुमार अग्रहरि, राज बहादुर यादव, शिवनायक उपाध्याय, अनिल कुमार तिवारी, रामचन्द्र मौर्य, अशोक कुमार यादव, मनोज कुमार उपाध्याय, अच्छेलाल नाविक, महेन्द्र कुमार यादव (अधिवक्ता), रामसहाय दुबे, वीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, श्री.ष्ण सिंह, राजकुमार अग्रहरि, सूर्यदेव उपाध्याय (अधिवक्ता), धीरेन्द्र कुमार शर्मा, आदित्य, माखन, राम, देवनारायण, रौनक, गणेश, विक्रम, आकाश, विपिन, कार्तिक, सत्यम, अजीत, सिद्धार्थ, राजेंद्र, सुधांशु, ऋषभ, अरविंद एवं रामकेश सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि समाज सेवा, धार्मिक आस्था एवं स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता के उद्देश्य से भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे।

## ग्राम प्रधानों ने प्रशासक बनाये जाने पर मिठाई बांटकर खुशी जताई

**अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ग्राम पंचायतों के कार्यकाल समाप्ति के उपरांत ग्राम प्रधानों को ग्राम पंचायत में प्रशासक के रूप में नियुक्त किये जाने पर ग्राम प्रधानों ने मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया और प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक के प्रति आभार जताया है।विकास क्षेत्र सिंहपुर के सभागार में मंगलवार को ग्राम प्रधान संघ की बैठक ब्लाक प्रमुख अंकित पासी की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें गांव के विकास की रुपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने कहा कि मुख्यमंत्री के इस एतिहासिक निर्णय के लिये हम सब लोग सदैव आभारी रहेंगे और ग्राम पंचायत के विकास कार्यों के लिये प्रधानों को जो प्रशासक नियुक्त किया गया है इसकी जितनी सराहना की जाय वह कम है। ब्लाक प्रमुख अंकित पासी ने कहा कि गांव के विकास कार्य जो अधूरे रह गये थे उनको पूर्ण कर लिया जायेगा।प्रधान संघ सिंहपुर के अध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव ने कहा कि ग्राम प्रधान संघ द्वारा स्थानीय विधायक एवं राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक बनाये जाने की मांग की गई थी जिसको सरकार ने गम्भीरता से लेते हुये ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त किया है इसके लिये ग्राम प्रधान संघ हृदय से आभार व्यक्त करता है।इस मौके पर ग्राम प्रधान अनिल पाण्डेय, रिंकू सिंह, मिंटू सिंह,आशीष मिश्रा, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, अर्जुन सिंह भदौरिया, दिनेश जायसवाल,अनिल देवा, राजेंद्र कुमार, राम सागर वर्मा, नंद किशोर विक्रम, गुडडू, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद इलियास सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# कॉकरोच जनता पार्टी का असल मकसद

देश में एक बार फिर 2011 वाला माहौल बनता हुआ दिख रहा है। तत्कालीन यूपीए सरकार के खिलाफ अन्ना हजारे ने लोकपाल आंदोलन शुरु किया था। इंडिया अगेंस्ट करप्शन के बैनर तले महंगाई, भ्रष्टाचार के कथित मामले, स्त्री सुरक्षा आदि पर एकदम से गुस्सा सतह पर दिखने लगा था। अब वैसी ही नाराजगी इस समय भी सरकार के खिलाफ दिखाई दे रही है। सोशल मीडिया पर भी एक नयी मुहिम चल पड़ी है, जिसे कॉकरोच जनता पार्टी नाम दिया गया है। दरअसल बीते दिनों भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने एक वकील की याचिका पर सुनवाई के दौरान बेरोजगार युवकों का जिक्र करते हुए कॉकरोच वाली टिप्पणी की थी, जिस पर काफी नकारात्मक प्रतिक्रियाएं आईं और आलोचना इतनी बढ़ गई कि मुख्य न्यायाधीश को स्पष्टीकरण देना पड़ा कि उन्होंने नौजवानों के लिए ऐसा नहीं कहा था। बहरहाल, उनका इरादा जो भी रहा हो, लेकिन किसी की भी तुलना कॉकरोच से किए जाने पर समाज में नाराजगी देखी गई, जो स्वाभाविक है। इसी नाराजगी के चलते व्यंग्य करने की तर्ज पर अमेरिका के बोस्टन में पढ़ रहे अभिजीत दीपके ने कॉकरोच जनता पार्टी नाम का आंदोलन सोशल मीडिया पर खड़ा किया, जिसकी अब चारों तरफ चर्चा हो रही है। विपक्ष के कई बड़े नेताओं ने इस आंदोलन से खुद को जोड़ा। इंटरनेट पर कॉकरोच के मीम वायरल होने लगे। दिल्ली में यमुना नदी को साफ करने कुछ स्वयंसेवी आगे आए तो उन्होंने कॉकरोच की पोशाक पहनी। तुम राष्ट्रवादी कॉकरोच हो, या राष्ट्रविरोधी। पाकिस्तानी कॉकरोच हो या हिंदुस्तानी, ऐसे कार्टून बनने लगे। बहुत सारे एआई जनरेटेड वीडियो बने, जिसमें कहीं मेलोडी चॉकलेट को कॉकरोच कुतर रहे हैं, कहीं भ्रष्ट हो चुकी संस्थाओं पर हमला कर रहे हैं। गरज यह कि कॉकरोच इस समय भारतीय राजनीति का अहम किरदार बन गया है। लेकिन 2011 और 2026 के माहौल में सबसे बड़ा फर्क यही है कि इस वक्त नरेन्द्र मोदी को सत्ता से हटाने की कोई मुहिम नहीं चल रही है। अन्ना आंदोलन का प्रत्यक्ष मकसद तो भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाने और व्यवस्था सुधारने के लिए लोकपाल को लाना था, लेकिन छिपा हुआ मकसद यही था कि किसी तरह कांग्रेस को सत्ता से दूर किया जाए। मगर अब जो सरकार से नाराजगी सोशल मीडिया के जरिए व्यक्त हो रही है, उसमें सवाल उठ रहे हैं कि क्या उसका भी मकसद कांग्रेस की बढ़ती ताकत को ही खत्म करना है। क्या कांग्रेस से खुद को बचाने के लिए भाजपा ने फिर कोई नया मुखौटा तैयार कर लिया है। क्योंकि भाजपा में भी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) को लेकर दो फाड़ दिख रही है। निशिकांत दुबे और किरण रिजिजू जैसे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आरोप है कि सोशल मीडिया पर उभरे इस ट्रेंड के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ है, जिसका मकसद भारत को अस्थिर करना है। किरण रिजिजू ने लिखा, मुझे उन लोगों पर तरस आता है जो सोशल मीडिया पर पाकिस्तान और जॉर्ज सोरोस गैंग से अपने फॉलोअर्स तलाशते हैं। भारत के पास अपनी पर्याप्त आबादी और अत्यधिक ऊर्जावान युवा हैं, जो वास्तविक और मूल्यवान फॉलोअर्स बन सकते हैं! भारत विरोधी गैंग से सत्यापन लेने की कोई आवश्यकता नहीं है।श केंद्रीय मंत्री के इस बयान के बाद अभिजीत दिपके ने जवाब दिया है कि, डेटा के अनुसार हमारे 94 प्रतिशत से अधिक फॉलोअर्स और दर्शक भारत से ही हैं। आखिर एक केंद्रीय मंत्री भारतीय युवाओं को पाकिस्तानी का टैग क्यों दे रहे हैं? वहीं निशिकांत दुबे ने आरोप लगाया कि यह आंदोलन राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। लेकिन केरल भाजपा के नेता राजीव चंद्रशेखर ने द इंडियन एक्सप्रेस को दिए एक इंटरव्यू में कहा, इसमें ऐसी कई निशानियां दिख रही हैं जो यह बताती हैं कि यह कोई सुनियोजित और पहले से तय की गई चीज है, न कि भारत के मुख्य न्यायाधीश के किसी बयान के खिलाफ अचानक भड़का कोई गुस्सा। उन्होंने यह भी कहा कि हमें हर उस व्यक्ति पर शक नहीं करना चाहिए, जिसकी राय हमसे अलग है। तो यह नजर आ रहा है कि दुनिया की सबसे बड़ी और ताकतवर पार्टी होने का दावा करने वाली भाजपा, जो पिछले 12 सालों से सत्ता पर बनी हुई है, जो नरेन्द्र मोदी को महामानव की तरह पेश करती है, वो कॉकरोच जनता पार्टी से असहज महसूस कर रही है।

# यह कैसा समाज है, जिसमें अदालतें समझाएं रिश्तों का धर्म

**आज की सबसे बड़ी चुनौती केवल आर्थिक नहीं, बल्कि भावनात्मक निर्धनता की है। नई पीढ़ी का एक बड़ा वर्ग आत्मकेंद्रित होता जा रहा है। भौतिक उपलब्धियाँ, कैरियर, उपभोगवाद और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की अवधारणाएँ जीवन के केंद्र में आ गई हैं। संयुक्त परिवार टूट रहे हैं, रिश्तों की ऊष्मा कम हो रही है और संवाद का स्थान डिजिटल माध्यम ले रहे हैं। परिणामतः बुजुर्गों का जीवन अकेलेपन, अवसाद और असुरक्षा का पर्याय बनता जा रहा है। यह सच है कि महानगरीय जीवन की अपनी कठिनाइयाँ हैं। रोजगार, समयाभाव, आर्थिक दबाव और बदलती जीवनशैली ने नई पीढ़ी की चुनौतियाँ बढ़ाई हैं। लेकिन इन कठिनाइयों के बावजूद माता-पिता के प्रति दायित्व समाप्त नहीं हो सकते। भारतीय संस्कृति में माता-पिता की सेवा केवल सामाजिक परंपरा नहीं, बल्कि जीवन-मूल्य रही है।**



किसी भी सभ्यता की वास्तविक पहचान उसकी ऊँची इमारतों, चमकती सड़कों, आर्थिक प्रगति या तकनीकी उपलब्धियों से नहीं होती, बल्कि इस बात से होती है कि वह अपने बुजुर्गों, माता-पिता और निर्बल वर्ग के प्रति कितना संवेदनशील है। लेकिन आज का सबसे पीड़ादायक प्रश्न यही है कि जिस भारत ने मातृ देवो भवः, पितृ देवो भवः का उद्घोष किया, जिस धरती से 'वसुधैव कुटुम्बकम् का विचार पूरी दुनिया में पहुँचा, उसी भूमि पर आज माता-पिता को अपने ही घर में सम्मान और आश्रय पाने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है। हाल के वर्षों में देश की अदालतों में ऐसे मामलों की संख्या बढ़ी है, जहाँ वृद्ध माता-पिता को अपने ही बच्चों से संरक्षण, भरण-पोषण, रहने की व्यवस्था और संपत्ति पर अधिकार के लिए न्यायिक हस्तक्षेप लेना पड़ा। कहीं बेटे को अदालत यह निर्देश दे रही है कि वह अपनी वृद्ध मां को घर में एक कमरा, अलग स्नानघर और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराए, तो कहीं दुर्व्यवहार करने वाली संतान को माता-पिता की संपत्ति से बेदखल करने के आदेश दिए जा रहे हैं। यह केवल कानूनी घटनाएँ नहीं, बल्कि हमारे सामाजिक और नैतिक पतन की वे चेतावनियाँ हैं जो भविष्य के भारत की तस्वीर पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा रही हैं। वास्तव में यह अत्यंत विडंबनापूर्ण है कि जिस मां ने नौ महीने गर्भ में रखकर संतान को जीवन दिया, जिसने अपना रक्त, ममता और त्याग देकर उसे पाला, उसी मां को अपने ही घर में रहने के लिए न्यायालय की शरण लेनी पड़े। जिस पिता ने अपने पसीने और परिश्रम से घर बनाया, बच्चों का भविष्य संवारा, वृद्धावस्था में उसी घर में उसके अधिकार के लिए अदालत को हस्तक्षेप करना पड़े, यह स्थिति केवल व्यक्तिगत कृतघ्नता नहीं, बल्कि सामाजिक संवेदनाओं के क्षरण का प्रमाण है। यह प्रश्न इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आज भारत विकसित भारत 2047 की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आर्थिक विकास, डिजिटल क्रांति, स्मार्ट शहर, वैश्विक नेतृत्व और आत्मनिर्भरता की बातें हो रही हैं। लेकिन यदि घर के किसी कोने में बैठे वृद्ध माता-पिता अकेलेपन, उपेक्षा और अपमान का जीवन जी रहे हों, तो क्या यह विकास पूर्ण माना जा सकता है? यदि हमारे बुजुर्ग अपनी छोटी-छोटी आवश्यकताओं के लिए भी दूसरों पर निर्भर और उपेक्षित हो जाएँ, तो हमारी सारी उपलब्धियाँ खोखली प्रतीत होती हैं। आज की सबसे बड़ी चुनौती केवल आर्थिक नहीं, बल्कि भावनात्मक निर्धनता की है। नई पीढ़ी का एक बड़ा वर्ग आत्मकेंद्रित होता जा रहा है। भौतिक उपलब्धियाँ, कैरियर, उपभोगवाद और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की अवधारणाएँ जीवन के केंद्र में आ गई हैं। संयुक्त परिवार टूट रहे हैं, रिश्तों की ऊष्मा कम हो रही है और संवाद का स्थान डिजिटल माध्यम ले रहे हैं। परिणामतः बुजुर्गों का जीवन अकेलेपन, अवसाद और असुरक्षा का पर्याय बनता जा रहा है। यह सच है कि महानगरीय जीवन की अपनी कठिनाइयाँ हैं। रोजगार, समयाभाव, आर्थिक दबाव और बदलती जीवनशैली ने नई पीढ़ी की चुनौतियाँ बढ़ाई हैं। लेकिन इन कठिनाइयों के बावजूद माता-पिता के प्रति दायित्व समाप्त नहीं हो सकते। भारतीय संस्कृति में माता-पिता की सेवा केवल सामाजिक परंपरा नहीं, बल्कि जीवन-मूल्य रही है। श्रवण कुमार का आदर्श केवल कथा नहीं, बल्कि भारतीय चेतना का हिस्सा है। दुर्भाग्य यह है कि आज संपत्ति और स्वार्थ ने अनेक संबंधों को प्रभावित किया है। अखबारों में आए दिन ऐसे समाचार दिखाई देते हैं जिनमें संपत्ति के लिए माता-पिता को प्रताड़ित किया जाता है, घर से निकाला जाता है, मानसिक यातना दी जाती है या उनकी उपेक्षा की जाती है। अनेक वृद्धाश्रम ऐसे माता-पिता से भरे पड़े हैं जिनकी सबसे बड़ी गलती केवल यह थी कि उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी बच्चों के लिए समर्पित कर दी। यदि यह प्रवृत्ति यूँ ही बढ़ती रही तो भारत भी उस दिशा में बढ़ सकता है जहाँ पश्चिमी देशों की तरह माता-पिता और संतान के संबंध केवल कानूनी और औपचारिक होकर रह जाएँ। पश्चिमी समाज में अनेक माता-पिता प्रारंभ से ही बच्चों को आत्मनिर्भर बना देते हैं क्योंकि वे भविष्य में उनसे देखभाल की अपेक्षा नहीं रखते। लेकिन भारतीय समाज का आधार इससे भिन्न रहा है। यहाँ परिवार केवल जैविक इकाई नहीं, बल्कि भावनात्मक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संस्था रहा है। यह भी स्मरणीय है कि देश में वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 जैसे कानून बनाए गए हैं ताकि वृद्ध माता-पिता के अधिकारों की रक्षा हो सके। न्यायालयों ने अनेक अवसरों पर माता-पिता के संपत्ति अधिकारों को सुरक्षित रखा है और दुर्व्यवहार करने वाली संतानों के विरुद्ध कठोर टिप्पणियाँ भी की हैं। लेकिन कानून केवल सुरक्षा दे सकता है, संवेदना नहीं। अदालतें कमरे दिला सकती हैं, सम्मान नहीं, भरण-पोषण का आदेश दे सकती हैं, लेकिन ममता और अपनत्व नहीं लौटा सकतीं। यही कारण है कि समाधान केवल कानूनी नहीं, सामाजिक और सांस्कृतिक होना चाहिए। परिवारों में संस्कारों की पुनर्स्थापना आवश्यक है। बच्चों को केवल उच्च शिक्षा और आधुनिक सुविधाएँ देना पर्याप्त नहीं, बल्कि उन्हें मानवीय मूल्य भी देना होंगे। विद्यालयों, धार्मिक संस्थाओं और सामाजिक संगठनों को परिवार, सेवा, कृतज्ञता और बुजुर्ग सम्मान जैसे विषयों पर गंभीर पहल करनी चाहिए।

आज आवश्यकता है कि विकसित भारत 2047 की अवधारणा में वृद्ध सम्मान को भी एक महत्वपूर्ण सूचक बनाया जाए। जिस देश में बुजुर्ग सुरक्षित, सम्मानित और संतुष्ट होंगे, वही वास्तव में विकसित कहा जा सकेगा। हमें ऐसी नीतियाँ बनानी होंगी जिनमें वृद्धजन कल्याण, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और भावनात्मक सहयोग को प्राथमिकता मिले। साथ ही परिवारों को यह समझना होगा कि माता-पिता केवल जिम्मेदारी नहीं, हमारी जड़ें हैं। जिस वृक्ष की जड़ें सूख जाएँ, उसकी शाखाएँ अधिक समय तक हरी नहीं रह सकतीं। माता-पिता की उपेक्षा केवल एक व्यक्ति की नहीं, पूरी पीढ़ी की नैतिक पराजय है। यह भी विचारणीय है कि जो संतान आज अपने माता-पिता के साथ व्यवहार कर रही है, वही व्यवहार भविष्य में उसके हिस्से भी आ सकता है। बच्चे केवल उपदेश से नहीं, व्यवहार से सीखते हैं। यदि वे अपने माता-पिता को बुजुर्गों की उपेक्षा करते देखेंगे तो वही संस्कार आगे बढ़ेंगे। आज आवश्यकता अदालतों के आदेशों से अधिक अंतःकरण के जागरण की है। रिश्तों की मर्यादाएँ, गरिमा और दायित्व यदि न्यायालयों को समझाने पड़ें तो यह केवल कानूनी संकट नहीं, बल्कि सभ्यता का संकट है। यह समय आत्ममंथन का है कि क्या हम तकनीकी रूप से आधुनिक होते-होते मानवीय रूप से निर्धन होते जा रहे हैं? भारत की पहचान उसकी संवेदनशीलता रही है। यदि हम इस संवेदनशीलता को बचा सके, तभी विकसित भारत का स्वप्न सार्थक होगा। अन्यथा ऊँची उपलब्धियों और भव्य योजनाओं के बीच भी हमारे घरों के किसी कोने में बैठा एक उपेक्षित वृद्ध हमारी समस्त प्रगति पर मौन प्रश्नचिह्न बनकर खड़ा रहेगा। अंततः याद रखना होगा-विरासत संपत्ति नहीं, संस्कार होते हैं, विकास इमारतों से नहीं, रिश्तों से मापा जाता है और वह समाज कभी महान नहीं कहलाता जहाँ माता-पिता को अपने अधिकार के लिए अदालतों में खड़ा होना पड़े। **- ललित गर्ग**

# पेट्रोल मूल्य वृद्धि का विरोधाभासः संकट जनता का, कमाई सरकार की

**भूपेन्द्र गुप्ता**

भारत में पेट्रोल की बढ़ती कीमतें अब केवल अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कहानी नहीं रह गई हैं। वे सरकारों की उस आर्थिक संरचना का प्रतीक बन चुकी हैं जिसमें ईंधन उपभोक्ता की आवश्यकता कम और राजस्व का सबसे भरोसेमंद स्रोत अधिक दिखाई देता है। आज जब ईरान युद्ध और पश्चिम एशिया के तनाव के कारण पेट्रोल की कीमतें फिर बढ़ रही हैं, तब सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या वास्तव में जनता केवल वैश्विक संकट का बोझ उठा रही है, या फिर उस कर-व्यवस्था का भी भार झेल रही है जिसने ईंधन को राजस्व मशीन बना दिया है? भारत जैसे देश में, जहाँ करोड़ों लोग प्रत्यक्ष कर दायरे में नहीं आते, पेट्रोल-डीजल पर लगाया गया टैक्स सरकारों के लिए सबसे आसान आय का साधन बन गया है। उपभोक्ता हर दिन, हर लीटर के साथ टैक्स देता है,बिना किसी बहस, नोटिस या प्रतिरोध के। यही कारण है कि पेट्रोल की कीमत अब केवल ऊर्जा लागत से तय नहीं होती, उसमें सरकारों की राजकोषीय भूख भी शामिल होती है। वर्तमान मूल्य वृद्धि इसी विरोधाभास को उजागर करती है। सरकारें कह रही हैं कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल महँगा हो गया है, इसलिए कीमतें बढ़ना स्वाभाविक है। यह तर्क भी आंशिक रूप से ही सही है। भारत लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है, इसलिए वैश्विक संकटों का असर यहाँ पड़ना तय है। लेकिन सवाल यह है कि जब कच्चा तेल सस्ता हुआ था तब जनता को उसी अनुपात में राहत क्यों नहीं मिली? कोविड काल और उसके बाद कई महीनों तक अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतें ऐतिहासिक रूप से नीचे चली गई थीं। उस समय जनता को उम्मीद थी कि पेट्रोल-डीजल सस्ते होंगे,लेकिन हुआ उल्टा। केंद्र सरकार ने एक्साईज ड्यूटी बढ़ाई, और राज्यों ने वैट(मूल्य वर्धित टैक्स) बनाए रखा और पेट्रोल के दाम ऊँचे ही बने रहे। सरकारों का राजस्व बढ़ता गया, जबकि उपभोक्ता राहत की प्रतीक्षा करता रहा। यहीं से ऊर्जा लागत मॉडल और राजस्व मॉडल का अंतर स्पष्ट होता है। ऊर्जा लागत मॉडल कहता है कि ईंधन की कीमत मुख्यतः तेल की वास्तविक लागत से तय होनी चाहिए। लेकिन राजस्व मॉडल में ईंधन सरकार के बजट संतुलन का उपकरण बन जाता है। भारत में धीरे-धीरे यही हुआ है। आज भी पेट्रोल की कीमत का बड़ा हिस्सा टैक्स है। यदि पेट्रोल का वास्तविक बेस प्राइस लगभग ? 55 से 60 प्रति लीटर है, तो उपभोक्ता पंप पर ?110 के आसपास भुगतान करता है। यानी वह केवल पेट्रोल नहीं खरीद रहा है, बल्कि भारी कर-व्यवस्था का वित्त पोषण भी खरीद रहा है। सबसे बड़ा विरोधाभास तब दिखाई देता है जब सरकारें एक ओर जनता से खर्च कम करने, सादगी अपनाने और वैश्विक संकट सहने की अपील करती हैं, वहीं दूसरी ओर पेट्रोल-डीजल को राजस्व संग्रह के स्थायी साधन की तरह इस्तेमाल करती रहती हैं। यदि वास्तव में संकट साझा है, तो उसका बोझ केवल उपभोक्ता पर क्यों डाला जाए? टैक्स संरचना में स्वतः कमी क्यों नहीं आती? यह भी ध्यान देने योग्य है कि पेट्रोल-डीजल पर टैक्स एक प्रतिगामी कर (रिग्रेसिव टैक्स) की तरह काम करता है। अमीर और गरीब दोनों एक लीटर पेट्रोल पर लगभग समान टैक्स देते हैं। लेकिन उसका वास्तविक बोझ गरीब और मध्यवर्ग पर अधिक पड़ता है। डीजल महँगा होते ही परिवहन महँगा होता है, और फिर खाद्यान्न से लेकर निर्माण सामग्री तक सबकी कीमतें बढ़ जाती हैं। यानी ईंधन मूल्य वृद्धि केवल वाहन चलाने वालों की समस्या नहीं रहती , वह पूरी अर्थव्यवस्था में महँगाई का दबाव पैदा करती है। सरकारों का तर्क है कि इसी राजस्व से सड़कें बनती हैं, कल्याणकारी योजनाएँ चलती हैं और राजकोषीय घाटा नियंत्रित होता है। यह तर्क पूरी तरह गलत नहीं है। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या जनता को यह अधिकार नहीं होना चाहिए कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार राहत दे, तब उसका लाभ सीधे उपभोक्ता तक पहुँचे? और यदि संकट के समय जनता से त्याग अपेक्षित है, तो क्या सरकारों को भी अपने कर ढाँचे में लचीलापन नहीं दिखाना चाहिए? वर्तमान पेट्रोल मूल्य वृद्धि केवल एक आर्थिक घटना नहीं है, यह उस नीति-दर्शन का प्रतिबिंब है जिसमें ईंधन को जीवन की आवश्यकता कम और राजस्व के अवसर के रूप में अधिक देखा जाने लगा है। जब तक पेट्रोल-डीजल को स्थायी कर-स्रोत की तरह इस्तेमाल किया जाता रहेगा, तब तक हर वैश्विक संकट का पहला और सबसे भारी असर आम भारतीय नागरिक की जेब पर ही पड़ेगा।

## सेहत मंत्र

# अत्यधिक तनाव के कारण होता है हिस्टीरिया

यूं तो हर व्यक्ति किसी न किसी तनाव का सामना हर दिन करता है, लेकिन कुछ लोगों में तनाव इस हद तक बढ़ जाता है कि उसके कारण कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं जन्म लेने लगती हैं। हिस्टीरिया भी इन्हीं में से एक है। यह समस्या होने पर व्यक्ति अचानक दांत भिंचने लगता है। इसके अतिरिक्त अचानक हंसना, बेहोशी, उल्टी, दम घुटना, बोलने में परेशानी, ऐंठन, जोर?जोर से चिल्लाना भी हिस्टीरिया के लक्षण हैं। यह एक मानसिक बीमारी है, जिसका सही समय पर पता लगाकर उपचार किया जाना बेहद आवश्यक है। तो चलिए विस्तार से जानते हैं इस बीमारी के बारे में? कुछ लोग हिस्टीरिया को मिर्गी ही समझ लेते हैं, जबकि यह इससे काफी अलग है। मिर्गी का दौरा कभी भी और अचानक आता है, जिसमें व्यक्ति को कुछ भी सोचने?समझने का अवसर नहीं मिलता। जबकि हिस्टीरिया रोग में ऐसा नहीं होता। इसमें रोगी को पहले से ही इसका आभास हो जाता है। हिस्टीरिया एक मानसिक समस्या है, जिसके पीछे का मुख्य कारण तनाव तो है ही, साथ ही कोई गंभीर सदमा लगना, अपनी फीलिंग को दबाना, हादसा, दांपत्य जीवन में परेशानी व आर्थिक कारण इस बीमारी की वजह बनती है। यूं तो यह मानसिक समस्या किसी भी व्यक्ति को हो सकती है, लेकिन महिलाएं इससे अधिक प्रभावित होती हैं। दरअसल, उम्र के विभिन्न दौर में न सिर्फ स्त्रियों में हार्मोनल बदलाव होते हैं, बल्कि विवाह के बाद नए घर में जाने के बाद या फिर वैवाहिक जीवन में परेशानी के कारण भी महिला इस रोग से ग्रस्त होती है। इसके अतिरिक्त अधिकतर मामलों में देखने में आता है कि महिला अपने मन की बात या परेशानी किसी से शेयर नहीं करती, जिससे मन ही मन उसका तनाव बढ़ने लगता है और फिर वह हिस्टीरिया के रूप में सामने आता है। इसके इलाज के लिए किसी अच्छे मनोचिकित्सक की मदद लेनी चाहिए। वैसे इसके अतिरिक्त कुछ उपायों के जरिए भी स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता है। जैसे स्थिति बिगड़ने पर प्रभावित व्यक्ति को हवादार स्थान पर लेटाएं और उसके कपड़े ढीले रखें। इस दौरान मरीज के हाथ?पैरों की मालिश करें और पैरों को उपर ही रखें ताकि शरीर में रक्त का प्रवाह सही रहे। इसके अतिरिक्त जो भी व्यक्ति इस बीमारी से पीड़ित हो, उसे अपने तनाव को नियंत्रित करने के उपाय करने चाहिए। इसके लिए योग व मेडिटेशन आदि का सहारा लिया जा सकता है। वहीं काउंसिलिंग भी तनाव को कम करने में प्रभावशाली है।

## धर्म मंत्र

# भगवान शंकर का अवतार माना है बजरंग बली हनुमान को

बजरंग बली हनुमान का जन्म भगवान श्रीराम की सहायता के लिए हुआ। हनुमान जी को भगवान शंकर का अवतार भी माना जाता है। कहा जाता है कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की सेवा के निमित्त भगवान शिव जी ने एकादश रुद्र को ही हनुमान के रूप में अवतरित किया था। हनुमान जी चूंकि वानर उपदेवता श्रेणी के तहत आते हैं इसलिए वे मणिकुण्डल, लंगोट व यज्ञोपवीत धारण किए और हाथ में गदा लिए ही उत्पन्न हुए थे। पुराणों में कहा गया है कि उपदेवताओं के लिए स्वेच्छानुसार रूप एवं आकार ग्रहण कर लेना सहज सिद्ध है। पुराणों के अनुसार, इस धरा पर जिन सात मनीषियों को अमरत्व का वरदान प्राप्त है, उनमें बजरंगबली भी हैं। माता अंजनी एवं पवन देवता के पुत्र हनुमान का जीवनकाल पराक्रम और श्रीराम के प्रति अटूट निष्ठा की असंख्य गाथाओं से भरा पड़ा है। हनुमान जी में किसी भी संकट को हर लेने की क्षमता है और अपने भक्तों की यह सदैव रक्षा करते हैं। हनुमान रक्षा स्त्रोत का पाठ यदि नियमित रूप से किया जाए तो कोई बाधा आपके जीवन में नहीं आ सकती। साथ ही हनुमान चालीसा का पाठ करने से बड़े से बड़ा भय दूर हो जाता है। हनुमान जयंती के दिन हनुमान जी के पूजन का विशेष महत्व है। हनुमान जी भक्तों से विशेष प्रेम करते हैं और उनकी हर पुकार को सुनते हैं। श्रीराम की नित उपासना करने वालों पर हनुमान जी खूब प्रसन्न रहते हैं। हनुमान जयंती के दिन हनुमानजी की पूजा विधि विधान से करनी चाहिए।

## पर्यटन



# कोलकाता में हैं तो इन जगहों का जरूर करें एक्सपीरियंस

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता भारत का दूसरा सबसे बड़ा महानगर है। कोलकाता एक अलग ऐतिहासिक, शैक्षिक व सांस्कृतिक महत्व रखता है। महलों के इस शहर को सिटी ऑफ जॉय भी कहा जाता है। इतना ही नहीं, कुछ लोग कोलकाता को पूर्वी भारत का प्रवेश द्वार कहकर भी पुकारते हैं। यहां पर ऐसे कई स्थल मौजूद हैं, जो सैलानियों को आकर्षित करते हैं। बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए यहां पर बहुत कुछ है। इसलिए चाहे आप सोलो ट्रेवलिंग करें या फिर फैमिली के साथ, कोलकाता आपको कभी भी निराश नहीं करेगा। तो चलिए आज हम आपको कोलकाता की कुछ बेहतरीन जगहों के बारे में बता रहे हैं, जिनका आपको कोलकाता में रहते हुए एक बार एक्सपीरियंस जरूर करना चाहिए? कोलकाता अपने पुराने विश्व चार्म के लिए जाना जाता है और इसे अनुभव करने का सबसे अच्छा तरीका है ट्राम की सवारी करना। अंग्रेजों की विरासत, कोलकाता में ट्राम सेवा 1873 में शुरू की गई थी और आज तक चल रही है। कोलकाता ट्रामवेज एशिया में सबसे पुराना ऑपरेटिंग इलेक्ट्रिक ट्राम सिस्टम है जो 1902 से चल रहा है। कोलकाता के ट्राम को बॉलीवुड की कई फिल्मों जैसे बर्फी, कहानी और परिणिता आदि में भी दिखाया गया है। इसलिए अगर कोलकाता की यात्रा के दौरान आप शहर को एक अलग तरह से अनुभव करना चाहते हैं तो ट्राम की सवारी जरूर करें। हुगली नदी कोलकाता के प्रमुख स्थलों में से एक है। हुगली नदी में बोटिंग करने का एक अलग ही मजा है। यहां पर पर्यटकों की भारी मात्रा देखने को मिलती है। अगर आप कोलकाता में हैं तो एक शाम यहां पर बोटिंग करने का आनंद जरूर लें। लंदन चिड़ियाघर की तर्ज पर निर्मित अलीपुर प्राणि उद्यान देश का सबसे पुराना चिड़ियाघर है, जिसे 1876 में पब्लिक व्यू के लिए खोला गया। यह प्राणि उद्यान कोलकाता का एक प्रमुख पर्यटक आकर्षण केन्द्र है। चिड़ियाघर न केवल पक्षियों और जानवरों के अपने विस्तृत संग्रह के लिए जाना जाता है, बल्कि इसके संरक्षण गतिविधियों के लिए भी जाना जाता है। पार्क में सबसे प्रसिद्ध नमूनों में से एक अद्वैत एक विशाल अल्दाबरा कछुआ है जो 2006 में अपनी मृत्यु तक 250 साल तक जीवित रहा था। ऐसा कहा जाता है कि अद्वैत लॉर्ड क्लाइव के समुद्री नाविकों द्वारा सेशेल्स से लाया गया था। चिड़ियाघर पक्षियों, स्तनधारियों और सरीसृपों की 1000 से अधिक प्रजातियों का घर है।

# चौथे बड़ा मंगल पर श्रद्धा भक्ति का संगम, कवित्री कविता तिवारी ने कराया भंडारा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। ज्येष्ठ माह के चौथे बड़ा मंगल पर मंगलवार को श्रद्धा, सेवा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। जगह-जगह भंडारे और शीतल जल सेवा के आयोजन हुए, जहां आमजन के साथ कई प्रतिष्ठित लोग भी सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर शामिल हुए।

इसी क्रम में सुप्रसिद्ध कवित्री कविता तिवारी एवं उनके ससुराल पक्ष द्वारा बीएसएनएल मुख्यालय के निकट आवास विकास कॉलोनी में भंडारे का आयोजन किया गया। यहां श्रद्धालुओं और राहगीरों को भोजन प्रसाद वितरित किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन स्थल पर भक्तिमय माहौल बना रहा और लोगों ने सेवा भाव की सराहना की। आयोजकों ने बताया कि बड़ा मंगल पर सेवा और परोपकार की परंपरा समाज को एकता और सद्भाव का संदेश देती है।





# मीडिया टीम 9 द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन, एससी-एसटी आयोग अध्यक्ष ने वितरित किया प्रसाद

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

जैदपुर, बाराबंकी। नगर पंचायत जैदपुर में मंगलवार को मीडिया टीम 9 के वरिष्ठ पत्रकार वसीम खान द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में शीतल जल, शरबत, फ्रूट चाट, तहरी व पुलाव आदि का वितरण किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अम्बरीष रावत, पूर्व अध्यक्ष रियाज अहमद, अतिरिक्त थाना प्रभारी निर्मल सिंह तथा सीएचसी अधीक्षक डॉ. जगदीश कुमार ने फीता काटकर किया। इसके बाद अतिथियों ने स्वयं प्रसाद वितरण कर लोगों की सेवा की।

इस अवसर पर भाजपा पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अम्बरीष रावत ने पत्रकारों के जनहित कार्यों की सराहना की।कार्यक्रम में एससी-एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ





रावत भी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने प्रसाद वितरण करते हुए पत्रकारों के सामाजिक योगदान की प्रशंसा की।

कार्यक्रम में आयोजक पत्रकार वसीम खान, मोहम्मद सैफ खान, संदीप तिवारी, सत्येंद्र वर्मा, जेई विद्युत मिर्ज़ा परवेज हुसैन, डॉ. नजमुल सिद्दीकी, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रेम प्रकाश द्विवेदी, राजन बक्सोर, नदीम जैदी, सभासद ताहिर अंसारी, जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी रीता वर्मा, मोहम्मद कैफ खान, अली खान पत्रकार, शहाबुद्दीन सिद्दीकी, जामिन रिजवी, हंसराज वर्मा, मेवालाल, प्रद्युम्न कुमार, कृष्ण गोपाल सोनी, मोहसिन रज़ा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शारदा सहायक नहर में अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी

**निंदूरा, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बड्डूपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार सुबह करीब सात बजे टड़वा शारदा सहायक नहर में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष बताई जा रही है। युवक के दाहिने हाथ पर गोदना से सूरज का निशान बना हुआ है, जिसके आधार पर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाया। इस समय नहर में पानी न होने के कारण शव नहर में पड़ा मिला। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा पहचान कराने के प्रयास जारी हैं।

## नहाने गया किशोर नदी में डूबा

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बाराबंकी-अयोध्या सीमा स्थित कल्याणी नदी में मंगलवार को नहाते समय एक किशोर की डूबने से मौत हो गई। तीन घंटे चले रेस्क्यू के बाद शव बरामद किया गया।मृतक की पहचान वरिष्ट (14) पुत्र विजय कुमार, निवासी लखनऊ के रूप में हुई है।वरिष्ट अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में आया था।मंगलवार को परिवार बाबा रामसनेहीदास मंदिर में दर्शन के लिए रामसनेहीघाट पहुंचा था।पूजा के दौरान वरिष्ट अपने दो साथियों के साथ पास की कल्याणी नदी में नहाने चला गया।नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथियों के शोर मचाने पर स्थानीय लोगों ने बचाने की कोशिश की,लेकिन तब तक वह पानी में लापता हो चुका था। सूचना पर तहसीलदार उमेश द्विवेदी व कोतवाली प्रभारी दयाशंकर द्विवेदी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और करीब 20 स्थानीय गोताखोरों की मदद से तीन घंटे के रेस्क्यू के बाद शव बरामद किया गया। पुलिस वरिष्ट को नजदीकी सीएचसी ले गई,जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फोटो

## कलश यात्रा संग भागवत कथा का शुभारंभ

**रामनगर बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के ग्राम बहलोलपुर में पुरुषोत्तम मास में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ।प्रथम दिवस घाघरा सरयू नदी से जल भरकर कलशयात्रा निकाली



गई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और श्रद्धालुओं ने भाग लिया।संगीतमई कथा का वाचन पूज्य पुरुषोत्तम महाराजजी द्वारा 26 मई से 2 जून तक किया जाएगा।कथा में श्रीकृष्ण-राधारानी की झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी हैं।ज्ञान यज्ञ के पूर्ण होने पर कन्या भोज व हवन के बाद भंडारा आरंभ किया जाएगा।

## अखिलेश यादव के खिलाफ लगाए गए विवादित पोस्टरों पर सपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश, कार्रवाई की मांग

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** समाजवादी पार्टी सुप्रीमों को बदनाम करने तथा समाज में वैमनस्य फैलाने की नीयत से जनपद के विभिन्न स्थानों पर लगाए गए कथित विवादित होर्डिंग और पोस्टरों को लेकर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। मंगलवार को सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद की अध्यक्षता में पार्टी पदाधिकारी नगर कोतवाली पहुंचे और अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान पार्टी नेताओं ने सक्षम अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए मामले में तत्काल कार्रवाई करने की मांग उठाई। जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ विवादित पोस्टर लगाकर जानबूझकर सामाजिक एवं राजनीतिक माहौल खराब करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की। इस मौके पर महासचिव हिमांशु यादव, कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव, प्रदुमन यादव, युवजन सभा जिलाध्यक्ष आशीष सिंह आर्यन, शान सिद्दीकी, कार्यालय सचिव राजकुमार वर्मा, उदय राज यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी में राहत का संदेश: बारा टोल प्लाजा पर एनएचएआई द्वारा शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हैदरगढ़, बाराबंकी। भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से एनएचएआई के तत्वावधान में लखनऊ-सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बारा टोल प्लाजा पर शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान टोल प्लाजा से गुजरने वाले सैकड़ों वाहन चालकों, यात्रियों और स्थानीय लोगों को ठंडा शरबत वितरित किया गया, जिससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली।

इस अवसर पर टोल कर्मचारियों ने राहगीरों का स्वागत करते हुए उन्हें प्रसाद स्वरूप शरबत पिलाया। भीषण तापमान के बीच इस मानवीय पहल की लोगों ने सराहना की और एनएचएआई व टोल प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

टोल मैनेजर ब्रजेंद्र तिवारी ने बताया कि बढ़ती गर्मी और हीट वेव को देखते हुए राहगीरों की सुविधा एवं स्वास्थ्य को ध्यान



में रखकर यह विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि आगे भी समय-समय पर जनहित से जुड़े ऐसे सेवा कार्य किए जाते रहेंगे ताकि हाईवे से गुजरने वाले लोगों को राहत और सहायता मिल सके।

कार्यक्रम के दौरान टोल प्लाजा परिसर में सेवा और सहयोग का माहौल देखने को मिला। कई यात्रियों ने कहा कि तपती गर्मी में मिला ठंडा शरबत उनके लिए राहत भरा अनुभव रहा। एनएचएआई की इस पहल ने यह संदेश दिया कि सड़क सुरक्षा और सुविधाओं के साथ-साथ मानवीय संवेदनाएं भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं।

# धान की डीएसआर खेती को बढ़ावा देने के लिए कार्यशाला आयोजित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बाराबंकी। वर्ल्ड बैंक के अंग डब्ल्यूआरजी द्वारा संचालित यूपी एक्सीलेरेटर प्रगति कार्यक्रम के अंतर्गत धान की सीधी बिजाई (डीएसआर) विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन लैब टू लैंड की तर्ज पर प्रगतिशील किसान अमरेंद्र प्रताप सिंह के ग्राम दौलतपुर, विकासखंड सूरतगंज स्थित फार्म पर किया गया।

कार्यक्रम में डब्ल्यूआरजी से श्रीमती अंजली, जिला कृषि अधिकारी राजित राम वर्मा, सवाना सीड्स के सुमित, आलोक जैन, दीपक सिंह सहित क्षेत्र के विभिन्न कृषक उत्पादक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसमें तुरकौली फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड तथा बाराबंकी सूरतगंज फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के डायरेक्टरों के साथ क्षेत्र के प्रगतिशील किसान नरेंद्र शुक्ला, शिवम सिंह, अजीत कुमार शुक्ला सहित अनेक डीएसआर जागरूक किसान मौजूद रहे।

कार्यशाला के दौरान किसानों को धान की सीधी बिजाई (डीएसआर) तकनीक के लाभ, कम लागत, पानी की बचत और अधिक उत्पादन की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रकुल एग्री फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के निदेशक ने बताया कि क्षेत्र में कम से कम 600 एकड़ क्षेत्रफल में डीएसआर पद्धति से धान की खेती कराने की रणनीति तैयार कर ली गई है। उन्होंने कहा कि यह अभियान किसानों और एफपीओ के संयुक्त प्रयास से बिना किसी सरकारी अथवा गैर सरकारी सहायता के संचालित किया जाएगा। एफपीओ द्वारा किसानों को तकनीकी सहयोग उपलब्ध कराने के साथ-साथ रूटवार डीएसआर मशीनें भी मुहैया कराई जाएंगी, ताकि अधिक से अधिक किसान आधुनिक खेती तकनीक से जुड़ सकें।

# माहवारी स्वच्छता प्रबंधन दिवस का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मसौली बाराबंकी। वात्सल्य संस्था की सक्षम परियोजना के अंतर्गत ग्राम देवकलिया में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष 28 में को मनाया जाता है कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को माहवारी से संबंधित सही जानकारी प्रदान करना, स्वच्छता एवं सही निस्तारण के प्रति जागरूक करना तथा माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों पर चर्चा करना था।

कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव से काउंसलर रीना श्रीवास्तव एवं अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। रीना श्रीवास्तव जी ने किशोरियों को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक बदलावों के साथ-साथ माहवारी स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।

ग्राम मुंजापुर की सी एच ओ प्रियंका यादव ने किशोरियों को माहवारी के दौरान आयरन की गोलियां लेने एवं हरी सब्जियों का सेवन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत देवकलिया की आशा बहन रिहाना बानो, उमा देवी, इंद्रावती एवं किरण देवी के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री प्रेमा देवी, आशा वर्मा और पुष्पा वर्मा ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम के दौरान सक्सेस ऑफ गर्ल्स सेलिब्रेशन का भी आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 8वीं एवं 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली कुल 21 किशोरियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना एवं उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में आलोक सिंह, कमलेश कुमार, शोभिका मिश्रा, मंजू लता शर्मा, सीमा वर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बकरीद पर्व को पुलिस का फ्लैग मार्च

❒ सीओ समीर कुमार सिंह की अगुवाई में निकला पैदल गश्त, आमजन को दिलाया सुरक्षा का भरोसा



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हैदरगढ़, बाराबंकी। आगामी बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से हैदरगढ़ पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में पुलिस उपाधीक्षक समीर कुमार सिंह के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा नगर क्षेत्र में व्यापक पैदल मार्च एवं फ्लैग मार्च निकाला गया।

पुलिस बल ने नगर के प्रमुख मार्गों, बाजारों, संवेदनशील क्षेत्रों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल भ्रमण कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया। इस दौरान अधिकारियों ने व्यापारियों, राहगीरों एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए आपसी भाईचारा बनाए रखने और किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की।

सीओ समीर कुमार सिंह ने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने लोगों से प्रशासन का सहयोग करने, सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं साझा न करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने की अपील की। फ्लैग मार्च के दौरान संगीनों के साये में निकली खाकी का अनुशासित और मिलनसार व्यवहार लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। पुलिसकर्मियों ने आमजन से आत्मीय संवाद कर यह संदेश दिया कि पुलिस हर परिस्थिति में जनता की सुरक्षा और सहायता के लिए तत्पर है।

नगरवासियों ने भी पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे पैदल मार्च से लोगों में विश्वास बढ़ता है और असामाजिक तत्वों में भय का वातावरण बनता है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय, अतिरिक्त निरीक्षक शैलेश यादव, कस्बा चौकी प्रभारी कपिल देव यादव सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत से पार्टी पहुंची ऊंचाइयों पर : राम सिंह वर्मा

**निंदूरा, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भाजपा निंदूरा मंडल की कार्यकारिणी बैठक ग्राम पिंडसावा में आयोजित की गई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा ने संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की एकजुटता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि हम सभी संगठन के कार्यकर्ता हैं। व्यक्ति समय के साथ बदल सकता है, लेकिन संगठन हमेशा सर्वोपरि रहता है। यदि किसी व्यक्ति विशेष से मतभेद हो भी जाए तो उसका असर पार्टी पर नहीं पड़ना चाहिए। संगठन हित में सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर कार्य करना चाहिए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की वास्तविक ताकत हैं। भाजपा आज जिस मुकाम पर पहुंची है, उसमें कार्यकर्ताओं की मेहनत, निष्ठा और समर्पण का महत्वपूर्ण योगदान है। इसके लिए सभी कार्यकर्ता धन्यवाद के पात्र हैं। बैठक में विनोद कुमार सिंह, दिनेश तोमर, प्रदीप रावत, श्रीश रावत, विशाल सिंह, नीरज कुमार, सुनील विश्वकर्मा, राजन सिंह, सत्येंद्र सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डॉ राजेश्वर सिंह की दो दर्जन से अधिक आयोजनों में की सहभागिता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। सरोजनी नगर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने ज्येष्ठ मास के चतुर्थ बड़े मंगल के पावन अवसर पर सुबह 10 बजे से लेकर शाम 10 बजे तक सरोजनी नगर समेत लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित सुंदरकांड पाठ, विशाल भंडारा एवं जनसेवा के दो दर्जन से अधिक कार्यक्रमों में सहभागिता कर श्रद्धालुओं के मध्य सेवा, समर्पण और सामाजिक समरसता के भाव को सशक्त किया। दिनभर चले इन भक्तिमय आयोजनों में आस्था, भक्ति और लोकसेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

सरोजनी नगर के विधायक डॉ राजेश्वर सिंह टी पॉइंट, आशियाना चौराहा में सरिता सिंह, संजीव सिंह, मनीष शुक्ला और अशोक चौधरी द्वारा आयोजित सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में श्रेयस सिंह का जन्मदिवस भी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इसके अतिरिक्त संत कबीरराम चौराहा, आलमबाग में सिंध यूथ क्लब सोसाइटी द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में रामेश्वर सिंह के साथ सहभागिता कर उन्होंने सेवा भावना और सामाजिक एकात्मता के भाव का अनुभव किया। इसी क्रम में दीपक ऑप्टिकल्स, आशियाना सेक्टर-के में राम अरोड़ा, मनोज अरोड़ा, सोनिया अरोड़ा, अर्श अरोड़ा, सिम्मी अरोड़ा, प्रखर द्विवेदी और राजीव द्वारा आयोजित विशाल भंडारा कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने श्रद्धालुओं के मध्य प्रसाद वितरण किया। वहीं पराग मार्ग स्थित शनि देव मंदिर परिसर में जग प्रसाद और प्रतिभा सिंह द्वारा आयोजित विशाल भंडारे में भी सहभागिता कर भक्तों के बीच आत्मीय संवाद स्थापित किया। रॉयल फ़ूड कॉर्नर द्वारा आशियाना खंड-के में आयोजित 15वें विशाल भंडारा एवं सुंदरकांड पाठ कार्यक्रम, आशियाना निवासी संघ द्वारा चांसलर क्लब मुख्य द्वार पर आयोजित भंडारा, भारतीय बैंक रजनी खंड शारदा नगर में कमल नयन मिश्रा द्वारा आयोजित सेवा कार्यक्रम तथा ए.पी.एस. अकादमी अंतर महाविद्यालय, सेनानी विहार में शिव प्रकाश मिश्रा (सेनानी) एवं सिंधुजा मिश्रा द्वारा आयोजित सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे में भी विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने सहभागिता की। भक्तिमय वातावरण, सुंदरकांड की मंगलमयी स्वरधारा एवं प्रसाद सेवा की पावन परंपरा ने समस्त आयोजनों को आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित कर दिया। लखनऊ की पूज्य



जनता के अद्भुत हनुमत प्रेम के मध्य सरोजनी नगर के विधायक डॉ राजेश्वर सिंह विनायक महादेव ट्रस्ट मंदिर, विनायक सिटी, बिजनौर मार्ग में सेवकराम कनौजिया द्वारा आयोजित सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे में भी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने नवस्थापित ओपन जिम का लोकार्पण किया तथा उपस्थित वृद्ध माताओं को साड़ी भेंट कर उनका सम्मान किया। साथ ही क्षेत्र की जर्जर सड़क को पंद्रह दिनों के भीतर बनवाने का आश्वासन भी दिया। आयोजन के दौरान रीना त्रिपाठी, विवेक सिंह, ओ.पी. सिंह, वी.के. पटेल, राजीव पाल, पूरनराम, अंकित सक्सेना, गुड़िया यादव, पूजा पटेल, रूपमा पाल, रागिनी सिंह एवं दीप्ती सक्सेना सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। इसी क्रम में विधायक डॉ राजेश्वर सिंह जी एस एम पब्लिक कॉलेज, गौरी नहर पुलिया, सरोजनीनगर में एस.पी. वर्मा एवं शिव नारायण पटेल (लक्ष्मण) द्वारा आयोजित सुंदरकांड पाठ एवं भंडारे में सम्मिलित हुए। भक्तिमय वातावरण में सुंदरकांड पाठ का श्रवण करने के उपरांत उन्होंने डिजिटल शिक्षा को प्रोत्साहन देने हेतु महाविद्यालय में पाँच कंप्यूटर उपलब्ध कराने, डिजिटल लैब स्थापित करने तथा एक स्मार्ट बोर्ड प्रदान करने की घोषणा की। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक नीतीश चन्द्र वर्मा, राजेश सिंह चौहान, शेर बहादुर सिंह शेर, के.के. श्रीवास्तव, लवकुश रावत, पिंटू शुक्ला, पंकज सिंह, राजेश गुप्ता, साधना गुप्ता, पूजा सिंह, नेहा रावत, अभिषेक सिंह, वीरू सिंह, जितेंद्र कुमार जीतू, राजन गुप्ता, सौरभ सिंह, दिलीप द्विवेदी एवं शिवम शुक्ला सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने सुमित्रा डेवलपर्स, श्रीमते इन्फ्राबिल्ड प्राइवेट लिमिटेड, डॉ दिनेश यादव, बब्लू राजपूत, दिनेश पांडेय, विवेक उपाध्याय, अविनाश जैन, अजय गुप्ता पुन्नी और सौरभ सिंह बजरंगी सहित विभिन्न आयोजकों द्वारा आयोजित भंडारा एवं सुंदरकांड कार्यक्रमों में भी सहभागिता की। इस दौरान श्रद्धालुओं के मध्य प्रसाद वितरण एवं आत्मीय संवाद का क्रम निरंतर चलता रहा। 43 डिग्री सेल्सियस तापमान और प्रचंड गर्मी के बीच भी विधायक डॉ राजेश्वर सिंह सरोजनी नगर परिवार के बीच निरंतर जनसंपर्क और सामाजिक सहभागिता में सक्रिय रहे। इसी क्रम में उन्होंने अवध पब्लिक विद्यालय पहुँचकर प्रबंध निदेशक गोविन्द पांडे और प्रधानाचार्या रश्मी पटनायक से आत्मीय भेंट की तथा विद्यालय में प्रारंभ किए जा रहे विद्यालय विकास केंद्र हेतु चल रहे प्रयासों की सराहना की। कौशल आधारित शिक्षा, युवा सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में हो रहे प्रयासों को समाज निर्माण की महत्वपूर्ण आधारशिला बताया गया। विभिन्न कार्यक्रमों में सतेंद्र कुमार कार्तिकेय मिश्रा, आशीष पटेल, अखिलेश त्रिपाठी, सुनील शर्मा, राजीव मिश्रा, अतुल टंडन, बलदेव रमानी, नानक चंद लखमानी, दर्पण लखमानी, सौरभ सिंह मोनू, लवकुश रावत, गोविन्द पांडे, राजेंद्र बाजपेयी, चंद्र भूषण पांडे, हिमांशु अंबेडकर, के.के. सिंह, अमरीश सिंह, मोती सिंह, अभिषेक तिवारी, राहुल मिश्रा, शिवम दुबे, अजय सिंह, अतुल सिंह, ओम प्रकाश यादव, शैलेंद्र पांडेय, अनुराग गुप्ता, संजय मिश्रा और रज्जन सिंह सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# दमदार सनराइजर्स के खिलाफ रॉयल्स को सूर्यवंशी और आर्चर पर भरोसा

एजेंसी



मुल्लांपुर। अपने विस्फोटक बल्लेबाजों की मौजूदगी से बेहद मजबूत नजर आ रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम बुधवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एलिमिनेटर में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी तो उसे 15 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी और तेज तर्रार गेंदबाज जोफ्रा आर्चर से सावधान रहना होगा।

सनराइजर्स की टूर्नामेंट की शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही थी लेकिन उसने दूसरे चरण में लय हासिल कर ली। नियमित कप्तान पैट कमिंस के आने से भी टीम को काफी फायदा हुआ, क्योंकि उसने अपने इन आखिरी सात मैचों में से पांच में जीत हासिल की। सनराइजर्स ने लीग चरण में राजस्थान रॉयल्स को दो बार हराया था और इस तरह से कमिंस और उनकी टीम को बहुत अधिक दबाव वाले नॉकआउट मुकाबले में मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल होगी। रॉयल्स के कप्तान रियाग पराग ने खुद स्वीकार किया है कि उनकी टीम को लीग चरण के आखिरी दिन तक इंतजार करने से बहुत पहले ही क्वालीफाई कर लेना चाहिए था, लेकिन अब जबकि टीम वहां पहुंच गई है तब वह आगे बढ़ने के लिए बेताब होगी। रॉयल्स के शीर्ष क्रम में सूर्यवंशी (583 रन), यशस्वी जायसवाल (397) और ध्रुव जुरेल (458) ने सर्वाधिक रन बनाए हैं। सनराइजर्स की तरफ से भी शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों अभिषेक शर्मा (563 रन), ट्रैविस हेड (393) और ईशान किशन (569) ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। लेकिन नंबर चार पर बल्लेबाजी करने वाले हेनरिक क्लासेन (606) का विशेष रूप से उल्लेख करना जरूरी है, क्योंकि उन्होंने अब तक शानदार बल्लेबाजी की है। दोनों टीमों के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की विस्फोटक क्षमता के बावजूद जायसवाल और हेड के प्रदर्शन में उतनी निरंतरता नहीं रही है जितना वे चाहते थे। सनराइजर्स यकीनन टूर्नामेंट की सबसे आक्रामक टीम है और इसलिए यह कोई हैरानी की बात नहीं थी कि रॉयल्स के मुख्य कोच कुमार संगकारा से विपक्षी टीम के शीर्ष चार बल्लेबाजों से निपटने की उनकी रणनीति के बारे में पूछा गया। संगकारा ने कहा, ''उनकी टीम बहुत अच्छी है और वह बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्हें खुद पर भरोसा है कि वे खुलकर खेलेंगे और उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में ऐसा ही किया है। हमें वास्तव में अपनी लय बनाए रखनी होगी। अनुशासित रहना होगा और यह समझना होगा कि वे ऐसी टीम नहीं है जिसे आप 120 या 130 रन पर रोक सकते हैं। हमें अपनी लाइन और लेंथ को लेकर आक्रामक रहना होगा।

# गुकेश और प्रज्ञानंनंदा की टाईब्रेक में जीत, कार्लसन हारे

एजेंसी



ओस्लो। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत करते हुए विन्सेंट कीमर के खिलाफ एक कड़े और तनावपूर्ण मैराथन मुकाबले के बाद जीत हासिल की और आर प्रज्ञाननंदा ने वेस्ली सो को हराया, लेकिन विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। गुकेश ने लगभग पांच घंटे तक चले 144 चाल के मुकाबले के बाद आर्मागेडन (मुख्य बाजी ड्रॉ रहने के बाद टाईब्रेक मुकाबला) में जीत के बदौलत 1.5 अंक हासिल किए, जबकि कीमर को क्लासिकल मुकाबला बराबर रहने के कारण एक अंक से ही संतोष करना पड़ा। इस मैराथन मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी अंतिम चरणों में स्पष्ट रूप से घबराया हुआ दिखा जबकि जर्मन खिलाड़ी ने पूरे क्लासिकल मुकाबले में संयम बनाए रखा। टाईब्रेक में हालांकि गुकेश ने जीत हासिल करने में देर नहीं लगाई। प्रज्ञाननंदा और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो के बीच क्लासिकल मुकाबला भी ड्रॉ रहा लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने आर्मागेडन टाईब्रेक में शानदार जीत हासिल की। दिन में हालांकि चर्चा का विषय मौजूदा चैंपियन कार्लसन की क्लासिकल शतरंज में अलीरेजा फिरोजा के हाथों हार थी। इस जीत से फिरोजा ने तीन अंक हासिल किए। कार्लसन ने मैच के अधिकांश हिस्से में नियंत्रण बनाए रखा, लेकिन समय की कमी के कारण उनसे एक बड़ी चूक हो गई जिससे फिरोजा को बढ़त मिल गई। फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर ने इसका फायदा उठाते हुए जीत हासिल करते हुए अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। फिरोजा ने इस तरह से 10 दौर की प्रतियोगिता में तीन अंकों के साथ शुरुआती बढ़त हासिल कर ली है, जबकि गुकेश और प्रज्ञाननंदा 1.5-1.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। वेस्ली सो और कीमर के एक-एक अंक हैं, जबकि कार्लसन ने अभी तक अपना खाता नहीं खोला है। महिला वर्ग में बिबिसारा असाउबायेवा ने कोनेरू हम्पी पर क्लासिकल मुकाबले में ही जीत हासिल की। मौजूदा चैंपियन अन्ना मुज़िचुक को झू जिनर ने आर्मागेडन टाईब्रेक में हराया।

## संक्षिप्त समाचार

### बुंडेसलीगा से 29 साल बाद बाहर हुआ वोल्फ्सबर्ग, पैडरबोर्न ने अतिरिक्त समय में दर्ज की ऐतिहासिक जीत

**पैडरबोर्न।** जर्मन फुटबॉल क्लब वोल्फ्सबर्ग 29 वर्षों बाद बुंडेसलीगा से बाहर हो गया। सोमवार को खेले गए रेलिगेशन प्लेऑफ के दूसरे चरण में पैडरबोर्न ने अतिरिक्त समय में 2-1 से जीत दर्ज कर शीर्ष लीग में जगह बना ली। दोनों टीमों के बीच पहला मुकाबला गोलरहित ड्रॉ रहा था। दूसरे चरण में वोल्फ्सबर्ग ने तीसरे मिनट में डेजनान पेजचिनोविच के गोल की बदौलत बढ़त बना ली थी, लेकिन पैडरबोर्न ने पहले हाफ खत्म होने से सात मिनट पहले फिलिप बिलबिजा के गोल से बराबरी कर ली। मुकाबले में वोल्फ्सबर्ग की मुश्किलें तब बढ़ गईं जब जोआकिम मेहले को शुरुआती गोल के केवल 11 मिनट बाद रेड कार्ड दिखाया गया। उन्हें तीन मिनट के भीतर दो पीले कार्ड मिले और टीम को लगभग पूरा मैच 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। इसके बाद पैडरबोर्न ने लगातार आक्रमण किए, लेकिन वोल्फ्सबर्ग के गोलकीपर कामिल ग्राबारा ने कई शानदार बचाव कर टीम को मुकाबले में बनाए रखा। निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 रहने के बाद मैच अतिरिक्त समय में पहुंचा। अतिरिक्त समय के 10वें मिनट में लॉरिन कुर्डी ने शानदार वॉली गोल दागकर पैडरबोर्न को निर्णायक बढ़त दिलाई। यही गोल टीम की ऐतिहासिक जीत का कारण बना और पैडरबोर्न ने तीसरी बार बुंडेसलीगा में प्रवेश किया। वोल्फ्सबर्ग 1997 में पहली बार बुंडेसलीगा में पहुंचा था और तब से लगातार शीर्ष लीग का हिस्सा रहा। क्लब ने 2009 में बुंडेसलीगा खिताब और 2015 में जर्मन कप जीता था। वहीं पैडरबोर्न की इससे पहले बुंडेसलीगा में दो बार एंट्री हुई थी, लेकिन दोनों मौकों पर टीम अगले ही सत्र में बाहर हो गई थी।

### दक्षिण अफ्रीका की कप्तान वोल्वार्ट ने कहा आईसीसी खिताब जीतने के लिए बेताब हैं

**लंदन।** महिला टी20 विश्व कप की तैयारी में लगी दक्षिण अफ्रीका की कप्तान कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने कहा कि लगातार करीबी हार ने उनकी टीम की आईसीसी खिताब जीतने की भूख को और बढ़ा दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ हाल ही में शृंखला में जीत से उनकी टीम का विश्व कप से पहले काफी आत्मविश्वास बढ़ा है। दक्षिण अफ्रीका 2023 और 2024 में लगातार दो टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचा था और उसे इस बार खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। यही नहीं उसकी टीम पिछले साल वनडे विश्व कप में उपविजेता भी रही थी और अब वह फाइनल की बाधा को पार करने के लिए बेताब है। वोल्वार्ट ने आईसीसी के लिए एक कॉलम में लिखा, ''लगातार दो बार टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचना निश्चित रूप से हमारे लिए बेहद खास रहा लेकिन मुझे लगता है कि इसने हमें एक कदम और आगे बढ़ने के लिए उत्साहित कर दिया है।'' इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले दक्षिण अफ्रीका ने अप्रैल में पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में भारत को 4-1 से हराया था। वोल्वार्ट ने कहा, ''भारत के खिलाफ श्रृंखला दुनिया की सबसे मजबूत टीमों में से एक के खिलाफ खुद को परखने का अच्छा मौका था।

### पुराने लुब्रिकेंट के प्रबंधन के लिए टाटा मोटर्स एचपीसीएल ने शुरू की पायलट परियोजना

**मुंबई।** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने मंगलवार को कहा कि उसने वाणिज्यिक वाहन निर्माता टाटा मोटर्स लिमिटेड के साथ मिलकर इस्तेमाल हो चुके वाहन लुब्रिकेंट (इंजन तेल) के प्रबंधन के क्षेत्र में एक पायलट परियोजना शुरू की है। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एचपीसीएल ने बयान में कहा कि इस पहल का उद्देश्य इस्तेमाल किए गए लुब्रिकेंट के संग्रह, भंडारण से लेकर पुनर्चक्रण तक एक संगठित और पूरी तरह निगरानी योग्य प्रणाली विकसित करना है। इन अपशिष्ट लुब्रिकेंट को खतरनाक कचरे की श्रेणी में रखा जाता है। एचपीसीएल ने कहा कि वह अधिकृत संग्रह तंत्र के जरिये इस्तेमाल किए गए लुब्रिकेंट के एकत्रीकरण और परिवहन की जिम्मेदारी निभाएगी, ताकि इन्हें पंजीकृत पुनर्चक्रण इकाइयों तक पहुंचाया जा सके। दूसरी तरफ, टाटा मोटर्स अपनी अधिकृत सेवा नेटवर्क प्रणाली का उपयोग करते हुए अपनी पारिस्थितिकी में इस तरह के अपशिष्ट के संग्रह और सुरक्षित निपटान को बढ़ावा देगी। बयान के मुताबिक, यह पायलट परियोजना चुनिंदा राज्यों में लागू की जाएगी और इसकी निगरानी दोनों कंपनियों की एक संयुक्त समिति करेगी।

### मारुति सुजुकी ने रोहतक आईटीआई में विनिर्माण प्रयोगशाला स्थापित की

**नयी दिल्ली।** अग्रणी वाहन विनिर्माता मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने सरकार के कौशल विकास मिशन के तहत हरियाणा के रोहतक में अत्याधुनिक विनिर्माण प्रयोगशाला स्थापित की है। कंपनी ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि रोहतक स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) हसनगढ़ में स्थापित इस विनिर्माण प्रयोगशाला में पहले वर्ष में लगभग 200 छात्रों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कंपनी ने कहा कि यह पहल उसके कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के तहत की गई है। यह पहल शिक्षा और वाहन उद्योग की तेजी से बदलती जरूरतों के बीच के अंतर को कम करने के लिए शुरू की गई है। इस प्रयोगशाला में छात्रों को वाहन असेंबली, वेल्डिंग और रंगाई जैसे कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मारुति सुजुकी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (कॉरपोरेट मामले) राहुल भारती ने कहा, 'इस प्रयोगशाला में आधुनिक मशीनों और कार्यस्थल जैसे वातावरण का उपयोग किया जाएगा। कौशल विकास मिशन के अनुरूप यह पहल छात्रों को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप तैयार होने और बदलते वाहन परिवेश के लिए प्रतिभा को निखारती है। मारुति सुजुकी देशभर में 31 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सहयोग दे रही है और अब तक 18 ऐसी विनिर्माण प्रयोगशालाएं स्थापित कर चुकी है।

### खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों की 2025-26 में 1.87 लाख करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बिक्री

**नयी दिल्ली।** खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने मंगलवार को कहा कि खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक के सर्वोच्च स्तर 1,87,105 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। आयोग के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में यह बिक्री 1,70,551.37 करोड़ रुपये रही थी, जबकि 2013-14 में यह 31,154 करोड़ रुपये थी। केवीआईसी के चेयरमैन मनोज कुमार ने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 में खादी एव ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री 2.51 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है। आंकड़ों के अनुसार, खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों का उत्पादन 2013-14 में 26,109 करोड़ रुपये था, जो वित्त वर्ष 2025-26 में करीब पांच गुना होकर 1,25,296 करोड़ रुपये हो गया।

# अंडर-18 एशिया कप के लिए जापान रवाना हुई भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमें

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय अंडर-18 पुरुष और महिला हॉकी टीमें अंडर-18 एशिया कप 2026 में भाग लेने के लिए जापान के काकामिगाहारा रवाना हो गई हैं। यह टूर्नामेंट 29 मई से 6 जून तक आयोजित किया जाएगा। भारतीय पुरुष टीम सोमवार शाम को दिल्ली से रवाना हुई, जबकि महिला टीम मंगलवार सुबह जापान के लिए रवाना हुई। दोनों टीमें भोपाल में आयोजित लंबे राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए अभ्यास मुकाबलों के बाद टूर्नामेंट में हिस्सा लेने जा रही हैं। पुरुष टीम के कोचिंग स्टाफ में सरदार सिंह और रजनीश मिश्रा शामिल हैं, जबकि भारतीय महिला टीम की कोच पूर्व कप्तान रानी हैं। एशिया कप की तैयारी के तहत भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने भोपाल में ऑस्ट्रेलिया अंडर-18 टीमों के खिलाफ चार-चार अभ्यास मुकाबले खेले। भारतीय पुरुष टीम ने एक मुकाबला जीता, एक हारा, जबकि दो मैच ड्रॉ रहे। वहीं भारतीय महिला टीम ने श्रृंखला का समापन शानदार जीत के साथ किया। इन मुकाबलों से खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय अनुभव मिला। फॉरवर्ड खिलाड़ी केतन कुशवाहा भारतीय पुरुष टीम की कप्तानी करेंगे। भारत को पूल-ए में रखा गया है। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 29 मई को कजाखस्तान के खिलाफ करेगी। इसके बाद टीम जापान (31 मई), कोरिया (1 जून) और चीनी ताइपे (3 जून) से भिड़ेगी। पूल-बी में मलेशिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश और चीन की टीमें शामिल हैं। दोनों पूलों की शीर्ष दो टीमें 5 जून को होने वाले सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जबकि फाइनल मुकाबला 6 जून को खेला जाएगा। कप्तान केतन कुशवाहा ने कहा, भारत का प्रतिनिधित्व करना हमारे लिए गर्व की बात है। भोपाल शिविर और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबलों से हमें काफी सीख मिली। टीम का तालमेल शानदार है और हम एशिया की मजबूत टीमों के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। भारतीय महिला टीम की कप्तानी स्वीटी कुजूर करेंगी। महिला टीम को भी पूल-ए में रखा गया है। भारत अपना पहला मुकाबला 30 मई को मलेशिया के खिलाफ खेलेगा। इसके बाद 31 मई को कोरिया और 2 जून को सिंगापुर से मुकाबला होगा। दोनों पूलों की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। कप्तान स्वीटी कुजूर ने कहा, ह्लपूरी टीम एशिया कप को लेकर उत्साहित और आत्मविश्वास से भरी है। हमने शिविर में कड़ी मेहनत की है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबलों से हमें अपनी ताकत और कमजोरियों का पता चला। श्रृंखला जीतने से हमारा आत्मविश्वास और बढ़ा है।

### इंटर मियामी ने माना, मेस्सी को हैमस्ट्रिंग की समस्या

मियामी। इंटर मियामी ने पुष्टि की है कि स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी की बायीं हैमस्ट्रिंग में समस्या है, जो विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना के लिए अपने खिताब का बचाव करने का अभियान शुरू करने से पहले बुरी खबर है। मेस्सी का सोमवार को चिकित्सा परीक्षण किए गए। यह किस तरह के परीक्षण थे इसका खुलासा नहीं किया गया लेकिन यह बताया गया कि उनकी बायीं हैमस्ट्रिंग की मांसपेशियों में कुछ समस्या है।

मेस्सी इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए रविवार को मैच के बीच से मैदान छोड़कर चले गए थे। इस तरह की परेशानियों में चोट की गंभीरता के आधार पर वापसी की समय सीमा तय की जाती है और मेस्सी के मामले में अभी यह सुनिश्चित नहीं है कि वह कब तक वापसी करेंगे। इंटर मियामी ने विज्ञप्ति में कहा, ''शारीरिक गतिविधियों में उनकी वापसी की समयसीमा उनकी चिकित्सकीय और कार्यात्मक प्रगति पर निर्भर करेगी।''

# दो सप्ताह में चौथी बार बढ़ा सीएनजी का भाव दिल्ली में कीमत 83.09 रुपये तक पहुंची

एजेंसी




नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी तनाव का असर पेट्रोलियम उत्पादों का इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं को लगातार झेलना पड़ रहा है। सोमवार को पेट्रोल और डीजल की कीमत में बढ़ोतरी होने के अगले दिन ही आज सीएनजी (कंप्रेस्ड नेचुरल गैस) की कीमत भी बढ़ा दी गई। आज सुबह छह बजे से ही सीएनजी दो रुपये प्रति किलोग्राम महंगी हो गई है। इस बढ़ोतरी के बाद राजधानी दिल्ली में सीएनजी की कीमत 83.09 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। 15 मई के बाद से अभी तक की अवधि में सीएनजी की कीमत में चौथी बार बढ़ोतरी की गई है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) की उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली से सटे नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में सीएनजी की कीमत 91.70 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है, जबकि गुरुग्राम में सीएनजी 88.12 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर मिल रही है। इसी तरह अजमेर में सीएनजी की कीमत बढ़ कर 92.44 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल पांच अप्रैल को सीएनजी की कीमत में हुई लगभग एक रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी के बाद इस साल 15 मई को सीएनजी की कीमत में पहली बार दो रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई थी। इसके तीन दिन बाद 18 मई को सीएनजी की कीमत एक बार फिर एक रुपये प्रति किलोग्राम बढ़ा दी गई, जबकि 23 मई को सीएनजी की कीमत में तीसरी बार एक रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई। वहीं, आज इसकी कीमत में दो रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हो गई है। मतलब दो सप्ताह से भी काम की अवधि में सीएनजी की कीमत में छह रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हो चुकी है। माना जा रहा है कि सीएनजी की कीमत में हुई बढ़ोतरी से दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में पब्लिक ट्रांसपोर्ट की लागत पर असर पड़ सकता है। दिल्ली एनसीआर में बस, टैक्सी, ऑटोरिक्शा जैसे ज्यादातर कमर्शियल व्हीकल में सीएनजी का ही इस्तेमाल होता है। ऐसी स्थिति में सीएनजी की कीमत में हुई बढ़ोतरी का बोझ अब वाहन चालक या ट्रांसपोर्टर किराये में बढ़ोतरी कर यात्रियों पर डाल सकते हैं। सीएनजी की कीमत में हुई इस बढ़ोतरी के लिए पश्चिम एशिया में जारी तनाव को मुख्य रूप से जिम्मेदार माना जा रहा है। पेट्रोलियम उत्पादों की अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत काफी हद तक अंतरराष्ट्रीय बाजार पर निर्भर करता है। पश्चिम एशिया में तनाव शुरू होने के बाद से ही होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते होने वाली गैस और पेट्रोल की सप्लाई काफी हद तक बाधित हुई है। इस तनाव की वजह से अंतरराष्ट्रीय ग्लोबल फ्यूल मार्केट भी बुरी तरह से प्रभावित हुआ है।

# सर्राफा बाजार में चमका सोना, चांदी में बदलाव नहीं

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में तेजी का रुख नजर आ रहा है। हालांकि चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। कीमत में आई तेजी के कारण चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर हिस्सों में सोना आज 320 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 340 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। वहीं चेन्नई में सोने की कीमत में आज 520 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 570 रुपये प्रति 10 ग्राम तक का इजाफा हुआ है। भाव में आए उछाल के कारण देश के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,59,390 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,61,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,46,110 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,47,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 2,84,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,59,540 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,46,260 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,59,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,46,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,59,440 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,46,160 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,61,250 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,47,810 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,59,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,46,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# एयरटेल ने अपनी 'प्रायोरिटी पोस्टपेड' सेवा का दूरसंचार विभाग के समक्ष बचाव किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल लिमिटेड ने अपनी नई 'प्रायोरिटी पोस्टपेड' सेवा का दूरसंचार विभाग की एक समिति के समक्ष बचाव करते हुए कहा है कि यह सेवा न तो 'नेट न्यूट्रैलिटी' (समान इंटरनेट) सिद्धांत का उल्लंघन करती है और न ही इससे प्रीपेड ग्राहकों की सेवा गुणवत्ता प्रभावित होती है। सूत्रों के मुताबिक, संसद की संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी समिति द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरण के जवाब में कंपनी ने कहा है कि 5जी नेटवर्क स्लाइसिंग (नेटवर्क को अलग-अलग आभासी हिस्सों में विभाजित करने की तकनीक) के आधार पर दी जा रही यह सेवा देश में 6जी प्रौद्योगिकी की संभावनाओं को मजबूत करने के लिए जरूरी है। कंपनी ने अपने जवाब में कहा, ह्लप्रायोरिटी पोस्टपेड सेवा पूरी तरह से सामग्री-निरपेक्ष ढंग से लागू की गई है और यह भारतीय दूरसंचार विनियामक ढांचे के अनुरूप है। इसमें किसी प्रकार की अवरोध, गति में कमी, सामग्री-आधारित प्राथमिकता, मुफ्त डेटा या किसी विशेष ऐप को तरजीह नहीं दी जाती। भारती एयरटेल ने यह सेवा 19 मई को शुरू की थी, जिसके तहत भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पोस्टपेड ग्राहकों को स्थिर और बेहतर गति देने का दावा किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, कंपनी ने कहा कि यह सुविधा किसी अन्य ग्राहक की सेवा गुणवत्ता को प्रभावित नहीं करती है। इस संबंध में टिप्पणी के लिए एयरटेल को भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला है। एयरटेल की वर्तमान में कुल 5जी क्षमता उपयोग लगभग 38 प्रतिशत है, जिसमें पोस्टपेड ट्रैफिक केवल चार प्रतिशत है, जो इस सुविधा के बाद लगभग छह प्रतिशत तक जा सकता है।

# भारत-कनाडा साल के अंत तक व्यापार समझौता वार्ता पूर्ण करने पर कर रहे विचार

एजेंसी



ओटावा। भारत और कनाडा ने आर्थिक संबंधों को फिर से मजबूत करने की दिशा में नई पहल का संकेत दिया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि दोनों देश इस साल के अंत तक मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत पूरी करने पर विचार कर रहे हैं। गोयल ने विश्वास जताया कि दोनों देश 2030 तक अपने द्विपक्षीय व्यापार को तीन गुना बढ़ाकर 50 अरब डॉलर तक पहुंचा सकते हैं। साथ ही इस साल के अंत से पहले लंबे समय से लंबित मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने का लक्ष्य भी रखा है। पीयूष गोयल ने मंगलवार को 'एक्स' पोस्ट पर लिखा कि दोनों देश व्यापार और रणनीतिक साझेदारी को नए स्तर पर ले जाने के लिए काम कर रहे हैं। गोयल ने कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू द्वारा आयोजित एक स्वागत समारोह में भारत की विकास यात्रा और बाजार में मौजूद बेहतरीन अवसरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने ओटावा में हुई सार्थक चर्चाओं की सराहना भी की और अर्थव्यवस्था व संस्कृति जैसे विभिन्न क्षेत्रों में गहरे संबंध बनाने में भारतीय प्रवासियों के योगदान की तारीफ़ की। गोयल ने कहा कि मैंने भारत की असाधारण विकास यात्रा के बारे में बात की, जो यहां के लोगों की आकांक्षाओं, उद्यमशीलता की जीवंत भावना, विशाल प्रतिभा-भंडार और बाजार के व्यापक अवसरों से प्रेरित है। इससे पहले केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। उन्होंने भारत-कनाडा व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के शीघ्र संपन्न होने को लेकर आशावाद भी व्यक्त किया। गोयल ने कहा कि कनाडा के प्रधानमंत्री कार्नी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उनकी हाल की भारत यात्रा को स्नेहपूर्वक याद किया, जिसने भारत-कनाडा साझेदारी को एक नई गति और नया आत्मविश्वास प्रदान किया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 25 मई से कनाडा की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। भारत और कनाडा के बीच संबंध 2023 में उस समय तनावपूर्ण हो गए थे, जब कनाडा में खालिस्तानी सिख कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सरकार ने भारत पर आरोप लगाए थे।

## क्वाड ने स्वतंत्र और मुक्त हिन्द प्रशांत को लेकर प्रतिबद्धता जतायी

# सभी तरह के आतंकवाद से सख्ती से निपटेगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। क्वाड देशों ने अभूतपूर्व वैश्विक चुनौतियों और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर पड़ रहे दबावों के बीच हिन्द प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए कानून के शासन, संप्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई और सभी तरह के आतंकवाद की भी कड़ी निंदा करते हुए इससे सख्ती से निपटने की बात कही।

क्वाड देशों भारत, अमेरिका, आस्ट्रेलिया और जापान के विदेश मंत्रियों की मंगलवार को यहां हुई बैठक के बाद जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि यह बैठक ऐसे समय हो रही है जब न केवल बड़ी चुनौतियां हैं, बल्कि अभूतपूर्व अवसर भी हैं। सदस्य देशों ने कहा, ''संघर्षों, भू-राजनीतिक तनावों और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर पड़ रहे दबावों के बीच, हम इस बात की फिर से पुष्टि करते हैं कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की शांति, स्थिरता और समृद्धि, अंतर्राष्ट्रीय कानून के पालन और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान पर निर्भर करती है। हम कानून के शासन, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। हम इंडो-पैसिफिक क्षेत्र और उससे बाहर भी आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देने में नवाचार, उभरती प्रौद्योगिकियों और भरोसेमंद साझेदारियों की अपार क्षमता को पहचानते हैं। वे किसी भी ऐसे अस्थिर करने वाले या एकतरफा कदम का कड़ा विरोध करते हैं, जो मौजूदा स्थिति को बदलने की कोशिश करता हो चाहे वह बल प्रयोग या दबाव के ज़रिए ही क्यों न हो।



उन्होंने कहा, ''हम एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति अपने समर्थन की पुष्टि करते हैं, जो देशों को अपनी सहनशीलता विकसित करने और अपने स्वयं के मार्ग निर्धारित करने की क्षमता को सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान करता है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए, हम सहयोग को और अधिक बढ़ाने तथा इस क्षेत्र को ठोस लाभ पहुंचाने वाली व्यावहारिक पहलों को आगे बढ़ाने पर सहमत हैं। सदस्य देशों ने सभी तरह के आतंकवाद की कड़ी निंदा करते हुए इससे निपटने के लिए कानून के अनुसार निर्णायक और अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा,'' सदस्य देश आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की स्पष्ट रूप से निंदा करते हैं, जिसमें सीमा-पार आतंकवाद और पिछले वर्ष 22 अप्रैल को पहलगाम में, तथा 14 दिसंबर को ऑस्ट्रेलिया के बॉन्डी बीच पर किए गए भयानक आतंकवादी हमले शामिल हैं। हम अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार आतंकवाद से निपटने के लिए निर्णायक और निरंतर अंतरराष्ट्रीय प्रयासों का आह्वान करते हैं। इन प्रयासों में विश्व स्तर पर प्रतिबंधित आतंकवादियों और आतंकवादी संस्थाओं, तथा उनके प्रॉक्सी, सहयोगियों, प्रायोजकों और वित्तपोषकों के खिलाफ कार्रवाई शामिल है। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय भागीदारों के साथ मिलकर व्यापक तरीके से काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि आतंकवाद से उत्पन्न खतरों, हिंसक, आपराधिक या आतंकवादी कृत्यों में लिप्त हिंसक चरमपंथियों से उत्पन्न खतरों, और आतंकवादी उद्देश्यों के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग से उत्पन्न खतरों को रोकने, उनका पता लगाने और उन पर प्रतिक्रिया देने की उनकी क्षमता को मजबूत किया जा सके। वक्तव्य में कहा गया है कि सदस्य देशों ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा की और कूटनीतिक प्रयासों के प्रति समर्थन की पुनः पुष्टि करते हुए, इस क्षेत्र में स्थायी शांति की आशा व्यक्त की। सदस्य देशों ने पूर्वी चीन सागर और दक्षिण पूर्व सागर की स्थिति पर भी चिंता व्यक्त करते हुए क्षेत्र में किसी भी तरह की एकतरफा कार्रवाई का विरोध किया। उन्होंने कहा,'' हम पूर्वी चीन सागर और दक्षिण चीन सागर की स्थिति को लेकर गंभीर रूप से चिंतित हैं। हम किसी भी ऐसे अस्थिर करने वाले या एकतरफा कदम का कड़ा विरोध दोहराते हैं—चाहे वह बल प्रयोग या ज़बरदस्ती से ही क्यों न हो—जो इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए खतरा पैदा करता हो। हम खतरनाक और ज़बरदस्ती वाले कदमों को लेकर अपनी गहरी चिंता व्यक्त करते हैं। इनमें अपतटीय संसाधनों के विकास में दखलंदाज़ी, नौवहन और हवाई उड़ान की स्वतंत्रता में बार-बार रुकावट डालना, तथा सैन्य विमानों, कोस्ट गार्ड और समुद्री मिलिशिया के जहाज़ों द्वारा खतरनाक दांव-पेच अपनाना शामिल है। दक्षिण चीन सागर में वाटर केनन और फ्लेयर्स का असुरक्षित इस्तेमाल, और जहाज़ों को टक्कर मारने या उनका रास्ता रोकने जैसी हरकतों के साथ विवादित क्षेत्रों के सैन्यीकरण को लेकर भी गंभीर चिंता जतायी गयी।

## कच्चे तेल की कीमतों में कमी आने के बावजूद जनता को राहत नहीं दे रही है मोदी सरकार : खरगे

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पेट्रोल-डीज़ल की कीमतों में लगातार बढ़ोत्तरी को लेकर केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में कमी आने के बावजूद वह जनता को राहत नहीं दे रही है बल्कि अपना खजाना भरने में मशगूल है।

श्री खरगे ने मंगलवार को आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 26 मई 2014 को जब नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद संभाला था, उस समय भारतीय बास्केट का कच्चा तेल 108.05 डॉलर प्रति बैरल था और डॉलर-रुपया विनिमय दर 58.59 रुपये थी। तब पेट्रोल 71.51 रुपये और डीज़ल 56.71 रुपये प्रति लीटर मिल रहा था। उन्होंने कहा कि आज कच्चे तेल की कीमत 99 डॉलर प्रति बैरल से कम है, लेकिन पेट्रोल और डीज़ल के दाम बढ़कर क्रमशः 102.12 रुपये और 95.20 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं। श्री खरगे ने कहा कि इस दौरान पेट्रोल करीब 42.8 प्रतिशत और डीज़ल करीब 67.9 प्रतिशत महँगा हो चुका है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पेट्रोल-डीज़ल की कीमतों का असर केवल ईंधन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवहन, खाद्य वस्तुओं और रोजमर्रा की जरूरतों पर भी पड़ता है, जिससे आम आदमी पर महँगाई का बोझ बढ़ता है। उन्होंने केंद्र सरकार से सवाल पूछा कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल सस्ता हुआ है, तो पेट्रोल और डीज़ल की कीमतें कम क्यों नहीं की जा रही हैं और जनता को राहत क्यों नहीं दी जा रही है।

## राम रहीम को मिली 30 दिन की पैरोल, सिरसा डेरे के आसपास बढ़ायी गयी सुरक्षा

एजेंसी

सिरसा। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह एक बार फिर 30 दिन की पैरोल पर जेल से बाहर आ गये हैं। मंगलवार सुबह उन्हें रोहतक की सुनारिया जेल से बाहर निकाला गया और भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच करीब सवा नौ बजे सिरसा स्थित डेरा मुख्यालय पहुंच गये।

साध्वियों के यौन शोषण मामले में 20 साल की सजा काट रहे राम रहीम की रिहाई को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर नजर आया, वहीं सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे रूट पर विशेष निगरानी रखी। जेल प्रशासन ने उन्हें सुबह जल्दी इसलिए रवाना किया, ताकि जेल के बाहर समर्थकों की भीड़ जमा न हो सके और कानून व्यवस्था प्रभावित न हो। सिरसा पहुंचने के बाद भी उनके काफिले को डेरे के पिछले गेट से अंदर ले जाया गया। डेरा प्रमुख के सिरसा पहुंचते ही पुलिस और जिला प्रशासन ने डेरे के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है। अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। प्रशासन नहीं चाहता कि किसी प्रकार की अव्यवस्था या भीड़भाड़ की स्थिति बने। साल 2026 में राम रहीम की यह दूसरी पैरोल है। इससे पहले पांच जनवरी 2026 को उन्हें 40 दिन की पैरोल मिली थी। उस दौरान वह सिरसा डेरे में रहे थे और फरवरी में वापस सुनारिया जेल लौट गये थे। सजा सुनाये जाने के बाद से अब तक वह कई बार पैरोल पर जेल से बाहर आ चुके है। नौ वर्ष में यह उनकी 16वीं पैरोल है। राम रहीम 25 अगस्त 2017 से जेल में बंद है। केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने साध्वियों के यौन शोषण के दो मामलों में उन्हें 20 साल कैद की सजा सुनाई थी। फैसले के बाद हरियाणा और पंजाब के कई हिस्सों में हिंसा भड़क उठी थी, जिसमें कई लोगों की जान गयी थी और भारी नुकसान हुआ था। साध्वी यौन शोषण मामले के अलावा राम रहीम को पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्या मामले में भी दोषी ठहराया गया था। सत्रह जनवरी 2019 को सीबीआई अदालत ने उन्हें उम्रकैद की सजा सुनाई थी। बाद में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने हालांकि इस मामले में राम रहीम को बरी कर दिया था, जबकि अन्य तीन दोषियों कुलदीप सिंह, निर्मल सिंह और कृष्ण लाल की सजा बरकरार रखी गयी। इसके अलावा अक्टूबर 2021 में डेरा प्रबंधक रणजीत सिंह हत्या मामले में भी सीबीआई अदालत ने राम रहीम को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। करीब तीन साल बाद पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने हालांकि इस मामले में भी उसे राहत देते हुए बरी कर दिया।

## बकरीद पर न करें प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी: अरशद मदनी

एजेंसी

नयी दिल्ली। जमीयत उलेमा-ए-हिंद (एएम) के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने मुस्लिम समुदाय से सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह करते हुए मंगलवार को उनसे प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी नहीं करने को कहा।

जमीयत द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, मौलाना मदनी ने मुसलमानों से कुर्बानी की तस्वीरें व वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा नहीं करने और साफ-सफाई सुनिश्चित करने की भी अपील की। मदनी ने मुसलमानों को अपने संदेश में कहा कि जिस व्यक्ति के लिए कुर्बानी देना अनिवार्य है, उसे इस फर्ज को निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए मुसलमानों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे स्वयं एहतियाती उपाय करें। मदानी ने कहा, '' (कुर्बानी के) प्रचार से बचें, खासकर सोशल मीडिया पर कुर्बान किए गए जानवरों की तस्वीरें साझा नहीं करें। उन्होंने यह भी कहा कि मुसलमानों को कुर्बानी करते समय सरकारी दिशानिर्देशों का सख्ती से पालन करना चाहिए और प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी से बचना चाहिए। जमीयत प्रमुख ने कहा, अगर किसी स्थान पर शरारती तत्व भैंस की कुर्बानी में बाधा डालते हैं, तो कुछ समझदार और प्रभावशाली लोगों को प्रशासन को विश्वास में लेना चाहिए, और फिर कुर्बानी दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, अगर इस मजहबी फर्ज को पूरा करने का कोई रास्ता नहीं है, तो पास के किसी ऐसे स्थान पर कुर्बानी दी जानी चाहिए जहां कोई कठिनाई न हो। बकरीद पर स्वच्छता बनाए रखने की जरूरत पर जोर देते हुए, मदनी ने मुसलमानों, जमीयत स्वयंसेवकों और इमामों से आग्रह किया कि वे न केवल मस्जिदों से घोषणाएं करें, बल्कि स्वयंसेवकों की टीमें बनाकर कुर्बानी के बाद अपशिष्ट का उचित निपटान करने के लिए स्वच्छता अभियानों में सक्रिय रूप से हिस्सा लें। मौलाना मदनी ने यह भी कहा हर संभव प्रयास किया जाए कि हमारे काम से किसी को तकलीफ़ न पहुंचे।



पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने सोमवार को मुसलमानों से ईद-उल-अज़हा के दौरान गायों की कुर्बानी न करने की अपील की और केंद्र से मदनी के गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग पर ध्यान देने का आग्रह किया। कुछ दिन पहले मदनी ने केंद्र सरकार से गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग करते हुए कहा था कि मुस्लिम समुदाय को इस पर कोई आपत्ति नहीं होगी। फतेहपुरी मस्जिद के शाही इमाम मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने भी समुदाय से सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन करने का आग्रह करते हुए कहा कि कुर्बानी के बाद साफ-सफाई सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि ईद के दौरान गरीबों और रिश्तेदारों का खास ख्याल रखें। शाही इमाम ने लोगों से कहा कि ईद पर कुर्बानी देना 'इबादत है और इसे इबादत की तरह ही लें' तथा इसके फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर ना डालें। पिछले हफ्ते दिल्ली के विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा था कि बकरीद पर गायों, बछड़ों, ऊंटों और अन्य प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी देना पूरी तरह से अवैध है और ऐसा करने पर आपराधिक मामला दर्ज किया जाएगा। मंत्री ने यह भी कहा था कि सार्वजनिक स्थलों, गलियों और सड़कों पर कुर्बानी की अनुमति नहीं है तथा ऐसा करने वालों पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। देश में ईद उल अज़हा या बकरीद का त्योहार 28 मई को मनाया जाएगा।

## कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलने की चर्चा को कांग्रेस ने किया खारिज

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को उन अटकलों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा जा रहा था कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार के साथ यहां हुयी मैराथन बैठकें राज्य में संभावित नेतृत्व परिवर्तन से जुड़ी थीं। पार्टी ने स्पष्ट किया कि इन चर्चाओं का एकमात्र ध्यान आगामी राज्यसभा और विधान परिषद चुनावों पर था। यह स्पष्टीकरण कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल और कर्नाटक के प्रभारी रणदीप सुरजेवाला के बीच करीब छह घंटे तक चली बंद कमरों की बैठक के बाद आया है। कर्नाटक के नेतृत्व और मंत्रिमंडल में संभावित फ़ेरबदल को लेकर बढ़ती राजनीतिक चर्चाओं के बीच यह बैठक आयोजित की गई थी। बैठकों के बाद पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत में कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने अटकलों को कमतर आंकने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि इन बैठकों की चर्चाएं कर्नाटक में राज्यसभा और विधान परिषद चुनावों की तैयारियों के साथ-साथ छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और झारखंड जैसे राज्यों से जुड़े संगठनात्मक मामलों तक ही सीमित थीं। उन्होंने मीडिया से कर्नाटक के नेतृत्व के मुद्दे पर ''अटकलें'' न लगाने का भी आग्रह किया।

## ईरान के फ्रीज किये 24 अरब डॉलर राशि को जारी करने के संबंध में अमेरिका-ईरान के बीच समझौते की संभावना

**तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रही बातचीत के दौरान ईरान के फ्रीज किये गये खातों से 24 अरब डॉलर तक की राशि को जारी करने के संबंध में समझौता हो सकता है। आईआरजीसी से जुड़े मीडिया संस्थान तस्नीम न्यूज की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। वार्ता दल के करीबी एक स्रोत के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान ने प्रस्ताव दिया है कि समझौता ज्ञापन (एमओयू) की घोषणा होते ही इस राशि का आधा हिस्सा, यानी लगभग 12 अरब डॉलर तुरंत उपलब्ध कराया जाना चाहिए, जबकि बाकी की रकम को 60 दिनों की बातचीत की अवधि के दौरान स्थानांतरित किया जाए। चर्चा के अधीन एमओयू के मसौदे में कथित तौर पर 60 दिनों के लिए संघर्ष विराम का विस्तार, होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की संभावना और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर निरंतर बातचीत के लिए एक रूपरेखा शामिल है। हालांकि, प्रतिबंधों में ढील, रोकी गई संपत्तियों की रिहाई और ईरान की परमाणु गतिविधियों को सीमित करने की अमेरिकी मांगों को लेकर अभी भी बड़े मतभेद बने हुए हैं। इस बातचीत में सबसे बड़ा गतिरोध ईरान के संवर्धित यूरेनियम का भंडार है। संघर्ष की शुरुआत में माना जा रहा था कि ईरान के पास 60 प्रतिशत तक संवर्धित लगभग 440 किलोग्राम यूरेनियम है, जो कि हथियार बनाने के लिए जरूरी 90 प्रतिशत के स्तर के बेहद करीब है।

## पेज एक का शेष

### 'सिर्फ बॉर्डर नहीं,...

बल्कि साझा जिम्मेदारी वाला सुरक्षा मॉडल माना जाना चाहिए। शाह ने कहा कि सीमा पार से पैदा होने वाले खतरों के साथ-साथ देश के अंदर मौजूद उन तत्वों पर भी नजर रखनी होगी जिनका इस्तेमाल दुश्मन ताकतें करती हैं। गृहमंत्री ने बताया कि हाल ही में उन्होंने बिहार के सीमांचल क्षेत्र में इसी विषय पर बैठक की थी। उन्होंने कहा कि अब कच्छ बॉर्डर, त्रिपुरा बॉर्डर और पश्चिम बंगाल में भी ऐसी संयुक्त बैठकें होंगी। जिन सीमाओं की सुरक्षा बीएसएफ करती है, वहां इस चतुष्कोणीय सुरक्षा ग्रिड को मजबूत करना सरकार का लक्ष्य है। हमला होने के बाद जवाब देने की नौबत नहीं आनी चाहिए। अमित शाह ने कहा कि 2014 के बाद भारत की सुरक्षा नीति में बड़ा बदलाव आया है और सेना व बीएसएफ का तेजी से आधुनिकीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां-जहां आतंकियों ने बड़े हमले करने की कोशिश की, वहां भारत ने पूरी कठोरता से जवाब दिया है। स्थिति ऐसी नहीं होनी चाहिए कि हमला होने के बाद जवाब देना पड़े। हमारी जिम्मेदारी ऐसी मजबूत सीमाएं बनाना है कि दुश्मन हमला करने की हिम्मत ही न कर सके। इसके बाद श्री शाह और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सीमा पर तैनात जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए देश की सुरक्षा में उनके योगदान की सराहना की और जवानों के साथ जलपान एवं संवाद भी किया। इस अवसर पर श्री शाह ने सीमा चौकियों पर नवनिर्मित 14 महिला बैरकों का ई-लोकार्पण किया। इससे पहले उन्होंने सांचू माता मंदिर में दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। साथ ही प्रहरी शस्त्र गैलरी का अवलोकन कर आधुनिक ड्रोन तकनीक की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। कार्यक्र

### बंगाल में अवैध प्रवासियों...

उनकी नागरिकता संबंधी जांच पूरी करना है। गृह एवं पर्वतीय मामलों के विभाग की विदेशी शाखा द्वारा जारी निर्देशों के बाद यह प्रक्रिया शुरू की गई। ये निर्देश केंद्र सरकार की उन नीतियों से जुड़े बताए जा रहे हैं, जिनका संबंध भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों और रोहिंग्या शरणार्थियों से है। मालदा इस प्रकार का होल्डिंग सेंटर शुरू करने वाला पहला जिला बना है। इंग्लिश बाजार शहर के चंदन पार्क स्थित इस केंद्र में फिलहाल नौ संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को रखा गया है, जिनमें तीन महिलाएं और छह नाबालिग शामिल हैं। इन लोगों को गाजोल थाना क्षेत्र के पांडुआ इलाके से हिरासत में लिया गया था और बाद में रविवार को सेंटर में शिफ्ट किया गया। केंद्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। यहां सीसीटीवी निगरानी के साथ 24 घंटे पुलिसकर्मियों, सिविल डिफेंस स्टाफ, नागरिक स्वयंसेवकों और अन्य कर्मचारियों की तैनाती की गई है। अधिकारियों के अनुसार, ये होल्डिंग सेंटर अस्थायी ट्रांजिट सुविधा के रूप में काम करेंगे, जहां दस्तावेजों की जांच कर नागरिकता की स्थिति तय की जाएगी। प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत संदिग्ध लोगों को सीमित अवधि तक हिरासत में रखा जा सकता है। इस दौरान जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारी उनकी पहचान की पुष्टि, बायोमेट्रिक डेटा संग्रह और रिकॉर्ड सत्यापन की प्रक्रिया पूरी करते हैं। मालदा के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने समाचार एजेंसी से कहा, होल्डिंग सेंटर ने काम करना शुरू कर दिया है। फिलहाल वहां नौ बांग्लादेशी नागरिकों को रखा गया है। आवश्यक कानूनी और प्रशासनिक प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं। सभी लोगों के साथ निर्धारित कानूनी प्रावधानों के अनुसार व्यवहार किया जा रहा है। इस कार्रवाई को केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए इमिग्रेशन और विदेशी नागरिकों से संबंधित नए कानूनी ढांचे से भी जोड़ा जा रहा है, जिसमें निगरानी, हिरासत और निर्वासन की प्रक्रियाओं को अधिक तकनीकी और व्यवस्थित बनाने पर जोर दिया गया है। राजनीतिक स्तर पर भी इस मुद्दे ने पश्चिम बंगाल में घुसपैठ और नागरिकता को लेकर बहस तेज कर दी है। बीजेपी नेताओं ने इस अभियान का समर्थन करते हुए दावा किया है कि राज्य लंबे समय से अवैध प्रवासन की समस्या से जूझ रहा है। उत्तर मालदा से बीजेपी सांसद ने कहा, देश और राज्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना जरूरी है। अवैध घुसपैठ और कट्टरपंथी नेटवर्क को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने होंगे। हालांकि, राज्य सरकार का कहना है कि नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत संरक्षित समुदायों को कानून के दायरे में दी गई सुरक्षा जारी रहेगी। केंद्र सरकार के प्रावधानों के अनुसार, अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई अल्पसंख्यकों को विशेष संरक्षण दिया गया है, यदि वे निर्धारित समय सीमा से पहले भारत आए हों। सीमा चौकियों पर बढ़ती भीड़ और होल्डिंग सेंटरों के संचालन के बीच पश्चिम बंगाल में अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई का मुद्दा आने वाले दिनों में और अधिक राजनीतिक तथा प्रशासनिक चर्चा का विषय बना रह सकता है।

### सुप्रीम कोर्ट ने कचरा...

किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, जिनके झोंके 80 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकते हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। 29 और 30 मई को रायबरेली, लखनऊ, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर और आसपास के जिलों में मेघगर्जन, वज्रपात और तेज आंधी का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर में धूप से बचने, पर्याप्त पानी और तरल पदार्थ लेने, हल्के सूती कपड़े पहनने तथा जरूरत न होने पर घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है। आंधी और बिजली चमकने के दौरान पेड़ों के नीचे खड़े न होने और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को अनप्लग रखने की भी अपील की गई है। तेज गर्मी, आंधी और ओलावृष्टि का असर फसलों पर भी पड़ सकता है। मौसम विभाग ने किसानों को हल्की सिंचाई, खेतों में नमी बनाए रखने और फसलों को तेज हवाओं से बचाने के उपाय अपनाने की सलाह दी है।

### सुप्रीम कोर्ट ने कचरा...

बताते हुए महात्मा गांधी के कथन 'जो शारीरिक श्रम किए बिना खाता है, वह चोरी का अन्न खाता है' का जिक्र किया। कोर्ट ने पहली बार रेलवे को दायरे में लिया। कहा- रेलवे स्टेशनों, ट्रैक और प्लेटफॉर्म में रोज बड़ी मात्रा में कचरा निकलता है। मॉनिटरिंग कमेटी रेलवे से जवाब लेकर बताए- अभी क्या व्यवस्था है, आगे क्या कदम उठाएंगे। कचरा प्रबंधन को सिर्फ सरकारी योजना मानकर नहीं चलाया जा सकता, बल्कि लोगों की आदतें बदलने पर काम करना होगा। इसके लिए स्कूलों में भी इसकी पढ़ाई शामिल करनी चाहिए। अगर बच्चों को सही और काम की जानकारी दी जाए, तो वे अपने घर में भी लोगों को समझा सकते हैं। कलेक्टर स्कूलों और घरों को जोड़कर जागरूकता अभियान चलाएं और उन्हें उदाहरण के तौर पर तैयार करें। हर इंसान कचरा फैलाता है, लेकिन सभी चाहते हैं कि सफाई का काम सिर्फ सफाई कर्मचारी ही करें। अभी लोगों पर केस करने से बचा जा रहा है, ताकि पहले कचरा प्रबंधन का अच्छा और असरदार सिस्टम तैयार किया जा सके। कानून ऐसा होना चाहिए, जिससे लोग खुद नियम मानने के लिए प्रेरित हों, सिर्फ सजा के डर से नहीं। लेकिन कानून इतना ढीला भी नहीं होना चाहिए कि लोग उसे गंभीरता से लेना ही छोड़ दें।

### मई में चार बार...

और फतेहपुर में 94.42 रुपये प्रति किग्रा के भाव मिलेगी। अजमेर, पाली और राजसमंद में अब सीएनजी की कीमत 92.44 रुपये, मोहाबा, बांदा और चित्रकूट में 89.42 रुपये, हापुड़ में 92.70 रुपये तथा गौतमबुद्ध नगर में 91.70 रुपये और ग्रेटर नोएडा में 91.70 रुपये प्रति किलोग्राम होगी। उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया संकट के बीच आपूर्ति बाधित होने से घरेलू बाजार में पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की खुदरा कीमतों में लगातार वृद्धि की जा रही है। गत 15 मई से अब तक पेट्रोल की कीमत 7.35 रुपये और डीजल की 7.53 रुपये प्रति लीटर बढ़ायी गयी है।

### अमेरिका का...

से ज्यादा बड़ा और कड़ा जवाब देगा। सेना के प्रवक्ता अबोलफजल शेखरची ने कहा कि अगली बार ईरान की कार्रवाई सिर्फ इस क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगी। अगर फिर युद्ध जैसी स्थिति बनी, तो जवाब पहले से ज्यादा बड़ा और हिंसक होगा।

### पिछली सरकारों ...

कहा कि जितना बड़ा दायित्व होगा, उतनी बड़ी चुनौतियां भी होंगी, लेकिन लखनऊ व प्रदेश चुनौतियों का बखूबी सामना कर रहा है। सीएम ने नकारात्मक राजनीति करने और सकारात्मक पहल पर अंगुली उठाने वालों को जवाब देते हुए कहा कि तीन वर्ष में नगर निगम, 9 वर्ष में प्रदेश और 12 वर्ष में पीएम मोदी के नेतृत्व में विकास के कार्यक्रम नए प्रतिमान से बढ़ाए गए। नगर निकाय, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा सरकार ने कुछ नया करके दिखाया है। हमारे शहर 'ईज ऑफ लिविंग' की दृष्टि से स्वच्छ, सुंदर और सुरक्षित हैं। लखनऊ नगर निगम ने गत वर्ष 200 करोड़ से अधिक का बांड जारी किया था, जबकि 2017 के पहले यहां के बांड की कीमत 25 करोड़ भी नहीं थी। सीएम योगी ने कहा कि ऊर्जा संकट वैश्विक बन चुका है। अमेरिका-ईरान युद्ध के कारण सप्लाई लाइन बाधित हुई है। दुनिया के तमाम क्षेत्रों में तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं। जिस अमेरिका के पास अपने ऊर्जा के क्षेत्र हैं, वहां पेट्रोलियम पदार्थ के दाम दोगुने से अधिक हुए हैं। महंगाई चरम पर है, लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत में लगातार इसे नियंत्रित किया गया है। पेट्रोलियम उत्पादों के दाम दुनिया में बढ़ेंगे, सप्लाई चेन बाधित होगी तो उसका असर यहां भी पड़ेगा, लेकिन संकट के समय देश के साथ खड़े होने के बजाय देश को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास अस्वस्थ मानसिकता का पर्याय है। सीएम योगी ने कहा कि गर्मी एकाएक बढ़ने से तमाम थर्मल पावर प्लांट ने अचानक शटडाउन ले लिया। उत्पादन पर असर पड़ा। 2017 तक यूपी में पीक पावर की सप्लाई 15-16 हजार मेगावाट रहती थी, आज यह 32-33 हजार मेगावाट पहुंच गई है। उस समय 6 हजार मेगावाट उत्पादन था, जबकि आज 13 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। रिन्युवल एनर्जी का उत्पादन लगभग 10 हजार मेगावाट तक बढ़ा है, लेकिन हमारी आवश्यकता 33-35 हजार मेगावाट है। एलपीजी संकट को देखते हुए लोग खाना पकाने में इलेक्ट्रिक हीटर का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। देश की समस्या हर किसी की समस्या है। किसी के बहकावे में न आएं। जितनी आवश्यकता है, उतनी ही बिजली खपत करें। सीएम ने कहा कि अफवाह फैलाने वाले देश के हितैषी नहीं हैं। जब ये सत्ता में रहे तो आमजन के हित में कार्य नहीं किया। महिला, किसान, गरीब, युवा के हक पर डकैती डाली। सीएम ने पिछले 9 साल की विकास योजनाओं, लाभार्थियों, सरकारी नौकरियों व रोजगार पाने वाले युवाओं की संख्या गिनाई। उन्होंने कहा कि यह काम सपा, बसपा व कांग्रेस ने क्यों नहीं किया, क्योंकि उनके एजेंडे में सिर्फ परिवार और भाई-भतीजावाद था। हमने सभी के हितों के लिए कार्य किया, इसलिए हम सफल और वे फ़ेल हैं। सीएम ने कहा कि हम अपने नागरिक दायित्वों का निर्वहन करें, चुनौतियों का सामना करें और विपक्ष के नैरेटिव को न मानें। ऊर्जा संकट पर अंगुली वही उठा रहे हैं, जिनके समय में लोग बिजली के तारों पर कपड़ा सुखाते थे। सपा के समय में बिजली नहीं आती थी, अब तो पूरी बिजली दी जा रही है। विभाग कार्य कर रहा है। मैंने भी समीक्षा बैठक ली है। हर नागरिक पावर कॉरपोरेशन के साथ खड़े होकर संकट का सामना करने में सहयोग करे। आलोचना से काम नहीं चलेगा, बल्कि संबल दें। डबल इंजन सरकार हर समस्या का समाधान निकालेगी। सीएम ने कहा कि नगर निगम नागरिकों की समस्याओं के समाधान का प्लेटफॉर्म है। 100 साल बाद नगर निगम का भव्य भवन बन रहा है। मॉडल गोशाला बन रही है, जहां गोसंरक्षण, सीएनजी निर्माण, कंपोस्ट, प्राकृतिक खेती व हर वेस्ट को वेल्थ में बदलने का भी उदाहरण प्रस्तुत होगा। नगर निगम का इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर बेहतर कार्य कर रहा है। यह ट्रैफिक मैनेजमेंट, स्वच्छता, विकास की एक्टिविटी देखने के लिए अच्छा प्लेटफॉर्म है। आने वाले समय में सीएम ग्रिड योजना देश में मॉडल होगी। पहले एक घंटे की बारिश में नगरीय क्षेत्र जल प्लावित हो जाते थे, लेकिन स्टॉर्मवाटर की समस्या के समाधान के लिए नगर निगम व नगर विकास विभाग ने बेहतरीन योजना बनाई है। लखनऊ में 10 हजार लोगों के लिए कन्वेंशन सेंटर की स्वीकृति दी गई है, इसका टेंडर हो गया है। सीएम ने कहा कि बहुत सारे मॉडल खड़े होने जा रहे हैं। इसे सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए जनप्रतिनिधियों व लखनऊवासियों का योगदान मिलना चाहिए। विकास योजनाओं में बैरियर बनने के बजाय सकारात्मक सहयोग से नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे तो भावी पीढ़ी धन्यवाद देगी। नगरीय निकायों में विस्तार-सुविधाएं जितनी अच्छी होंगी, वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी को प्राप्त करने की दिशा में प्रदेश उतनी ही तेजी से बढ़ेगा। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, नगर विकास मंत्री एके शर्मा, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्यसभा सांसद ब्रजलाल, विधायक ओपी श्रीवास्तव, योगेश शुक्ल, विधान परिषद सदस्य लालजी प्रसाद निर्मल, मुकेश शर्मा, भाजपा नेता सुनील भराला आदि उपस्थित रहे।

# बिहार विधान परिषद की 10 सीटों पर 18 जून को चुनाव, नीतीश कुमार वाली सीट पर होगा उपचुनाव

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पटना। बिहार विधान परिषद की खाली हो रही 10 सीटों के लिए 18 जून को चुनाव कराया जाएगा। केंद्रीय चुनाव आयोग ने मंगलवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी। इनमें पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा सदस्य बनने के बाद खाली हुई सीट भी शामिल है, जिस पर उपचुनाव कराया जाएगा। यह सीट विधानसभा कोटे से विधान परिषद के लिए भरी जाएगी और निर्वाचित सदस्य का कार्यकाल 6 मई 2030 तक रहेगा। इसके अलावा बिहार विधान परिषद के नौ सदस्यों का कार्यकाल 28 जून को समाप्त हो रहा है। जिन सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो रहा है उनमें डॉ. कुमुद वर्मा, प्रो. गुलाम गौस, मोहम्मद फारूक, भीष्म सहनी, भगवान सिंह कुशवाहा, संजय प्रकाश, समीर कुमार सिंह, सम्राट चौधरी और सुनील कुमार सिंह शामिल हैं। हालांकि इनमें से सम्राट चौधरी और भगवान सिंह कुशवाहा की सीट पहले से खाली हैं, क्योंकि दोनों विधानसभा चुनाव में विधायक बन चुके हैं। चुनाव आयोग ने नीतीश कुमार की रिक्त सीट पर होने वाले उपचुनाव और अन्य नौ सीटों के नियमित चुनाव के लिए अलग-अलग अधिसूचना जारी की है। आयोग के अनुसार, बिहार के साथ-साथ कर्नाटक विधान परिषद की कुछ सीटों के लिए भी चुनाव कराए जाएंगे।

निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार 1 जून को अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उम्मीदवार 8 जून तक नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। 9 जून को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि 11 जून नाम वापस लेने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। यदि आवश्यक हुआ तो 18 जून को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान कराया जाएगा। इसके बाद उसी दिन शाम 5 बजे से मतगणना शुरू होगी और परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। राजनीतिक दृष्टि से यह चुनाव काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बिहार विधानसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पास 201 विधायकों का समर्थन है। ऐसे में माना जा रहा है कि 10 में से नौ सीटों पर राजग की जीत लगभग तय है, जबकि एक सीट विपक्ष के खाते में जा सकती है। हालांकि राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि राजग सभी 10 सीटों पर उम्मीदवार उतारता है, तो राज्यसभा चुनाव की तरह क्रॉस वोटिंग या राजनीतिक खेल की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

# पंजाब नगर निकाय चुनावों के लिए मतदान में दिखा जबरदस्त उत्साह, 7555 उम्मीदवार मैदान में

कैनविज टाइम्स संवाददाता




चंडीगढ़। पंजाब में 8 नगर निगमों, 75 नगर परिषदों और 20 नगर पंचायतों के लिए आज सुबह 8 बजे से शुरू हुए मतदान में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। राज्य में हो रहे इन स्थानीय निकाय चुनावों को वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों का सेमीफाइनल माना जा रहा है। इन चुनावों में कुल 7555 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। मतदान शाम 5 बजे तक चलेगा, जबकि मतगणना और परिणाम 29 मई को घोषित किए जाएंगे। कुल उम्मीदवारों में से 79 प्रत्याशी पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। चुनाव आयोग के अनुसार इन चुनावों के लिए कुल 35,45,567 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 18,33,712 पुरुष, 17,11,635 महिलाएं और 220 अन्य मतदाता शामिल हैं। राजनीतिक दलों की बात करें तो आम आदमी पार्टी ने सबसे अधिक 1,801 उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। भारतीय जनता पार्टी के 1,316, कांग्रेस के 1,550, शिरोमणि अकाली दल के 1,251 और बहुजन समाज पार्टी के 96 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इसके अलावा 1,528 निर्दलीय और 13 अन्य उम्मीदवार भी मैदान में हैं। मतदान को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पोलिंग स्टेशनों और संवेदनशील क्षेत्रों में भारी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक 740 बूथों को संवेदनशील और 275 को अति संवेदनशील घोषित किया गया है। इन चुनावों के लिए करीब 35,000 कर्मचारी चुनाव ड्यूटी पर लगाए गए हैं, जबकि सुरक्षा व्यवस्था संभालने के लिए 32,000 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए चुनाव आयोग ने सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने स्पष्ट किया है कि जो मतदाता शाम 5 बजे तक मतदान केंद्र परिसर में पहुंच जाएंगे, उन्हें वोट डालने का अवसर दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### केदारनाथ धाम यात्रा पर सोमवार शाम तक 8 लाख 29 हजार से अधिक पहुंचे श्रद्धालु

**देहरादून।** केदारनाथ धाम यात्रा पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सभी संख्या अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। इस वर्ष सोमवार शाम तक 8 लाख 29 हजार 45 से अधिक श्रद्धालु बाबा केदारनाथ के दर्शन कर चुके थे। अभी भी प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं।प्रशासन ने यात्रा को सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। प्रशासन की ओर से पैदल मार्ग से लेकर केदारनाथ धाम तक श्रद्धालुओं के रहने, भोजन, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की बेहतर व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके साथ ही यात्रा मार्ग और धाम में उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर श्रद्धालु प्रशासन की सराहना कर रहे हैं। इंदौर से बाबा केदारनाथ के दर्शनके लिए आये गजेंद्र ठाकुर ने अपने यात्रा के बारे में बताते हुए कहा कि वे पैदल ही मंदिर पहुंचे इस दौरान उन्होंने प्रशासन द्वारा प्रदान की गई व्यवस्थाओं का उपयोग किया। बताया कि पूरे रास्ते भर में उन्हें पेयजल व्यवस्था दुरुस्त मिली, शौचालय भी साफ सुथरे थे। कहा कि उन्हें धाम में रहने खाने पीने की सभी सुविधाएं अच्छी लगी । शामली उत्तर प्रदेश से आये सजीव कुमार ने बताया कि धाम में जिस प्रकार की भीड़ है, उसे प्रसासन द्वारा अच्छे से मैनेज किया गया है। साथ में इतने श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाएं करना आसान नहीं होता, उन्होंने प्रशासन की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी ओर से धाम में उच्च स्तर की व्यवस्थाएं की गई हैं। वहीं मुंबई से आए हुए श्रद्धालु हर्षित ने कहा कि धाम में उन्हें सारी व्यवस्था अच्छी लगी है, उन्होंने कहा कि यहां प्रशासन की टीमें हर समय श्रद्धालुओं की मदद के लिए तत्पर रहती है, उन्होंने सभी कर्मचारियों के व्यवहार की तारीफ भी की।

### 'अपनापन-नरेंद्र मोदी संग मेरे अनुभव' के लोकार्पण में शामिल हुए धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में आयोजित केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की सद्यः प्रकाशित पुस्तक 'अपनापन-नरेंद्र मोदी संग मेरे अनुभव' के लोकार्पण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। यह गरिमामयी समारोह भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू व पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। 'अपनापन' एक प्रेरणादायी कृति है, जिसमें शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ विभिन्न भूमिकाओं में प्राप्त अनुभवों का सजीव वर्णन किया है। पुस्तक में नेतृत्व, सेवा, सुशासन व राष्ट्र-निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण विचारों को सरल व प्रभावी रूप में प्रस्तुत किया गया है। मुख्यमंत्री ने पुस्तक के प्रकाशन पर शिवराज सिंह चौहान को शुभकामनाएं दीं तथा इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री, भारत सरकार के अनेक मंत्री, विधायक, सांसद, समाजसेवी, लेखक-पत्रकार आदि मौजूद रहे।

### हरिद्वार बाघ शिकार मामले में बड़ा एक्शन, रेंजर विनय राठी निलंबित

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार वन प्रभाग में सामने आए दो बाघों के शिकार मामले ने पूरे प्रदेश में सनसनी फैला दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए श्यामपुर रेंज के वन क्षेत्राधिकारी (रेंजर) विनय कुमार राठी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद वन विभाग में हड़कंप मचा हुआ है और विभागीय कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठने लगे हैं। प्रमुख वन संरक्षक उत्तराखंड की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि हरिद्वार वन प्रभाग में दो बाघों के शिकार प्रकरण में प्रथम दृष्टया लापरवाही पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई है। मुख्य वन संरक्षक गढ़वाल की संस्तुति के बाद उत्तरांचल सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली 2003 के तहत रेंजर विनय राठी को निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान उन्हें हरिद्वार वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय से संबद्ध रखा गया है। जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले श्यामपुर रेंज के सजनपुर बीट क्षेत्र में दो बाघों के शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया था। शुरुआती जांच में मामला प्राकृतिक मौत का नहीं बल्कि शिकार का निकला। जांच में सामने आया कि शिकारियों ने बाघों को मारने के लिए जहरीले पदार्थ का इस्तेमाल किया था। मामले ने तब और गंभीर रूप ले लिया जब जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि मृत बाघों के पंजे भी काटकर ले जाए गए थे। इससे संकेत मिले कि शिकार किसी संगठित वन्यजीव तस्करी गिरोह द्वारा किया गया हो सकता है। हालांकि अब तक वन विभाग बाघों के पंजे बरामद नहीं कर पाया है। वन विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अब तक चार आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। एक आरोपित को पहले ही जेल भेजा गया था, जबकि बाद में तीन अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया। माना जा रहा है कि इस गिरोह में और भी लोग शामिल हो सकते हैं, जिनकी तलाश जारी है।

### मंडल अधिकारी साप्ताहिक रोस्टर तैयार करे: आयुक्त

**पौड़ी गढ़वाल।** पौड़ी में आयुक्त गढ़वाल मंडल आनंद स्वरूप ने ने अधिकारियों को योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन, जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण और विभागों के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मंडल स्तरीय अधिकारियों को साप्ताहिक रोस्टर तैयार कर आमजन के लिए उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। आयुक्त गढ़वाल मंडल आनंद स्वरूप की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार, पौड़ी में प्रशासनिक समन्वय एवं विभागीय कार्यों के प्रभावी संचालन को लेकर विचार-विमर्श बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंडल एवं जनपद स्तर के अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली, विकास योजनाओं की प्रगति, जनहित से जुड़े मुद्दों तथा विभागीय समन्वय व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में आयुक्त ने उपस्थित अधिकारियों से परिचय प्राप्त करते हुए विभागवार संचालित योजनाओं, कार्यों एवं वर्तमान व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बैठक के दौरान अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित प्रमुख योजनाओं, विकास कार्यों, उपलब्धियों तथा चुनौतियों के संबंध में आयुक्त को विस्तार से अवगत कराया। इस दौरान विकास योजनाओं की प्रगति, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, कानून व्यवस्था, वन संरक्षण, सड़क एवं पेयजल व्यवस्थाओं, आपदा प्रबंधन तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। आयुक्त ने कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था को मजबूत और जनोन्मुख बनाने के लिए सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय, पारदर्शिता और जवाबदेही अत्यंत आवश्यक है।

# पटना में मानसून की तैयारियों को लेकर सांसद रविशंकर प्रसाद ने नगर विकास मंत्री से की चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने आगामी मानसून को देखते हुए बिहार के नव नियुक्त नगर विकास मंत्री नीतीश मिश्रा से मंगलवार को विस्तार से बातचीत की। उन्होंने राजधानी पटना में जलजमाव और जल निकासी की समस्याओं को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए मंत्री से व्यक्तिगत निगरानी में सघन कार्रवाई कराने का आग्रह किया। रविशंकर प्रसाद ने विशेष रूप से कहा कि पटना के सभी इलाकों, खासकर घनी आबादी वाले आवासीय क्षेत्रों में मेन हॉल की सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कंकड़बाग, कदमकुंआ, राजेंद्र नगर, श्रीकृष्णापुरी, श्रीकृष्णा नगर, पोस्टल पार्क, मीठापुर, राजवंशी नगर और पाटलिपुत्र कॉलोनी जैसे इलाकों का उल्लेख करते हुए कहा कि बरसात के दौरान इन क्षेत्रों में जलजमाव की समस्या गंभीर रूप ले लेती है। सांसद ने सुझाव दिया कि जिन मेन हॉल की पूरी तरह सफाई हो चुकी है, उनका अलग से डाटा तैयार किया जाए और जिनकी सफाई बाकी है, उसके लिए संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। उन्होंने कहा कि समय रहते प्रभावी निगरानी और जवाबदेही तय करने से जल निकासी व्यवस्था बेहतर होगी। इसके अलावा रविशंकर प्रसाद ने पटना शहर में मौजूद सभी पंप और संप हाउस की वर्तमान ऑपरेटिंग स्थिति की समीक्षा करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि पंपों के रखरखाव, पर्याप्त मैनपावर, ईंधन की उपलब्धता और तकनीकी कार्यक्षमता सुनिश्चित करना बेहद जरूरी है, ताकि बारिश के दौरान पानी की निकासी में किसी प्रकार की बाधा न आए। सांसद ने शहर के छोटे-बड़े नालों की गाद सफाई पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि यदि बरसात से पहले नालों की उड़ाही और सफाई पूरी कर ली जाए तो पानी का बहाव तेज होगा और



जलजमाव की समस्या काफी हद तक कम हो जाएगी। सांसद ने विशेष रूप से बादशाही पईन, सैदपुर-रामपुर नाला, राजीव नगर नाला, बाबा चौक और बाकरगंज जैसे बड़े नालों की प्राथमिकता के आधार पर सफाई कराने का आग्रह किया। उनका कहना था कि इन बड़े ड्रेनेज चैनलों की समय पर सफाई नहीं होने से पूरे शहर की जल निकासी व्यवस्था प्रभावित होती है। रविशंकर प्रसाद ने मंत्री को यह भी बताया कि यदि इन छोटी लेकिन महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की समय पर निगरानी की जाए तो बरसात में पानी जमा होने की स्थिति में भी उसका तेजी से निकास संभव हो सकेगा। इस पर मंत्री नीतीश मिश्रा ने भरोसा दिलाया कि वे स्वयं इन सभी व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। सांसद ने बुडको द्वारा शहर में विभिन्न परियोजनाओं के तहत की जा रही सड़क कटिंग का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि नमामि गंगा योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की जाए और जहां-जहां सड़क काटी गई है, वहां तत्काल मरम्मत कराई जाए। अन्यथा मानसून के दौरान ये सड़कें दुर्घटना संभावित क्षेत्र बन सकती हैं। उन्होंने कहा कि आगामी बरसात से पहले इन समस्याओं का समाधान करना बेहद जरूरी है, ताकि पटना के लोगों को हर वर्ष होने वाली जलजमाव और खराब सड़कों की परेशानी से राहत मिल सके। मंत्री नीतीश मिश्रा ने सभी मुद्दों पर गंभीरता से ध्यान देने और आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

## कोसी तटबंध के भीतर अवैध बालू खनन पर कार्रवाई, जेसीबी जब्त कर 10 लाख का जुर्माना

सुपौल। जिले के किशनपुर प्रखंड में कोसी तटबंध के अंदर जारी अवैध बालू खनन के खिलाफ खनन विभाग ने सख्त कदम उठाया है। नौआबाखर गांव में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान एक जेसीबी मशीन जब्त की गई, जबकि कई ट्रैक्टर मौके से फरार हो गए। खनन निरीक्षक मो. सहबाज अहमद के नेतृत्व में हुई इस छापेमारी में टीम ने देखा कि तटबंध के भीतर बड़े पैमाने पर बालू निकासी की जा रही थी। कार्रवाई के दौरान अवैध खनन में इस्तेमाल हो रही जेसीबी मशीन को कब्जे में लेकर स्थानीय थाना को सौंप दिया गया। विभाग के अनुसार जब्त जेसीबी का रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 01 जीसी 2249 है। अवैध खनन में संलिप्त पाए जाने पर वाहन मालिक पर खनन अधिनियम के तहत 10 लाख रुपये का आर्थिक दंड लगाया गया है। जुर्माने की राशि जमा होने के बाद ही वाहन को रिलीज किया जाएगा।

# चंडीगढ़ में फिल्म 'धुरंधर' के प्रोडक्शन डिजाइनर पर रेप का केस दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। फिल्म 'धुरंधर' के प्रोडक्शन डिजाइनर सैनी एस. जोहर के खिलाफ चंडीगढ़ के सेक्टर-17 थाना में एक युवती के साथ रेप का मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि एक फाइव स्टार होटल में बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया और मारपीट करने के साथ गलत तरीके से बंधक बनाकर रखा गया। युवती का आरोप है कि उसकी ड्रिंक में संदिग्ध नशीला पदार्थ मिलाया गया था, जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। पुलिस ने जांच के बाद 21 अप्रैल को एफआईआर दर्ज की थी। हाई प्रोफाइल मामला होने के चलते पुलिस ने लंबे समय तक इस केस को सार्वजनिक नहीं होने दिया। हालांकि मामले



का खुलासा सोमवार देर शाम को हुआ। एफआईआर दर्ज होने के बाद सेक्टर-17 थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार भी किया था, लेकिन बाद में उसे जिला अदालत से जमानत मिल गई। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार शिकायतकर्ता युवती चंडीगढ़ के खुड्डा लाहौरा क्षेत्र की रहने वाली है और फिलहाल चंडीगढ़ में रह रही है, जबकि उसका स्थायी पता नई दिल्ली का बताया गया है। शिकायत में युवती ने बताया कि वर्ष 2025 में वह चंडीगढ़ के सेक्टर-10 स्थित गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ आर्ट में पढ़ाई कर रही थी। इसी दौरान एक शिक्षक के माध्यम से उसका बायोडाटा फिल्म 'धुरंधर' की टीम तक पहुंचा। इसके बाद 2 सितंबर, 2025 को उसे फिल्म प्रोजेक्ट में असिस्टेंट आर्ट डायरेक्टर के तौर पर शामिल किया गया। पीड़िता के अनुसार प्रोजेक्ट पर काम शुरू होने के 4-5 दिन बाद प्रोडक्शन डिजाइनर ने काम की चर्चा के बहाने उसे सेक्टर-17 स्थित एक होटल के कमरे में बुलाया। शिकायत में युवती ने कहा कि 10 सितंबर, 2025 की रात करीब साढ़े 8 बजे वह होटल पहुंची। शुरुआत में उसे लगा कि वहां टीम मीटिंग होगी, लेकिन होटल पहुंचने पर वहां कोई अन्य सदस्य मौजूद नहीं था।

# मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने किया बारापुला फ्लाईओवर फ़ेज- 3 का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने आज बारापुला फ्लाईओवर फ़ेज 3 एलिवेटेड कॉरिडोर का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के बाद यहां मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि 30 जून तक काम पूरा हो जाएगा। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि पहली बार देश में किसी फ्लाईओवर पर अलग से साइकिल लेन बनाई गई है।

उन्होंने कहा कि 'जब दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार सत्ता में आई, 20 फरवरी 2025 को शपथ लेने के बाद तुरंत इस रुके हुए फ्लाईओवर का काम शुरू कराया गया। उन्होंने कहा कि बारापुला फ्लाईओवर 2017 में पूरा होना था, लेकिन अब इसमें लगभग नौ साल की देरी हो चुकी है। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि पिछली किसी भी सरकार ने बारापुला फ्लाईओवर को पूरा करने में गंभीरता नहीं दिखाई। यहां तक कि मंजूरी (एनओसी) प्राप्त करने में भी ठीक से सहयोग नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने फ्लाईओवर का काम पूरा करने के लिए पूरी सहयोग दिया। इसके शुरू होने से पूर्वी दिल्ली के मयूर विहार से दक्षिणी दिल्ली के एम्स तक सीधी और सिग्नल-मुक्त कनेक्टिविटी प्रदान हो जाएगी। इसके शुरू होते ही पूर्वी और दक्षिणी दिल्ली के बीच रोजाना यात्रा करने वाले लाखों लोगों को राहत मिलेगी। इससे सराय काले खा, रिंग रोड, डीएनडी फ्लाईओवर और एनएच-24 के आसपास ट्रैफिक जाम में भी कमी आएगी।

# 394 वनाग्नि घटनाओं से 331 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित 14 वें स्थान पर उत्तराखंड : सुबोध उनियाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि राज्य सरकार वनाग्नि रोकने के लिए नई रणनीतियों पर लगातार काम कर रही है। इसके तहत नियमित मैनपावर बढ़ाने के साथ व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाए गए हैं। इस वर्ष अब तक 394 वनाग्नि घटनाएं दर्ज की गई हैं, जिनसे 331.12 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित वनाग्नि नियंत्रण के लिए किए जा रहे नवाचारों और जनसहभागिता आधारित प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। वन मंत्री सुबोध उनियाल मंगलवार को यहां वन मुख्यालय के मंथन सभागार में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में वनाग्नि की घटनाएं मुख्य रूप से छह जनपदों, अल्मोड़ा, पौड़ी, टिहरी, उत्तरकाशी, नैनीताल और पिथौरागढ़ में होती हैं। बावजूद राज्य देश में आगजनी




की घटनाओं के मामले में 14वें स्थान पर है। मंत्री ने बताया कि विगत दस वर्षों में राज्य में वनाग्नि की घटनाएं 14638 और वन प्रभावित क्षेत्र 23682.77 हेक्टेयर,मानव मृत्यु 35 व मान्य घायल 76 रही। वर्ष 2026 में 394 वनाग्नि घटनाएं से 331.12 हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित हुई और 01 मानव क्षति हुई। सुबोध उनियाल ने मीडिया और आमजन से वनाग्नि को लेकर सनसनीखेज खबरों से बचने की अपील करते हुए कहा कि वीडियो बनाने के बजाय आग बुझाने में सहयोग करना अधिक आवश्यक है। सरकार का लक्ष्य रिस्पांस टाइम कम कर जनसहभागिता के माध्यम से वनाग्नि पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि शीतलाखेत मॉडल के आधार पर जड़धार मॉडल विकसित किया है। साथ ही वन पंचायतों, ग्राम स्तरीय समितियों और फायर वॉचरों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

## अभिनेता योगराज को चंडीगढ़ जिला अदालत से झटका, अग्रिम जमानत याचिका खारिज

चंडीगढ़। पंजाब से जुड़े एक्टर और पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह को चंडीगढ़ जिला अदालत से बड़ा झटका लगा है। महिलाओं पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में दायर उनकी अग्रिम जमानत याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। अदालत के इस फैसले के बाद अब योगराज सिंह ने मामले में राहत के लिए पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट में रिट याचिका दायर करने की तैयारी शुरू कर दी है। मामला सोशल मीडिया और सार्वजनिक बयानों में कथित तौर पर महिलाओं पर की गई टिप्पणी से जुड़ा है, जिसके बाद उनके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी। पुलिस ने मामले में प्रारंभिक जांच के बाद कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ाई थी और इसी दौरान अग्रिम जमानत की अर्जी लगाई गई थी। कोर्ट के फैसले के बाद अब पूरा मामला उच्च न्यायालय में जाने की संभावना है, जहां योगराज सिंह की ओर से राहत की मांग की जाएगी। फिलहाल पुलिस जांच जारी है और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कोर्ट के आगामी फैसलों पर निर्भर करेगी।

ईद-उल-अजहा की आप सभी को दिली मुबारकबाद।
त्योहार खुशियों का है, जल्दबाजी का नहीं।
हेलमेट पहनें, सीट बेल्ट लगाएं, ट्रैफिक नियम अपनाएं
क्योंकि आपकी सुरक्षा, आपके परिवार की खुशी है।
देवेश शाही
टीआई काकोरी


चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063